राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 27 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 173, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नवरात्रि में मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का शिकंजा...03

शासकीय कुषाभाउ ठाकरे जिला अस्पताल बना लूट का अड्डा....12

# दिल्ली रेस क्लब को हाई कोर्ट से मिली बड़ी राहत, 9 अप्रैल तक बेदखली पर रोक

- दिल्ली रेस क्लब को नौ अप्रैल तक बेदखल करने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने लगाई रोक
- कानूनी तौर पर खाली कराने का आश्वासन देने पर पोलो ग्राउंड की याचिका का किया निपटारा
- रेस क्लब को खाली करने के संबंध में एलएंडडीओ ने जारी किया था नोटिस




**नई दिल्ली।** करीब 100 वर्ष पहले शुरू हुए दिल्ली रेस क्लब को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने नौ अप्रैल तक इसे खाली करने पर रोक लगा दी है। दिल्ली रेस क्लब की याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि अदालत के समक्ष पेश किये तथ्यों और दलीलों के आधार पर प्रथम दृष्टया रेस क्लब के पक्ष में मामला बनता है और अगर मामले में अंतरिम राहत नहीं दी जाती है, तो वादी को अपूरणीय क्षति होगी।

ऐसे मामले में नौ अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई तक केंद्र सरकार सहित अन्य को दिल्ली रेस क्लब के नाम से जाने जाने वाले परिसर से बेदखल करने से रोका जाता है। पीठ ने रिकॉर्ड किया कि रेस क्लब 53.242 एकड़ भूमि में फैला है और इसमें कार्यालय, अस्तबल, रेस ट्रैक और अन्य ऊपरी ढांचा आदि शामिल हैं।

**15 दिन के भीतर दोनों क्लब को खाली करने का दिया था आदेश**

दिल्ली रेस क्लब की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सुहैल दत्त और अधिवक्ता संकल्प गोस्वामी ने कोर्ट को बताया कि केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के लैंड एंड डेवलपमेंट (एलएंडडीओ) ने नोटिस में खा की दिल्ली रेस क्लब ने अवैध अतिक्रमण किया है, जबकि 2038 तक का उनके पास वैध कब्जा है।

सुहैल दत्त ने खा कि रेस क्लब के पक्ष में एक मौजूदा लीज है और इसके लिए वादी द्वारा वर्तमान में वार्षिक भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने 11 अप्रैल, 2025 के पत्र को पेश करते हुए खा कि इसमें एलएंडडीओ द्वारा प्रश्नगत भूमि के लिए एक अप्रैल, 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए पट्टे का किराया भुगतान किए जाने का उल्लेख है। उक्त तथ्यों को देखते हुए कोर्ट ने केंद्र सरकार और एलएंडडीओ को नोटिस जारी कर ये बताने को कहा कि क्या वे रेस क्लब को गैरकानूनी तरीके से बेदखल करेंगें या फिर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यवाही करेंगे। एलएंडडीओ ने 12 मार्च के नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर इस दोनों क्लब को खाली करने का आदेश दिया था। नोटिस के बाद रेस क्लब और केंद्रीय शहरी विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक भी हुई थी, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

**सरकार को अपनाना होगा कानूनी तरीकाः कोर्ट**

वहीं, दूसरी तरफ जयपुर पोलो ग्राउंड को लेकर इंडियन पोलो एसोसिएशन की तरफ से दायर याचिका का कोर्ट ने तब निपटारा कर दिया, जब केंद्र सरकार की तरफ से बताया गया कि सरकार पोलो क्लब को गैरकानूनी तरीके से खाली नहीं कराएगा और सभी कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद ही खाली कराया जायेगा।

कोर्ट ने रिकार्ड पर लिया कि सरकार पोलो ग्राउंड कि भूमि पर कब्जा लेने के लिए बेदखली और कब्जे की वसूली के लिए उचित कानूनी कार्यवाही शुरू करेंगे। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि वह 12 मार्च, 2026 की बेदखली सूचना के आधार पर याचिकाकर्ता पोलो ग्राऊंड को बेदखल न करे। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए स्पष्ट किया कि यदि सरकार भूमि को पुनः प्राप्त करना चाहती है, तो सरकार कानून के अनुसार उचित कार्यवाही शुरू करेगी और विधिवत प्रक्रिया का पालन करेगी।

## दिल्ली HC का बड़ा फैसलाः गिरफ्तारी के कारण न बताने पर पोक्सो आरोपी को जमानत, कहा-कारण न देने से पूरी प्रक्रिया अवैध

- गिरफ्तारी के कारण न बताने पर पोक्सो आरोपी को जमानत मिली।
- गिरफ्तारी के कारण जानना मौलिक अधिकार, उल्लंघन अवैध।
- पुलिस पर प्रक्रिया पालन का दायित्व, देरी से कारण बताए।




**नई दिल्ली।** पोक्सो मामले में आरोपित को जमानत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी न देना आरोपित की गिरफ्तारी और बाद की रिमांड प्रक्रिया को अवैध कर देता है।

अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी पाने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 और 22(1) से उत्पन्न एक मौलिक अधिकार है और इस सुरक्षा का कोई भी उल्लंघन गिरफ्तारी को अवैध बना देता है। अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 22(1) यह आदेश देता है कि गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपित को गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वह कानूनी सहायता प्राप्त करने के साथ ही पुलिस रिमांड का विरोध करते हुए जमानत की मांग कर सके।

**कई प्रविधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की**

जमानत की मांग करते हुए आरोपित ने तर्क दिया था कि उसे न तो गिरफ्तारी के समय और न ही बाद में गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी दी गई और यह उसके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों का उल्लंघन है।

आरोपित के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पाक्सो) और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के कई प्रविधानों के तहत प्राथमिकी की गई थी।

याचिकाकर्ता पर आरोप है कि नाबालिग का शोषण करने वाले सह-आरोपित को रहने के लिए उसने जगह उपलब्ध कराई थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि उसे गिरफ्तारी के समय न तो गिरफ्तारी के कारणों के बारे में बताया गया और न ही उसके बाद उसे वे कारण उपलब्ध कराए गए। उसने तर्क दिया कि इस तरह की प्रक्रिया का पालन न होने से पूरी प्रक्रिया ही दोषपूर्ण हुई और वह जमानत पर रिहा होने का हकदार है।

**निष्प्रभावी हो जाती है गिरफ्तारी प्रक्रिया**

वहीं, जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपित पर आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और गिरफ्तारी के कारणों का लिखित रूप में न होना अपने आप में गिरफ्तारी को अवैध नहीं बना देता।

हालांकि, हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि जब गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा इस तरह का कोई आरोप या दलील उठाई जाती है, तो यह साबित करने का दायित्व जांच अधिकारी या जांच एजेंसी पर आ जाता है कि उन्होंने प्रक्रिया का उचित पालन किया है या नहीं। पीठ ने कहा कि दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए सहायक लोक अभियोजक ने यह बात स्पष्ट रूप से स्वीकार की है कि आवेदक को गिरफ्तारी के समय या उसके बाद गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए थे, बल्कि वे बहुत देरी से उपलब्ध कराए गए थे। इसके कारण गिरफ्तारी की पूरी प्रक्रिया ही निष्प्रभावी हो जाती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इंदौर में साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के संपादकों का राष्ट्रीय विमर्श, जोधपुर से जसराज बिश्नोई होंगे शामिल




साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में 30 और 31 मार्च को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के संपादकों का दो दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से कई संपादक भाग लेंगे। आज के समय में साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं और ई-पत्रिकाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस विमर्श का आयोजन किया जा रहा है, जहां संपादक आपस में चर्चा करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। राजस्थान से दैनिक निर्माण के संपादक जसराज बिश्नोई भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ देश के अन्य कई पत्र-पत्रिकाओं के संपादक भी इंदौर पहुंचेंगे। आयोजकों ने प्रतिभागियों से अपने प्रकाशनों की प्रतियां साथ लाने को कहा है, ताकि कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी भी लगाई जा सके। बाहर से आने वाले संपादकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। यह दो दिवसीय विमर्श संपादकों के बीच विचार-विमर्श और सहयोग का अच्छा अवसर प्रदान करेगा।

### दिल्ली के शराब विक्रेताओं को स्टॉक की वैधता बढ़ाने के निर्देश; नए वित्त वर्ष से पहले ब्रांड पंजीकरण कराना भी अनिवार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष से पहले शराब थोक विक्रेताओं के लिए नए ब्रांड पंजीकरण और स्टॉक कीपिंग यूनिट (एससीयू) के पुनर्वैधीकरण को अनिवार्य कर दिया है। एल-आइ लाइसेंसधारियों (थोक विक्रेताओं) को जारी एक परिपत्र में आबकारी विभाग ने कहा है कि सभी मौजूदा स्टाक कीपिंग यूनिट (एससीयू) 31 मार्च की मध्यरात्रि को स्वतः समाप्त हो जाएंगी। कोई भी लाइसेंसधारी पुरानी एसकेयू का उपयोग करके व्यापार नहीं कर सकेगा जब तक कि वैधता नहीं बढ़ाई जाती। विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, एल-1 लाइसेंस धारियों को ई-आबकारी पोर्टल पर ब्रांड पंजीकरण पूरा करना होगा, जिससे पुरानी एसकेयू की वैधता स्वतः बढ़ जाएगी। हालांकि विभाग का कहना है कि आयात परमिट (आईपी) प्राप्त करना और बारकोड जनरेशन जैसी प्रमुख प्रक्रियाएं पुरानी एसकेयू के लिए अनुमति नहीं होंगी। ये गतिविधियां केवल नए पंजीकृत उत्पादों के लिए नई एसकेयू आईडी के साथ ही अनुमति होंगी।

## दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में न्यूरो सर्जरी कोर्स पर संकट, फैकल्टी की कमी से पढ़ाई प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पताल लोकनायक में न्यूरो सर्जरी विभाग में करीब एक वर्ष से महत्वपूर्ण फैकल्टी पद खाली रहने का सीधा असर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था के साथ पढ़ाई पर भी पड़ा है। इस कारण सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम एमसीएच न्यूरो सर्जरी व डीएम न्यूरो एनेस्थीसिया के संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। लोकनायक अस्पताल, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से संबद्ध है और विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने में इसकी अहम भूमिका रही है। पर, वर्तमान स्थिति में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कुछ छात्रों को गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल में स्थानांतरित किया है। साथ ही न्यूरो एनेस्थीसिया में पर्याप्त फैकल्टी होने का दावा किया जा रहा है।

**देश में न्यूरो सर्जनों की भारी कमी**

विशेषज्ञों के अनुसार देश में न्यूरो सर्जनों की पहले से ही भारी कमी है। करीब 3700 न्यूरो सर्जन ही देश में उपलब्ध हैं। ऐसे में प्रशिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने से भविष्य में मरीजों के उपचार पर भी इसका असर पड़ सकता है। एमसीआई के मानकों के तहत सुपर स्पेशियलिटी कोर्स के लिए न्यूनतम फैकल्टी और बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य हैं। यदि समय रहते स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ सकता है। प्रशासन का कहना है कि समस्या अस्थायी है और जल्द ही पद भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। साथ ही, दोनों कोर्स जारी रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. मुनीषा अग्रवाल ने जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि यह लोकनायक अस्पताल का मामला है, वह मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज की डीन हैं।




## फर्जी वेबसाइट बनाकर यूपी बोर्ड छात्रों से ठगी करने वाले 2 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (PMSP) की आधिकारिक वेबसाइट की नकल कर छात्रों और अभिभावकों से ठगी करने वाले दो शातिर साइबआअअर अपराधियों को प्रयागराज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा की गई, जो कमिश्नरेट पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में संचालित की गई। आरोपियों ने यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.upmsp.edu.in से मिलती-जुलती एक फर्जी वेबसाइट www.upmsp- edu.in तैयार की थी। इस नकली वेबसाइट के माध्यम से वे छात्रों और अभिभावकों को भ्रमित कर परीक्षा, परिणाम या अन्य सेवाओं के नाम पर अवैध भुगतान करवाकर ठगी कर रहे थे।

**गिरफ्तारी कैसे हुई?**

साइबर क्राइम थाना प्रयागराज में दर्ज मुकदमा संख्या 46/2025 के तहत पुलिस लगातार इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), पुलिस उपायुक्त गंगानगर/नोडल साइबर क्राइम एवं अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में 25 मार्च 2026 को साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया– शशि प्रकाश राय उर्फ राजन शर्मा (निवासीः ग्राम सोहौली, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़) मनीष कुमार राय (निवासीः ग्राम ठेकमा, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़)

**किन धाराओं में दर्ज हुआ मामला?**

दोनों अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं– 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 112 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(D), 74, 84(C) के अंतर्गत मामला दर्ज है। आरोपी छात्रों को वेबसाइट के जरिए फर्जी सेवाएं दिखाकर भुगतान के लिए प्रेरित करते थे। वेबसाइट का डिजाइन और नाम बिल्कुल असली वेबसाइट जैसा रखा गया था, जिससे लोग आसानी से भ्रमित हो जाते थे। प्रयागराज पुलिस ने आम जनता, विशेषकर छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी ऑनलाइन सेवा का उपयोग करते समय केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें और किसी भी संदिग्ध लिंक या वेबसाइट पर भुगतान न करें।

### बिना मास्टर पढ़ रहे बच्चे, आठ प्रिंसिपल समेत 89 कर्मी स्कूल से गायब, अलीगढ़ में सभी को नोटिस जारी

**अलीगढ़।** प्रदेश में योगी सरकार सरकारी शिक्षा का हाल सुधारने को मशक्कत कर रही है। बायोमैट्रिक की अनिवार्यता के बाद अब टीईटी लागू करने की तैयारी है। वहीं हाल अब भी बदहाल है। चौंकाने वाली बात ये है कि अलीगढ़ जैसे बड़े जिले में खुद बीएसए को निरीक्षण के दौरान 89 शिक्षाकर्मी बिना सूचना के गायब मिले हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर एक फरवरी से 23 मार्च तक हुए औचक निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से लेकर चपरासी तक बिना सूचना गायब मिले। बीएसए डा. राकेश कुमार सिंह ने ऐसे 89 शिक्षकों व अन्य कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें तीन दिन के अंदर संतोषजनक स्पष्टीकरण न देने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उक्त निरीक्षण जिला व ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक व अन्य अधिकारियों ने किए थे। गायब कर्मियों में आठ प्रधानाध्यापक भी सम्मिलित हैं। ऐसे में स्कूल चलो अभियान जैसे बड़े कार्यक्रमों को तो पलीता लग ही रहा है। साथ ही बच्चों की शिक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## रहीमाबाद -खेलकूद की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी व बकरी चोरी का आरोप

- .....खेलकूद की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, शिकायत करने पर पीड़ित को मिली जान से मारने की धमकी, झूठे मुकदमे में फंसाने का भी आरोप !

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ जनपद के रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोगलामऊ में सार्वजनिक उपयोग की खेलकूद भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण कार्य का गंभीर मामला सामने आया है। इस पूरे प्रकरण ने स्थानीय स्तर पर तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। गांव के निवासी शिव कुमार पुत्र स्वर्गीय छत्रपाल ने इस संबंध में थाना रहीमाबाद में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित शिव कुमार का आरोप है कि गांव की खेलकूद के लिए निर्धारित भूमि, जो कि ग्रामीणों के सामूहिक उपयोग के लिए आरक्षित है, उस पर कुछ दबंग किस्म के लोग जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य करवा रहे हैं। आरोपियों में मुन्नीलाल पुत्र केमल, प्रकाश पुत्र केमल, गया प्रसाद पुत्र केमल तथा कमलेश पुत्र रामविलास के नाम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उक्त लोग बिना किसी वैध अनुमति के भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिससे गांव के बच्चों और युवाओं के लिए उपलब्ध खेलकूद की जगह समाप्त होती जा रही है।




शिव कुमार के अनुसार, जब उन्होंने इस अवैध निर्माण कार्य का विरोध किया और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दी, तो आरोपी पक्ष भड़क गया। आरोप है कि आरोपियों ने न केवल उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि खुलेआम गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना से पीड़ित और उसका परिवार भयभीत है।

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने तत्काल थाना रहीमाबाद पहुंचकर लिखित तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लेकिन मामला यहीं नहीं थमा। शिव कुमार का कहना है कि शिकायत करने से नाराज होकर विपक्षी पक्ष ने उनके खिलाफ साजिश रचनी शुरू कर दी।

आरोप है कि विपक्षियों ने रंजिश के चलते शिव कुमार तथा एक अन्य ग्रामीण चंद्रपाल उर्फ बाराती पुत्र रामकुमार के खिलाफ झूठा आरोप लगाते हुए बकरी चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई।

पीड़ित का कहना है कि यह पूरी तरह से मनगढ़ंत और बेबुनियाद आरोप है, जिसका उद्देश्य केवल उन्हें परेशान करना और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाना है, ताकि वे अवैध निर्माण कार्य के खिलाफ आवाज न उठा सकें। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो गांव में विवाद और बढ़ सकता है। वहीं, पीड़ित शिव कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सके।

इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और पीड़ित को न्याय कब तक मिल पाता है।

### 28 मार्च को अर्थ आवरः रात 8:30 बजे से 1 घंटे तक बंद रखें लाइट्स, दिल्ली ने पिछले साल बचाई 260 मेगावाट बिजली

**नई दिल्ली।** अर्थ आवर के अवसर पर 28 मार्च शनिवार रात को 8:30 से 9:30 बजे के बीच लोग स्वेच्छा से अपने घरों व कार्यस्थलों की गैरजरूरी लाइट्स व बिजली उपकरणों को बंद रखकर पृथ्वी को बचाने का संदेश देंगे। दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियां इसे लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक कर रही है। पिछले वर्ष अर्थ आवर पर दिल्ली के लोगों ने 260 मेगावाट से अधिक बिजली बचत की थी। जलवायु परिवर्तन ने धरती के लिए संकट को बढ़ा दिया है। अचानक से बदलने वाला मौसम, अप्रत्याशित तापमान आदि इसी संकट की ओर इशारा करते हैं। ऐसे में पर्यावरण जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि अर्थ आवर के माध्यम से बताने का प्रयास है कि लोग अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पृथ्वी को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वर्ल्ड वाइड फंड फार नेचर/ वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (डब्लूडब्लूएफ) का अर्थ आवर वार्षिक कार्यक्रम है। वर्ष 2007 में पहली बार आस्ट्रेलिया के शहर सिडनी में लोगों ने बिजली के उपकरण बंद रखकर इसकी शुरुआत की थी। इसके माध्यम से लोगों से अपील की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, अपने घरों और कार्यस्थलों पर गैरजरूरी लाइट और बिजली से चलने वाले उपकरणों को बंद रखें।

## मूलभूत सुविधाओं से दूर हैं फूलवरिया के ग्रामीण





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र उसका बाजार के ग्राम पंचायत फूलवरिया में सड़क, बिजली,पानी आदि मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यस्था न होने से ग्रामीण परेशान है। गांव में अधिकांश सड़क तो बनी है लेकिन अन्य सड़के खराब है। गांव के पूरब सिवान में बनी पानी की टंकी के तरफ से आने वाली सड़क खराब है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। सड़क के किनारे गंदगी की भरमार है। यहां प्रकाश व्यवस्था, संपर्क मार्ग, जल निकासी आदि समस्या गंभीर बनी हुई है। पेयजल के लिए पानी की टंकी बनी जिससे ग्रामीणों के घरों तक जल आपूर्ति हो रही है लेकिन वाटर फ्लो होने से लोगो को दिक्कत होती है। जल निकासी के लिए नाली का अभाव है। जो नाली बनी है उसमें से कई क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जल निकसी की समुचित व्यवस्था नहीं है। गांव में नालिया जाम है। सफाई के अभाव में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। जिससे सड़क के किनारे जगह जगह गंदगी व्याप्त है। शिकायत के बाद भी सफाई व्यवस्था ठीक नही हो रही है।व्यवस्थागत खामियों के चलते ग्रामीण सरकारी सुविधा का भरपूर लाभ नहीं पा रहे है। पेयजल आपूर्ति लगातार नही हो पा रही है। समय समय से पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों के समक्ष पेय जल संकट बना हुआ है। यहां के कई टोलो में जाने के लिए सड़क कच्ची है। इससे लोगो को आवागमन में दिक्कत होती है। हल्की बरसात में समस्या और गंभीर हो जाती है, शिक्षा के लिए परिषदीय स्कूल है। यहां ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत भवन, सीएससी केंद्र, आग्नबाड़ी केंद्र, ओपन जिम, सीएससी केंद्र, शौचालय, सड़क, नाली आदि का निर्माण हुआ है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुधौली विधानसभा में गैस सिलेंडर समस्या को लेकर चांदनी चौधरी का जोरदार प्रदर्शन, समर्थकों संग ब्लू कार्यालय पर धरना



**बस्ती।** बस्ती जिले केरुधौली विधानसभा की भावी प्रत्याशी चांदनी चौधरी ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ गैस सिलेंडर से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान चांदनी चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में गैस सिलेंडर की उपलब्धता, बढ़ती कीमतों और वितरण में अनियमितताओं से लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। धरना-प्रदर्शन में शामिल समर्थकों ने भी जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को रखा और चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रुधौली चांदनी चौधरी धरना प्रदर्शन गैस सिलेंडर समस्या जिलाधिकारी जनसमस्या।

### पेट्रोल पंप पर रिपोर्टिंग करते समय पत्रकार पर हमला, एसपी से मिलकर कार्यवाही की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र के दुबखरा पेट्रोल पंप पर रिपोर्टिंग करते समय करूण सिंह द्वारा हमला किये जाने और कैमरा छीनने की कोशिश करने के मामले मे पत्रकारों ने पुलिस कप्तान से मिलकर सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग किया है। पुलिस कप्तान ने कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुये नगर थाने की पुलिस को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। स्थानीय व्यापार निर्देशिका उपरोक्त प्रकरण में कार्यवाही न होने पर पत्रकारों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया है। पुलिस कप्तान से मुलाकात करने वालों में वेदिक द्विवेदी, ऋषिक द्विवेदी, राहुल सिंह, राजकुमार पाण्डेय, अभिषेक गौतम, राहुल पटेल आदि पत्रकार शामिल थे। आपको बता दें बुधवार को दुबखरा पेट्रोल पंप पर रिपोर्टिंग करते समय करूण नाम के गुण्डे ने अपने साथियों के साथ उन पर हमला कर दिया। भद्दी गालियां देते हुये हाथ ऐंठकर रिपोर्टिंग माइक और कैमरा छीनने का प्रयास किया। घटना को लेकर पत्रकारों और पत्रकार संगठनों मे रोष है। घटना की निंदा करते हुये पत्रकारों ने इसे सच की आवाज दबाने का लोकतांत्रिक मर्यादा के विरूद्ध बताया है।

### मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का हुआ अभिनंदनोदय तीर्थ से देवोदय तीर्थ पदविहार

#### मुनिसंघ का आज होगा जाखलौन में प्रवेश

**ललितपुर।** निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का अभिनंदनोदय तीर्थ से देवोदय तीर्थ देवगढ़ के लिए पदविहार हुआ। सैकडों की संख्या में श्रद्धालु पदविहार में सम्मलित हुए। श्रावकों ने रंगोली सजाई पादप्रक्षालन कर मुनिश्री से आर्शीवाद ग्रहण किया। इसके पूर्व मुनिश्री सुधासागर महाराज, मुनिश्री निरापद सागर महाराज एवं संघस्थ एलक क्षुल्लक महाराज ने अभिनंदनोदय तीर्थ के दर्शन किए इसके उपरान्त गाजे वाजे के साथ पदविहार हुआ जिसमें गाजे बाजे के साथ नवयुवक सम्मलित हुए। वाल मण्डल का दिव्यघोष, महिला मण्डल में सैकडों की संख्या में मंगलगान करते हुए श्रविकाए मुनिश्री के साथ पदविहार कर रही थी। हाथी पर सवार श्रावक ध्वज पताकाए लेकर शोभायात्रा में सम्मलित रहे थे। शोभायात्रा अभिनंदनोदय तीर्थ से स्टेशन तिराहा होते हुए देवगढ़ की ओर आगे वढी जिनके साथ अपार जनसमुदाय रहा। देवगढ रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प के सामने भूमि पर नवीन मंदिर संतशाला के निर्माण हेतु भूमि पूजन मुनिसंघ के आशीर्वाद सानिध्य में हुआ। रात्रि में जिज्ञासा समाधान महाविद्यालय परिसर में हुआ, जहां से सुबह मुनिसंघ का पदविहार जाखलौन के लिए होगा। जिसको लेकर जैन समाज में अपूर्व उत्साह है और अगुवाई की तैयारियां व्यापक स्तर से की गई हैं। मुनिश्री के पदविहार में सैकडों लोग शामिल रहे।

# पेट्रोल पंप पर युवक द्वारा प्रधानमंत्री को गाली गाली देने भाजपा नेता द्वारा गिरफ्तारी की मांग की

**●प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के एक पेट्रोल पंप पर देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल एक व्यक्ति विशेष के प्रति अभद्रता नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत की गरिमा का खुला अपमान है। भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने इस कृत्य पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जिन योजनाओं–मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, राहत कोष–का लाभ लेकर आज लाखों परिवार सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं, उन्हीं के बीच कुछ लोग कृतघ्नता और विकृत मानसिकता का परिचय दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय वैश्विक संकट का है, जहां युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण पेट्रोल-डीजल एवं गैस की आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत सरकार के कुशल नेतृत्व में देश में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ऐसे समय में अफवाह फैलाना, भीड़ भड़काना और प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहना सीधे-सीधे देशविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। इस मामले में चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने बस्ती पुलिस सहित संबंधित अधिकारियों को वीडियो लिंक प्रेषित कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को तत्काल चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाए उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएभविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सख्त कदम उठाए जाएं अंत में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री एवं संवैधानिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंचाना किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। 'राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन राष्ट्र और उसके सम्मान के साथ समझौता किसी भी कीमत पर नहीं किया जा सकता।' वरिष्ठ भाजपा नेता जनवरी पांडे द्वारा मां की गई ऐसे व्यक्ति की तत्कालगिरफ्तारी गिरफ्तारी होनी चाहिए पुलिस प्रशासन तत्काल में गिरफ्तारी करते हुए कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी

**विधवा महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के घर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी पार कर दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम किसरदा निवासी विनीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर ताला लगाकर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित चाय की दुकान पर काम करने गई थी। इसी दौरान 23 मार्च 2026 को सुबह करीब 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़ दिया। आरोप है कि चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, करीब 20 हजार रुपये नकद और अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब हुई जब महिला का बेटा घर पहुंचा और दरवाजा टूटा पाया। घटना के बाद पीड़िता ने थाना महरौनी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## एसपी अमेठी द्वारा जनपद में यूपी-112 में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी कर दिये गये आवश्यक आदेश निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में जनपद में यूपी-112 में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ आपातकालीन सेवा यूपी-112 की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने तथा आमजन को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराने के संबन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक कॉल/शिकायत को गंभीरता से लेते हुये त्वरित रिस्पान्स सुनिश्चित किया जाये तथा बताया कि यूपी-112 आम जनता के लिए सुरक्षा की पहली कड़ी है, अतः इसमें कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गोष्ठी में ड्यूटी के दौरान व्यवहार, समयबद्धता, संवाद कौशल एवं तकनीकी दक्षता पर विशेष बल दिया गया। साथ ही कॉलर के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के संबन्ध में निर्देशित किया गया जिससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी, प्रभारी यूपी-112 जनपद अमेठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# किसानों के लिए मुसीबत बने छुट्टा पशु, फसलें कर रहे तबाह गौशाला छोड़ ग्रामीण क्षेत्र को बनाया आशियाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के विक्रमजोत से लेकर के परशुरामपुर हर्रैया कप्तानगंज दुबौलिया विकास खंड के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं की भरमार के चलते किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वे सफल नहीं हो पा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं। किसानों ने सरकार से मांग की है कि छुट्टा पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय किए जाएं। जानकारी के अनुसार विक्रमजोत ब्लॉक के अंतर्गत सैकड़ों गांव सरयू नदी के किनारे माझा क्षेत्र में स्थित हैं। माझा क्षेत्र होने के कारण यहां छुट्टा पशुओं की संख्या काफी अधिक है। हजारों की संख्या में ये पशु दिनभर झुंड बनाकर नदी और नहर के किनारे रहते हैं और शाम होते ही खेतों की ओर निकल जाते हैं। रात भर ये खेतों में उत्पात मचाते हुए खड़ी फसल को खा जाते हैं और खुरों से रौंदकर पूरी तरह नष्ट कर देते हैं, जिससे किसानों की मेहनत और कमाई पर पानी फिर जाता है

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है। यदि समय रहते कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं और लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच सकते हैं। लोगों ने यह भी बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में कुछ स्थानों पर गौ आश्रय केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन छुट्टा पशुओं को पकड़कर वहां नहीं पहुंचाया जाता है। साथ ही जनप्रतिनिधियों का भी इस समस्या की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं है। रैदासपुर, पड़ेरिया, छतौना, संदलपुर, कन्हईपुर, भौषिया, खेमराजपुर, नई दुनिया उड़गयियां, रायपुर शंकरपुर, गोड़सरा, त्रिलोकपुर, बेतावा सहित दर्जनों गांवों के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के किसान दुखरन सिंह, सुरेश सिंह, मनीष यादव, बृजेश पांडेय, राम सिंह, लक्षिमन सिंह, गंगाराम, राम सिंह पटेल, जगन्नाथ, जगनरायन आदि ने शासन-प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देते हुए जल्द समाधान की मांग की है।

# लालगंज पुलिस की कार्यशैली पर उठा सवाल: खूंखार बहरूपिया रमेश चौधरी के सामने नतमस्तक हुआ कानून

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही अपराधियों के गले में तख्ती लटकाकर सरेंडर कराने का दावा करती हो, लेकिन लालगंज थाना क्षेत्र में कानून की धज्जियां सरेआम उड़ाई जा रही हैं। पत्रकार पर जानलेवा हमला करने वाला मुख्य आरोपी रमेश चौधरी उर्फ 'बहरूपिया' और उसका कुनबा पुलिस की 'मूक सहमति' के चलते आज भी खुलेआम घूम रहा है। गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस की यह 'लाचारी' क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।?सत्ता की दलाली और 'बहरूपिया' का नकाब।

आरोपी रमेश चौधरी खुद को भाजपा का बड़ा नेता बताकर रसूख झाड़ता है, जबकि सच्चाई यह है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और संदिग्ध चरित्र के कारण भाजपा इसे काफी पहले ही दूध में से मक्खी की तरह निकाल बाहर कर चुकी है। सफेदपोश नेताओं के साथ पुरानी तस्वीरें दिखाकर यह बहरूपिया न सिर्फ जनता को डराता है, बल्कि पुलिस के आला अधिकारियों पर भी दबाव बनाने का काम कर रहा है।

पत्रकार को मरा समझ नदी किनारे फेंका, रोंगटे खड़े कर देगी दरिंदगी। घटना की रात रमेश चौधरी ने अपने भाई उमेश चौधरी, राकेश चौधरी और भांजे अंकित चौधरी के साथ मिलकर पत्रकार पर वहशीपन की सारी हदें पार कर दी थीं। लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अधमरा करने के बाद, आरोपी उसे मृत समझकर साक्ष्य मिटाने की नीयत से नदी किनारे फेंककर भाग निकले थे। CDR में 'खास' मददगारों के चेहरे बेनकाब, फिर भी हाथ खाली। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, घटना के समय और उसके बाद रमेश चौधरी के फोन की सीडीआर (CDR) में कई सफेदपोशों और पुलिस के 'करीबियों' के नाम सामने आए हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर वो कौन से रसूखदार 'आका' हैं, जो इस अपराधी को पुलिसिया शिकंजे से बचा रहे हैं? क्या लालगंज पुलिस किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है या फिर खाकी की कमान अब अपराधियों के हाथ में गिरवी रख दी गई है?

# तहसीलदार अभय राज फर्जी मामले निपटाने मे माहिर गलत रिपोट लगाकर भ्रष्टाचार का दिए सुबूत

**●-खलिहान व गढ्ढे की भूमि पर फर्जी रिपोर्ट तहसीलदार पर उठे सवाल**

**-फर्जी रिपोर्ट लगाकर खलिहान जमीन का निस्तारण तहसीलदार अभय राज हरैया विवादों मे**

**-फर्जी रिपोर्ट के सहारे मामले को रफा-दफा कर दबंग भूमाफिया पर संरक्षण देने से करने से जुडा मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसील हरैया के तहसीलदार कई सालों से चल रहे धारा 67 की कार्रवाई स्वयं ध्वस्ती करण का आदेश पारित किया खलिहान की भूमि पर बने मकान पर नोटिस चश्मा करके दिए गए सप्ताह कासमय समाप्त होने के बाद बुलडोजर की कार्रवाई कर खलिहान की भूमि अभी तक नहीं खाली करवाया गया संदेह के घेरे मेंतहसीलदार हरैया की कुर्सी भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी हुई दिखाई दे रही है। खलिहान व गड्ढे की जमीन पर बनी लाखों की कोठी के मामले में तहसील प्रशासन भू माफिया को बचाते हुए कार्रवाई कर सुर्खियां बटोर रही है।तहसीलदार कार्यालय से ध्वस्तीकरण का आदेश होने के बावजूद भी खलिहान की भूमि खाली नहीं हो सकी।समुचित कार्रवाई के नाम पर तहसील प्रशासन आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायतकर्ता को मूर्ख बनाने का काम कर रही हैं।बल्कि आईजीआरएस की रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता ने असंतुष्टि जाहिर की है। आपको बताते चलें कि लगभग 2 माह पूर्व हरैया तहसील के राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 व 43 में अवैध कब्जेदारों का कब्जे का मामला प्रकाश में आया था।जो की खलिहान व गड्ढे की जमीन है।तहसीलदार अभय राज लगभग दो माह बाद खलिहान की जमीन पर ध्वस्तीकरण का नोटिस देकर कार्रवाई का दिखावा किया था जिसकी समय सीमा एक सप्ताह थी जो पूर्ण हो चुकी है। मीडिया ने कार्यवाही के लिए जब तहसीलदार अभय राज से फोन के माध्यम से जानकारी लेनी चाहिए तो उनका फोन नहीं उठा। बड़ा सवाल यह है कि क्या अभय राज गुपचुप तरीके से कार्रवाई का कोरम पूरा कर रहे हैं या मोटी रकम लेकर दबंग भू माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। जिससे भू माफिया का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

## विधायक सुरेश पासी के प्रयास से मकदूमपुर गोमती नदी पर बनेगा पक्का पुल

**●विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे कई गांव विधायक सुरेश पासी के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता**

**विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर विधानसभा जगदीशपुर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शुकुल बाजार विकासखंड अंतर्गत मकदूमपुर कला से देवगांव मार्ग पर गोमती नदी पर नए पक्के दीर्घ सेतु के निर्माण को शासन से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई है, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोमती नदी पर पहले से मौजूद क्षतिग्रस्त सेतु के बगल में नया मजबूत पुल, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग तथा सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 38.08 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 13.32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर जारी की गई है।इस महत्वपूर्ण परियोजना के पीछे क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी के लगातार प्रयासों को प्रमुख माना जा रहा है। इससे पहले भी उनके प्रयासों से पाली में गोमती नदी पर पक्का पुल बन चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिली है।विधायक के प्रयासों से ही क्षेत्र में कई पीपे के पुलों का निर्माण भी कराया गया, जिससे सीमावर्ती जनपदों के बीच दूरी कम हुई और लोगों को आवागमन में राहत मिली। अब मकदूमपुर कला में बनने वाला यह नया पुल क्षेत्र के विकास को और गति देगा।ग्रामीणों में इस स्वीकृति को लेकर खासा उत्साह है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के समय आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से अब स्थायी राहत मिलेगी और व्यापार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।यह परियोजना न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बताते चले उक्त पुल के लिए सदन में विधायक सुरेश पासी ने मांग की थी विधायक सुरेश पासी ने सदन में पुल के साथ-साथ जगदीशपुर में तहसील निर्माण और शुकुल बाजार तथा जगदीशपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने सहित अन्य विकास की योजनाओं की भी मांग उठाई थी।

# नौ दिवसीय 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' मेले का भव्य समापन, छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में आयोजित 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' थीम पर आधारित नौ दिवसीय समारोह/मेले का भव्य समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों ने आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मेले में सूचना, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्योग, कृषि, समाज कल्याण, जल जीवन मिशन, बैंकिंग एवं कौशल विकास विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कई लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का माहौल सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि बच्चों और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने का भी कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह ने कुशलतापूर्वक किया, जिससे पूरा आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस नौ दिवसीय मेले के सफल आयोजन से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई गई, जो जनहित में एक सराहनीय पहल साबित हुई।

# बस्ती में सवालों के घेरे में सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट कान्हा गोशाला मर रहे हैं गौशाला के जानवर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जनपद में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट की दुर्दशा देखकर रूह कांप जा रही है भूखों मर रहे जानवर उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई अधिकारी या कर्मचारी नहीं है इस मामले को लेकरअंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री से किया शिकायत।जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी ने मांग किया है ग्राम प्रधान सचिव विकासखंड अधिकारी पर हो कार्रवाई। गौशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार इसलिए हो रही गौवंश की मौत। जिले के कार्यालय में बैठे अधिकारियों को भनक नहीं लग रही है जनपद के गौशाला मेंरोज मर रहे हैं सैकड़ो जानवर ब्लॉक पर बैठे अधिकारियों को बेजुबानों के दर्द को नहीं समझ पा रहे जनपद में चारा घोटाला की जांच हो तो जिले के अच्छे-अच्छे अधिकारी नप जाएंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ड्रीम प्रोजेक्ट कान्हा गौशाला अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है जिले में अधिकारी कार्यालय में बैठकर मस्ती कर रहे हैं उधर गौशाला के पासगोवंश को चारा खिला आमजन को सेवा करने की प्रेरणादेते हैं जिले में गौशाला की दुर्दशा देखकर रूह कम जाएगी भूखे मर रहे जानवर बीमार पड़े गौशाला के पशु इनकी देखरेख करने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं हैपूरा मामला बहादुरपुर विकास खंड के ग्रामसभा सोधिया घाट गौशाला का जहां मानवता को शर्मसार करने वाला वीडियो हो रहा वायरल।इस मामले पर जब बस्ती DPRO से बात किया गयाः तो उनका जवाब इस तरह की जैसे उनको कोई मतलब ही नही है DPRO ने बताया इस की जानकारी CVO और BDO से लीजिये हमें जानकारी नही है अब सवाल यह है कि मुख्यमंत्री की की योजना को साहब कैसे दर किनार कर रहे है इन बेजुबानों की पीड़ा सुनने वाला जनपद से लेकर विकासखंड के अधिकारियों के कानों में नहीं जा रही है।

# दलित युवक से मारपीट व जातिसूचक गालियां

**●दो आरोपियों पर एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में एक दलित युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सौरई मजरा शांतिनगर निवासी रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे वह आटा लेने के लिए चक्की पर गया था। लौटते समय नहर की पुलिया के पास गांव के ही राजेश व एक अन्य युवक ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना जखौरा में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धाराओं के साथ-साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के सर्वकालिन प्रतिमान प्रभु श्री राम

रामनवमी का पावन पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों की स्मृति का दिवस है। इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, जिन्हें भारतीय संस्कृति में 'मर्यादा पुरुषोत्तम' के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि आचरण का ऐसा प्रकाश स्तंभ है जो युगों-युगों तक मानवता को मार्ग दिखाता रहेगा।

भगवान श्रीराम का चरित्र त्याग, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी उन्होंने पिता के वचन की रक्षा के लिए बिना किसी संकोच के चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार कर लिया। यह त्याग केवल एक पुत्र का नहीं, बल्कि आदर्श मानव का परिचायक है, जो अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि मानता है।

श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। वनवास के कठिन जीवन में भी उन्होंने धैर्य, संयम और सहनशीलता का परिचय दिया। राक्षसों का विनाश कर उन्होंने न केवल ऋषियों की रक्षा की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। भगवान श्रीराम एक आदर्श पुत्र ही नहीं, बल्कि आदर्श भाई, पति और राजा भी थे। अपने भाइयों के प्रति उनका स्नेह, विशेषकर लक्ष्मण और भरत के साथ उनका संबंध, प्रेम और त्याग की सर्वोत्तम मिसाल है। माता सीता के प्रति उनकी निष्ठा और सम्मान भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। जब श्रीराम अयोध्या के राजा बने, तब उन्होंने 'रामराज्य' की स्थापना की, जो न्याय, समानता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उनके शासन में प्रजा सुखी और संतुष्ट थी, जहाँ हर व्यक्ति को न्याय मिलता था। आज भी 'रामराज्य' को आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में देखा जाता है। रामनवमी का यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि श्रीराम के आदर्श केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने के लिए हैं। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब श्रीराम के सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य के सिद्धांत पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

अंततः, भगवान श्रीराम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चा सुख बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और सत्य के मार्ग पर चलने में है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भी श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज को एक बेहतर दिशा देने का प्रयास करेंगे। राम केवल एक नाम नहीं, एक आदर्श है जो हर युग में, हर मन में जीवित रहता है।

**संजीव ठाकुर**

# आपदा में मुनाफा कमाने वालों पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज हो

मध्य-पूर्व एशिया के देशों से दुनिया में 40% कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और एशिया महाद्वीप के चीन, भारत, जापान, कोरिया सहित कई देशों की ऊर्जा जरूरतों के लिए कच्चे तेल की 60-70% निर्भरता मध्य-पूर्व के प्रमुख तेल उत्पादक देशों पर ही है। ईरान की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि उसकी सीमा से एक महत्वपूर्ण समुद्री शॉर्टकट मार्ग निकलता है, जो महासागरीय व्यापार की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता रहा है। पिछले चार सप्ताह से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के साथ चल रहा युद्ध, जिसमें अभी तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकले हैं, ने भारत सहित समूचे विश्व के अधिकांश देशों में तेल और गैस संकट की आशंका को बढ़ा दिया है। ईरान अपनी सीमा से अमेरिका समर्थित देशों को कच्चे तेल के परिवहन की अनुमति नहीं दे रहा है, जिससे यह संघर्ष अब अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। वहीं, इजराइल के लिए इस प्रकार के युद्ध कोई नई बात नहीं है।

ईरान-अमेरिका के इस लंबे संघर्ष ने भारत सहित दुनिया के कई देशों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति को प्रभावित किया है। भारत, जो विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश है, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 60% से अधिक हिस्सा मध्य-पूर्व से आयात करता है, और इसका एक बड़ा भाग हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से आता है। भीषण युद्ध और बाधित मार्गों के बावजूद, भारत सरकार की सशक्त विदेश नीति के कारण भारतीय तिरंगे वाले जहाज कच्चा तेल और गैस लेकर देश तक पहुँच रहे हैं। ऐसे वैश्विक संकट के समय प्रत्येक भारतीय को अपनी सरकार पर विश्वास और गर्व होना चाहिए। कोरोना महामारी के दौरान भी भारत ने न केवल स्वयं को संभाला, बल्कि विश्व को संकट प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत किया। वर्तमान युद्ध परिस्थितियों को देखते हुए एक बार फिर कच्चे तेल और गैस की कमी की आशंका है। ऐसे में केंद्र सरकार को सक्रिय होकर देश के नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आवश्यक कठोर कदम उठाने होंगे।

कोविड काल में कुछ असामाजिक तत्वों ने खाद्य वस्तुओं की कृत्रिम कमी की अफवाह फैलाकर गरीब और मध्यम वर्ग का शोषण किया था। अब पुनः इस युद्ध की आड़ में कुछ लोग आपदा को अवसर बनाकर मुनाफाखोरी की तैयारी में हैं। पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर बढ़ती भीड़ इसी ओर संकेत करती है। अतः केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर तक सख्ती से निगरानी रखें और आपदा के समय आम जनता का शोषण करने वाले लोगों के विरुद्ध राष्ट्रद्रोह जैसे कठोर प्रावधानों के तहत कार्रवाई करें, ताकि ऐसे तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

साथ ही, यदि सरकार कच्चे तेल और गैस की खपत को नियंत्रित करना चाहती है, तो अप्रैल-मई की भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों को अस्थायी रूप से बंद करने, तथा अनावश्यक रूप से चलने वाले वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने तथा आवश्यकता अनुसार सीमित लॉकडाउन जैसे कदम भी राष्ट्रहित, जनहित और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। आपदा के समय संयम, सजगता और कठोर प्रशासनिक कार्रवाई ही देश को संकट से उबार सकती है।

**अरविंद रावल**

## पश्चिम एशिया का संघर्ष और युद्धविराम की शर्तें- न्याय, रणनीति और वास्तविकता के बीच संतुलन

पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल सैन्य ताकत का नहीं, बल्कि कूटनीति, आर्थिक दबाव और वैश्विक हितों का भी खेल होता है। 26 दिनों से चल रहे इस संघर्ष में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरान को भेजा गया 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव और उसके जवाब में ईरान की पांच शर्तें इस पूरे परिदृश्य को और जटिल बनाती हैं। सवाल यह है कि क्या ये शर्तें न्यायसंगत हैं या केवल रणनीतिक दबाव बनाने का माध्यम?

अमेरिकी प्रस्ताव में ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम पर रोक लगाने की बात प्रमुख रूप से सामने आती है। यह मांग नई नहीं है। लंबे समय से अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान के परमाणु कार्यक्रम को वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में ईरान के कार्यक्रम को सीमित करने की बात भी इसी सोच का हिस्सा है। पहली नजर में यह मांग तर्कसंगत लग सकती है, क्योंकि परमाणु हथियारों का प्रसार किसी भी क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। लेकिन दूसरी ओर, ईरान का तर्क है कि उसे अपनी संप्रभुता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का पूरा अधिकार है। यदि अन्य देशों के पास मिसाइल और रक्षा प्रणाली है, तो केवल ईरान पर प्रतिबंध लगाना क्या न्यायसंगत कहा जा सकता है? यहीं से इस विवाद का मूल प्रश्न उठता है–क्या वैश्विक नियम सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं या शक्तिशाली देशों के हितों के अनुसार तय किए जाते हैं? ईरान की नजर में अमेरिकी प्रस्ताव एकतरफा है, जिसमें उसे अपनी सामरिक ताकत छोड़ने के लिए कहा जा रहा है, जबकि बदले में केवल प्रतिबंधों में राहत और कुछ आर्थिक सहयोग का वादा किया जा रहा है। यह सौदा ईरान के लिए असंतुलित प्रतीत होता है।

दूसरी तरफ, ईरान की शर्तें भी कम कठोर नहीं हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने अधिकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाने की मांग इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया का एक बड़ा हिस्सा कच्चा तेल गुजरता है। यदि इस पर किसी एक देश का प्रभुत्व मान लिया जाए, तो यह न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में ईरान की यह मांग कई देशों के लिए स्वीकार्य नहीं होगी, क्योंकि इससे ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ेगा। ईरान द्वारा युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई की मांग भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। किसी भी युद्ध में नागरिकों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान होता है, और अंतरराष्ट्रीय कानून भी यह मानता है कि आक्रामक पक्ष को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन यहां समस्या यह है कि दोनों पक्ष खुद को पीड़ित और दूसरे को आक्रामक बताते हैं। ऐसे में मुआवजे का निर्धारण एक जटिल और विवादास्पद प्रक्रिया बन जाता है। ईरान की यह शर्त कि भविष्य में उस पर फिर से युद्ध न थोपा जाए, सैद्धांतिक रूप से उचित लगती है। हर देश अपनी सुरक्षा और स्थिरता चाहता है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ऐसी गारंटी देना लगभग असंभव होता है। इतिहास गवाह है कि समझौतों और संधियों के बावजूद युद्ध होते रहे हैं। इसलिए यह मांग व्यावहारिक कम और आदर्शवादी अधिक प्रतीत होती है।

इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू है–विश्व राजनीति का शक्ति संतुलन। अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा करे। वहीं ईरान जैसे देश के लिए अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय प्रभाव बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि दोनों पक्षों की शर्तें अपने-अपने दृष्टिकोण से सही लगती हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए अस्वीकार्य बन जाती हैं। अगर निष्पक्ष रूप से देखा जाए, तो दोनों पक्षों की शर्तों में कुछ उचित तत्व हैं और कुछ अतिशयोक्तिपूर्ण भी। अमेरिका की यह मांग कि ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को पूरी तरह बंद कर दे, एकतरफा दबाव की तरह दिखती है। वहीं ईरान की यह जिद कि उसे होर्मुज पर पूर्ण अधिकार दिया जाए, वैश्विक संतुलन के लिए खतरा बन सकती है। इसी तरह मुआवजे और भविष्य में युद्ध न होने की गारंटी जैसी शर्तें नैतिक रूप से सही होते हुए भी व्यावहारिक कठिनाइयों से भरी हैं।

वास्तविक समाधान इन चरम स्थितियों के बीच कहीं छिपा हुआ है। किसी भी स्थायी शांति के लिए जरूरी है कि दोनों पक्ष कुछ समझौते करें। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म करने के बजाय उसे पारदर्शी और सीमित करने पर सहमत हो सकता है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगी उसे सुरक्षा और आर्थिक सहयोग की ठोस गारंटी दे सकते हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र के लिए बहुपक्षीय नियंत्रण या अंतरराष्ट्रीय निगरानी एक बेहतर विकल्प हो सकता है, जिससे किसी एक देश का प्रभुत्व स्थापित न हो। अंततः यह कहा जा सकता है कि युद्धविराम की वर्तमान शर्तें न पूरी तरह सही हैं और न पूरी तरह गलत। वे दोनों पक्षों की रणनीतिक सोच और राष्ट्रीय हितों का प्रतिबिंब हैं। लेकिन यदि इन शर्तों पर जिद बनी रही, तो शांति की संभावना कमजोर होती जाएगी। इतिहास यही सिखाता है कि युद्ध का अंत केवल शक्ति से नहीं, बल्कि समझदारी और संतुलित समझौतों से होता है। पश्चिम एशिया में स्थायी शांति तभी संभव है जब दोनों पक्ष अपने अधिकतम लाभ के बजाय साझा हितों को प्राथमिकता दें।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## लद्दाख की बेचैनी को समझना होगा

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, जिनके जीवन से प्रेरित फ़िल्म 3 इडियट्स बनी थी, रिहा होकर लेह लौट आएं हैं। उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा क़ानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया था और जोधपुर जेल में रखा गया था। इस क़ानून के तहत किसी को अधिकतम 12 महीने हिरासत में रखा जा सकता है पर सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी की वकालत करने के बाद सरकार ने वांगचुक को 169 दिन के बाद रिहा कर दिया।जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो बताया गया कि वह 'राष्ट्र विरोधी गतिविधियों' में संलिप्त हैं जिस बात से देश में शायद ही कोई सहमत हो। बहुत लोग तो उन्हें राष्ट्रीय ख़ज़ाना मानते हैं। और अगर वह वास्तव में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त थे तो छोड़ा क्यों गया? सारे मामले से सरकार सही ढंग से नहीं निबटी और जो देश का एक प्रकार से सबसे शांत क्षेत्र था,लद्दाख, उसे बेचैन छोड़ दिया गया है। लद्दाख के बौद्ध और कारगिल के मुसलमान जो सदा एक दूसरे के विरोधी रहे हैं अब केन्द्र सरकार के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। जिस उपराज्यपाल के समय वांगचुक को गिरफ्तार किया गया था को तो अब बदल दिया गया है। नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रिहाई का स्वागत करते हुए कहा है कि वहां 'आंदोलन और हिंसा की कोई जगह नहीं'। जहां तक हिंसा का सवाल है मैं उनकी बात से बिलकुल सहमत हूं। एक सभ्य समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए पर शांतिमय आंदोलन पर आपत्ति क्यों हो? आंदोलन करना हमारे मूल अधिकारों का हिस्सा है। हमने तो आज़ादी आंदोलन के द्वारा प्राप्त की थी।

लद्दाख जैसा देश में कोई प्रदेश नहीं है। इसकी अद्भुत पर कठोर प्राकृतिक सुन्दरता मंत्रमुग्ध करने वाली है। ऊंचे पहाड़ हैं जिन पर कुछ नहीं उगता। इसे ठंडा रेगिस्तान भी कहा जाता है। बीच में से शांत सिंधु और जांस्कर नदियां बहती है। 13000-14000 फुट की ऊंचाई पर घाटी स्थित है। आक्सीजन की कमी के कारण कई बाहरी लोगों को समस्या आती है। दुनिया की सबसे ऊंची झील पैंगोंग यहां है जिसको लेकर भारत और चीन के बीच तनातनी रहती है। क्षेत्र अपनी बौद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है इसलिए शांत है। इसके गोम्पा (मठ) के अंदर अत्यंत शांत वातावरण होता है और बाहर से गए व्यक्ति को लगता है कि वह इस शान्ति का उल्लंघन कर रहा है। पर यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील भी है क्योंकि चीन के साथ हमारी लम्बी सीमा है जहां लगातार झड़पें होती रहती हैं। हमें वहां के लोगों का अधिक सहयोग चाहिए जो गोली चलाने से नहीं मिलेगा।

घटनाक्रम कुछ इस प्रकार का है। 2019 में सरकार ने जम्मू-कश्मीर पर लागू धारा 370 तथा 35 निरस्त कर दिए थे। जब लद्दाख को जम्मू कश्मीर से अलग कर केन्द्रीय शासित प्रदेश बना दिया तो बौद्ध बहुसंख्या वाले लेह ज़िले ने जश्न मनाया। दशकों से उनकी यह मांग थी। लेकिन एक साल के अंदर-अंदर यह उत्साह ठंडा पड़ गया। 35 को निरस्त करने से क्षेत्र में रोज़गार, ज़मीन की मिल्कियत, और बाहरी लोगों के प्रवेश की आशंका को लेकर बेचैनी शुरू हो गई। पूर्व राजदूत पी स्टोबडन जो लद्दाखी हैं ने लिखा है, 'जश्न जल्द संवैधानिक संरक्षण की माँग में बदल गया। जो आज़ादी का जोश था उसकी जगह सुरक्षा की तलाश ने ले ली'। बाहर से गए अधिकारी इस असुरक्षा की भावना को समझ नहीं सके और पहली बार नौबत यहां तक पहुंच गई कि गोली चलानी पड़ी, चार लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। अधिकारियों का कहना था कि सेल्फ़ डिफ़ेंस में गोली चलानी पड़ी। हो सकता है कि उनकी बात सही हो, पर ऐसी हालत ही क्यों बनने दी गई कि 'सेल्फ़ डिफ़ेंस' में गोली चलानी पडे?

अगर लोगों की मांग व्यावहारिक नहीं है तो समझाने की ज़रूरत है। लद्दाख के लोगों की मूल मांगों में स्टेटहुड और संविधान के छठे शेड्यूल में शामिल करना है। वह अपनी ज़मीन पर अपना अधिकार सुरक्षित चाहते हैं। तीन लाख लोगों की आबादी वाले प्रदेश को स्टेटहुड नहीं दिया जा सकता। छठा शेड्यूल आदिवासी क्षेत्रों की व्यवस्था के लिए है जैसे मेघालय, त्रिपुरा, मिज़ोरम और असम में है। इसे उत्तर पूर्व के कुछ हिस्सों के लिए बनाया गया था। मणिपुर में यह अभी भी लागू नहीं किया गया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में इसे देने का वादा किया था पर अब केन्द्र सरकार ने मन बदल लिया लगता है। इस पर फिर से विचार होना चाहिए। केन्द्र सरकार ने लद्दाख की खुले दिल से मदद की है। 2019 से पहले प्रदेश को केन्द्र से केवल 57 करोड़ रुपए वार्षिक मिलते थे जो अब बढ़ कर 6000 करोड़ रुपए हो गए है। इतनी भारी मदद के बावजूद असंतोष है। छह साल से वह लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हैं। कोई निर्वाचित विधानसभा नहीं है। निर्णय दिल्ली से भेजे प्रशासक ले रहे हैं जिन्हें स्थानीय संवेदनाओ, ज़रूरतों और संस्कारों के बारे कोई ज्ञान नहीं है। उपर से बढ़ती बेरोज़गारी के कारण युवाओं में असंतोष है। परिणाम लेह जैसे शांतिमय शहर में लोगों के असंतोष का विस्फोट हो गया।

इस सब के केन्द्र में सोनम वांगचुक हैं। वह अपनी मांगों के लिए दिल्ली तक पदयात्रा कर चुके हैं। लद्दाख पहुंच कर उन्होंने भूखहड़ताल शुरू कर दी जिसके 15वें दिन स्थिति हाथ से निकल गई और लेह में हिंसा भड़क उठी। सारे लद्दाख में बेचैनी फैल गई और लद्दाखी संगठनों ने केन्द्र के साथ बातचीत बंद कर दी। दूसरा परिणाम यह हुआ कि सोनम वांगचुक जो प्रदर्शन का चेहरा थे को रासुका के अधीन गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर हिंसा उकसाने का आरोप लगाया गया जिसका वह ज़बरदस्त प्रतिवाद करते हैं। वांगचुक ने ज़रूर अपने भाषणों में नेपाल के 'जैन ज़ैड' और 'अरब स्प्रिंग' का ज़िक्र किया था। बेहतर होता कि कोई उन्हें सावधान करता कि यह अनुचित है।

वहां प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई गई। यह कितनी बड़ी त्रासदी थी यहसेवांग थरचिन की मौत से पता चलता है। वह फ़ौजी था और उसका परिवार भी फ़ौजी है। उसके पिता ने कारगिल की लड़ाई में हिस्सा लिया था। वह बताते हैं, 'यह कैसे हुआ गलवान के समय भी चीनियों ने ऐसे गोली नहीं चलाई थी। यहां तो पुलिस ने अपने लोगों पर गोली चला दी। आम तौर पर फ़ायरिंग पहले हवा में की जाती है फिर घुटनों के नीचे। मेरे बेटे को तो ज़मीन में ?िलटा कर गोली मारी गई'। सेवांग का भाई कहता है कि 'मैं बता नहीं सकता कि वह कितना बड़ा देश भक्त था। उसने जल्दी रिटायरमेंट ले ली ताकि वह अपने तीनों बच्चों को सैनिक स्कूल भेज सके'। लेह के पुलिस चीफ़ का कहना था कि अगर गोली न चलाते तो 'लेह को आग लग जाती'। उनकी बात सेवांग के परिवार के कथन से मेल नहीं खाती। स्पष्ट है कि प्रशासन ने स्थिति को सही नहीं सम्भाला और जो क्षेत्र देशभक्तों का क्षेत्र है, जो सेना में लोग भेजता है, उसे जज्मा कर दिया गया है। यह मणिपुर नहीं है जहां दो जातियां लड़ रहीं हैं। यहां संवाद कर और किसी प्रकार का प्रतिनिधित्व दे कर मामला सुलझाया जा सकता था। हर जगह प्रशासनिक हथौड़ा नहीं चलना चाहिए।

मेजर जनरल बख्शी जो कभी मोदी सरकार के प्रशंसक रहे हैं पर अब आलोचक हैं, ने बताया है, 'लद्दाख के लोग बहुत सीधे और प्यार वाले है। बौद्ध होने के कारण वह बहुत दयालु हैं फिर भी वह दुनिया में सबसे बढ़िया पहाड़ी सैनिक हैं। उन्होंने भारत की सुरक्षा के लिए जानें दी हैं। अशोक चक्र तक सम्मान उन्हें मिले हैं'। लद्दाखी कहते हैं कि हम सेना के साथ साझेदारी करते हैं, उनके हर कदम पर साथ देते हैं। बहुत दुख है कि ऐसे लोगों पर गोली चलाई गई। हमें तो इस नाजुक क्षेत्र,जिसकी सीमा चीन और पाकिस्तान से लगती है, के देशभक्त लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। हिंसा ग़लत है पर वहां तक नौबत नहीं आनी चाहिए थी। मेजर जनरल बख्शी का कहना है, 'भगवान के लिए हम इस महत्वपूर्ण सीमावर्ती प्रदेश के प्रति उदासीन नहीं हो सकते'।

लद्दाख में भी विरोधाभास है। एक तरफ़ वह तरक्की चाहते हैं। और पर्यटक चाहते हैं पर उन्हें यह भी घबराहट है कि बाहरी लोग उनकी संस्कृति को मिटा रहे हैं। बाहरी लोग ज़मीनें ख़रीद रहे हैं। वांगचुक ने भी कहा है कि 'संघर्ष पर्यावरण, संस्कृति, नदियों, ग्लेशियर और लोगों के लिए है'। अब उनकी रिहाई से पता चलता है कि केन्द्रीय सरकार फिर संवाद क़ायम करना चाहती है। वांगचुक भी ले दे कर मसला ख़त्म करना चाहते हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव सी फुंतसौंग ने कहा है कि 'लद्दाख की भौगोलिक स्थिति और चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा के कारण अशान्ति को बढ़ने नहीं देना चाहिए'। चीन के साथ फिर टकराव हो सकता है इसलिए क्षेत्र में शान्ति चाहिए। वहां के लोग बाग़ी नहीं है। भारत की विभिन्नता हमारी कमजोरी नहीं, ताक़त है। आगे का रास्ता विरोध दबाने का नहीं हो सकता। क्षेत्र की शान्ति और स्थिरता के लिए उच्च स्तर पर संवाद चाहिए।

# श्री रामनवमी: आत्मशुद्धि और आदर्श जीवन की ओर एक कदम

भारतीय संस्कृति की विशालता और उसकी गहराई का अनुमान उन पर्वों से लगाया जा सकता है जो न केवल कैलेंडर की तिथियों को परिभाषित करते हैं, बल्कि जनमानस के हृदय में नैतिकता और धर्म के बीज बोते हैं। इन्हीं पर्वों में रामनवमी का स्थान अत्यंत गरिमामयी और पवित्र है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह उस मर्यादा और आदर्श का उत्सव है जिसने युगों-युगों से मानवता को दिशा दी है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, इसी पावन तिथि पर अयोध्या के राजा दशरथ और माता कौशल्या के आंगन में भगवान विष्णु ने अपने सातवें अवतार, श्री राम के रूप में जन्म लिया था। उनके जन्म का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी पर बढ़ते हुए अधर्म का विनाश करना और एक ऐसी व्यवस्था की स्थापना करना था जहाँ सत्य, न्याय और करुणा सर्वोपरि हों। रामनवमी का पर्व वसंत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म के आगमन की संधि पर आता है, जो प्रकृति में भी एक नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता है। भगवान राम को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा जाता है, जिसका अर्थ है वह पुरुष जो मर्यादाओं में श्रेष्ठ हो। उनका संपूर्ण जीवन एक खुली पुस्तक की भांति है, जो हमें सिखाता है कि शक्ति का सदुपयोग और पद की गरिमा कैसे बनी रहनी चाहिए। रामनवमी पर जब हम उनके जन्म की कथा पढ़ते हैं, तो हमें बोध होता है कि वे केवल एक राजा नहीं, बल्कि एक पुत्र के रूप में आज्ञाकारिता, एक भाई के रूप में निस्वार्थ प्रेम, एक पति के रूप में अटूट निष्ठा और एक राजा के रूप में प्रजा के प्रति समर्पण के शिखर थे। उनके जीवन का हर प्रसंग, चाहे वह पिता के वचनों को निभाने के लिए राजमहल का त्याग कर चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार करना हो, या शबरी के झूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का संदेश देना हो, हमें आत्मिक शुद्धता की ओर ले जाता है। रामनवमी का दिन हमें इसी आत्मचिंतन का अवसर प्रदान करता है कि क्या हम अपने जीवन में उन आदर्शों के एक अंश को भी उतार पा रहे हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेतायुग में जब रावण के अत्याचारों से ऋषि-मुनि और देवगण त्राहि-त्राहि कर रहे थे, तब धर्म की रक्षा हेतु भगवान ने नर रूप धारण किया। रामनवमी का पर्व इसी दैवीय संकल्प की पूर्ति का दिन है। यह पर्व चैत्र नवरात्रि के समापन का भी प्रतीक है। नौ दिनों तक शक्ति की उपासना के बाद नवमी के दिन राम का प्राकट्य इस बात का संकेत है कि शक्ति जब मर्यादा और धर्म के साथ मिलती है, तभी कल्याणकारी 'रामराज्य' की स्थापना होती है। रामराज्य की परिकल्पना आज भी विश्व के लिए एक आदर्श शासन व्यवस्था का उदाहरण है, जहाँ कोई दुखी नहीं था, कोई दरिद्र नहीं था और समाज का हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग था। रामनवमी हमें यह स्मरण कराती है कि शासन और समाज का आधार केवल दंड या भय नहीं, बल्कि प्रेम और न्याय होना चाहिए। रामनवमी के दिन भारतीय घरों और मंदिरों में एक अद्भुत वातावरण होता है। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान और ध्यान के बाद भक्तगण व्रत का संकल्प लेते हैं। इस दिन रामायण और रामचरितमानस का अखंड पाठ विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। तुलसीदास जी की पंक्तियाँ जब घरों में गूँजती हैं, तो वातावरण में एक विशेष प्रकार की सात्विकता का समावेश हो जाता है। भगवान राम का जन्म दोपहर के ठीक बारह बजे माना जाता है, जिसे 'मध्याह्न' काल कहा जाता है। इस समय मंदिरों में शंख और घंटों की ध्वनि के बीच 'भये प्रगट कृपाला, दीनदयाला' की स्तुति की जाती है। शिशु राम को पालने में झुलाया जाता है और भक्तजन भाव-विभोर होकर उनके स्वागत में भजन गाते हैं। यह दृश्य भक्ति और श्रद्धा की पराकाष्ठा होता है, जहाँ भक्त अपने आराध्य के साथ एक अनूठा संबंध महसूस करता है।

भारत की सांस्कृतिक विविधता रामनवमी के आयोजन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उत्तर भारत में अयोध्या इस उत्सव का मुख्य केंद्र होती है, जहाँ सरयू नदी के तट पर लाखों श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। अयोध्या की गलियों में निकलने वाली शोभायात्राएं और झांकियां रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर देती हैं। वहीं दक्षिण भारत में, विशेष रूप से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में, इस दिन को भगवान राम और माता सीता के विवाह के उत्सव (सीताराम कल्याणम) के रूप में भी मनाया जाता है। वहाँ के मंदिरों में भव्य विवाह अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जो दांपत्य जीवन की पवित्रता का संदेश देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के मेलों का अपना अलग ही आकर्षण होता है, जहाँ लोक कलाकार रामलीला के माध्यम से भगवान की लीलाओं का मंचन करते हैं। यह विविधता दर्शाती है कि राम उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत की आत्मा में बसे हुए हैं। आधुनिक युग में जहाँ नैतिकता और मानवीय मूल्यों का ह्रास एक बड़ी चुनौती बन गया है, वहाँ रामनवमी की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। आज का मनुष्य भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों को भूलता जा रहा है। ऐसे समय में राम का चरित्र हमें यह याद दिलाता है कि सुख केवल सुविधाओं में नहीं, बल्कि त्याग और सेवा में है। राम ने अपने अधिकारों के लिए कभी युद्ध नहीं किया, बल्कि उन्होंने अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए हर संघर्ष को सहर्ष स्वीकार किया। रामनवमी केवल मूर्ति पूजा का दिन नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर के 'रावण' यानी ईर्ष्या, क्रोध, लोभ और अहंकार को समाप्त करने का संकल्प लेने का दिन है। यदि हम अपने हृदय में राम के आदर्शों को स्थापित कर सकें, तो वही इस पर्व की सच्ची सार्थकता होगी।

रामनवमी का एक और महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक समरसता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल के दौरान केवट, निषादराज और वानर-भालुओं को गले लगाया। उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान दिया और उसे अपना मित्र माना। यह संदेश आज के विभाजित समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। रामनवमी हमें सिखाती है कि धर्म जाति या ऊंच-नीच के भेदभाव को नहीं मानता। जब भक्त मंदिरों में एक साथ कतारबद्ध होकर खड़े होते हैं, तब वहाँ कोई अमीर-गरीब नहीं होता, केवल राम का भक्त होता है। यह पर्व आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम है। पर्यावरण और प्रकृति के प्रति राम का प्रेम भी वंदनीय है। उनका अधिकांश समय वनों में व्यतीत हुआ और उन्होंने प्रकृति को अपनी शक्ति बनाया। वर्तमान में रामनवमी के अवसर पर कई सामाजिक संगठन वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे कार्यों की शुरुआत करते हैं, जो इस पौराणिक पर्व को आधुनिक सरोकारों से जोड़ते हैं। स्वच्छता अभियान और गरीबों को भोजन कराने जैसी सेवा प्रवृत्तियाँ इस पर्व के आध्यात्मिक पुण्य को सामाजिक हित में बदल देती हैं। यह देखना सुखद है कि नई पीढ़ी भी इस पर्व को केवल रीति-रिवाजों तक सीमित न रखकर इसे सेवा और जागरूकता का माध्यम बना रही है। अंततः, रामनवमी एक जीवन दर्शन है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का आह्वान करती है। यह हमें विश्वास दिलाती है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि मनुष्य सत्य के मार्ग पर अडिग रहता है, तो अंततः विजय उसी की होती है। श्री राम का नाम और उनके गुणगान में वह शक्ति है जो मन को शांति और आत्मा को बल प्रदान करती है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम न केवल राम के भक्त बनेंगे, बल्कि उनके बताए मार्ग के पथिक भी बनेंगे। जब हमारे विचारों में शुद्धता, वाणी में मधुरता और कर्मों में मर्यादा होगी, तभी हमारे जीवन में वास्तविक 'राम' का जन्म होगा। यह पर्व हमें हर वर्ष इसी आशा और विश्वास के साथ नई ऊर्जा प्रदान करता है कि हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहाँ प्रत्येक व्यक्ति 'राम' के समान आदर्शवादी और न्यायप्रिय हो सके। यही रामनवमी का शाश्वत संदेश है और यही इसकी सार्वभौमिक प्रासंगिकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## रिहायशी छप्पर में लगी आग, सारा सामान खाक

**रामलक्षन देवरिया।** रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के शिवपुर पडरही ग्राम सभा में गुरुवार सुबह छप्पर के रिहायशी मकान में आग लग गयी। आग के चपेट में घर का और दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। तहसील क्षेत्र के शिवपुर पडरही निवासी धर्मेंद्र निषाद पुत्र पराग निषाद का घास - फुस और कटरेन का रिहायशी मकान था जिसके बगल में जनरल स्टोर का दुकान भी खोल रखा था। किराने का सामान,कापी,किताब व कोल्ड ड्रिंक बेचता था। गुरुवार की सुबह 7 बजे के लगभग घर में सब खाना बना रहे थे अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग इतनी विकराल हो गई कि जब तक दौड़ते हुए आग बुझाने के लिए पहुंचे तब तक दुकान और घर का सारा सामान जल के राख हो गया था जलते हुए आग को किसी तरह लोगों ने बुझाया। पीड़ित धर्मेंद्र निषाद ने बताया कि घर का सारा सामान गेहूं चावल कपड़े फ्रिज कूलर और दुकान का कॉपी किताब खाने पीने वाला सामान व नगद पंद्रह हजार था सब जल गया। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राज मंगल यादव व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीप शर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर संतावना दी और मदद करने का अश्वासन दिया तथा इसकी जानकारी ग्राम पंचायत के लेखपाल को भी उन्होंने दी ।

## सड़क हादसे में टेलर ने महिला को रौदा मौके पर मौत दो घायल




**सहजनवा गोरखपुर-** सहजनवां तहसील के गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट कट के पास सड़क पार करते समय अनियंत्रित टेलर ने महिला,बेटी,पति को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी से नगर बाजार बस्ती निवासी अमीना पत्नी अब्दुल रहमान 45 वर्ष अपनी बेटी तराना 12 वर्ष,पति अब्दुल रहमान 47 वर्ष के साथ बस्ती से वाहन पकड़ कर अपने रिश्तेदार के यहां पिपरौली आ रही थी। वह कालेसर जीरो प्वाइंट कट के पास वाहन से उतर कर पैदल मां बेटी,पति कट को पार कर रहे थे। उसी दौरान खलीलाबाद की तरफ से आ रहे टेलर ने तीनों को रौंद दिया। जिसमें महिला अमीना की मौके पर मौत हो गई। जबकि बेटी तराना 12 वर्ष,पति अब्दुल रहमान 47 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मदरसा के अध्यापक के विरूद्ध आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज




**आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल करने के मामले में हुई मदरसा अध्यापक पर कार्यवाही**

**रतनपुर/महाराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से एक मदरसा का कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने पहले शादी का झांसा देकर यौन शौषण किया फिर युवती को ब्लैकमेल करते हुए उसका आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब युवती के भाई के मोबाइल पर उसके बहन का आपत्तिजनक फोटो व वीडियो आया तो उसने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपी अध्यापक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। वहीं शिकायती पत्र पाकर पुलिस ने आरोपित अध्यापक महफूज आलम पुत्र छांगुर निवासी हरखपुरा टोला हड़तोहिया थाना घुघली के विरुद्ध बीएनएस की धारा 77, 352, 351(3) एवं आईटी एक्ट की धारा 67ए के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि मामले में अध्यापक के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# गोरखपुर ग़ोला क्षेत्र स्थित सरयू में डूबे मासूम का 36 घंटे बाद मिला शव, गोडियाना घाट पर दिखा दर्दनाक मंजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला - गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में सरयू नदी ने एक बार फिर मासूम की जिंदगी निगल ली। देवई पीपर गांव के दक्षिण सरयू नदी में डूबे 14 वर्षीय अमन का शव करीब 36 घंटे बाद गुरुवार तड़के बरामद हुआ। शव घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर पूरब रकौली के गोडियाना घाट के पास नदी किनारे मिला। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में मातम पसर गया। जानकारी के मुताबिक, अमन मंगलवार शाम अपने दोस्तों के साथ सरयू नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। साथियों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ी और खोजबीन शुरू हुई। दोस्तों की निशानदेही पर नदी किनारे अमन के कपड़े मिलने के बाद डूबने की आशंका पुख्ता हो गई।

सूचना मिलते ही गोला पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। बुधवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने स्टीमर के जरिए नदी में व्यापक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन पूरे दिन की मशक्कत के बावजूद अमन का कोई सुराग नहीं मिला। देर शाम टीम वापस लौटी, जबकि अगले दिन फिर से तलाश शुरू करने की योजना बनाई गई थी। इसी बीच गुरुवार सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों ने गोडियाना घाट के पास नदी किनारे एक शव उतराता देखा। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पहचान करने पर शव अमन का ही निकला। यह दृश्य इतना दर्दनाक था कि मौके पर मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नायब तहसीलदार जय प्रकाश और थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था, जिसके बाद शव बरामद हुआ। अमन दो भाइयों में छोटा था और कक्षा चार का छात्र था। उसके पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में खाड़ी देश में हैं और मौजूदा परिस्थितियों के चलते घर नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेटे की मौत की खबर से परिवार पूरी तरह टूट गया है। गांव में हर तरफ शोक की लहर है और लोग इस हादसे को लेकर बेहद दुखी हैं।

## ई - रिक्शा पलटने से युवक घायल




**सिद्धार्थनगर-** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र में एनएच हाइवे पर ग्राम बरगदवा के पास गुरुवार को एक ई-रिक्शा पलटने से एक युवक घायल हो गया, घायल युवक की पहचान सलीम ( 35) ढेबरूआ का निवासी बताया जाता है, जानकारी के अनुसार, सलीम ई-रिक्शा में दो बैटरी लेकर कहीं जा रहा था । बरगदवा गांव के समीप अचानक ई-रिक्शा का शॉकर टूट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि सलीम के सिर में गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। ग्रामीणों की मदद से घायल सलीम को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है लेकिन हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# गोरखपुर में पेट्रोल-डीजल संकट: ग्रामीण इलाकों में सूखे पंप, लोगों में बढ़ी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खज़नी गोरखपुर।** गुरुवार को जनपद में पेट्रोल और डीजल की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। खासतौर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हालात ज्यादा खराब नजर आए, जहां कई पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद मिले और ईंधन की आपूर्ति ठप रही। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र के नंदापार स्थित इंडेन, कटघर का शिवम फिलिंग स्टेशन, सतुआभार स्थित एचपी गैस एजेंसी, चतुरबंदुआरी पेट्रोल पंप समेत दर्जनों पंपों पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं रहा। कई जगहों पर पंपों के बाहर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लगे दिखे, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ईंधन की कमी के चलते ग्रामीण इलाकों में आवागमन प्रभावित हुआ है। बाइक और चारपहिया वाहन चालक पेट्रोल की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आए। कुछ जगहों पर सीमित मात्रा में पेट्रोल मिलने की खबर भी सामने आई, जहां लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक सप्लाई बाधित होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वहीं, अभी तक प्रशासन या तेल कंपनियों की ओर से इस समस्या को लेकर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। पिछले दिनों भी ईंधन की किल्लत को लेकर अफवाहों का दौर चला था, लेकिन इस बार जमीनी हकीकत में कई पंपों के बंद मिलने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। अगर जल्द ही आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन से लोगों ने जल्द से जल्द पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। वही जहाँ तेल उपलब्ध है वहाँ भीड़ को देख पम्प संचालक सटर गिरा दे रहे है ।

## ट्रक चालक 3.88 लाख रुपए का पशु आहार लेकर फरार केस दर्ज

**सहजनवां** - गोरखपुर सहजनवां ट्रक चालक पशु आहार से लदे ट्रक को लेकर फरार हो गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक मालिक और ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से कृष्ण कुमार पुत्र अवधेश चंद जो जीएस एग्रो एक्जिम प्राईवेट लिमिटेड इंदौर में तैनात है। कंपनी ट्रेडिंग का कार्य करती है। 13दिसंबर 2025 को मॉल विक्रेता कंपनी मंडेला श्री प्राईवेट लिमिटेड गोरखपुर से 30.160 एमटी पशु आहार जिसकी कीमत 3.88 लाख रुपए के करीब था।बाबा ट्रांसपोर्ट प्रो0 रजनीश त्रिपाठी को गोरखपुर गोदरेज एग्रोवेट राम नगर चंदौली के लिए भेजा था। लेकिन समय से ट्रक चालक सामान लेकर नहीं पहुंचा। ट्रक मालिक से संपर्क करने पर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद ट्रक चालक के गांव किशनपुर थाना बिरनी जिला गाजीपुर के यहां गया तो बताया गया कि वह झारखंड में है। गीडा थाने में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा कोई कारवाई नहीं किया गया। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया। आदेश पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक और इसके मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# रसोई गैस की मारा मारी के बीच डीजल पेट्रोल का संकट

**●-तेल की पर्याप्त उपलब्धता- डीएम**

**-धरातल पर स्थिति नाजुक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अश्वनी द्विवेदी रूद्रपुर, देवरिया।** रसोई गैस का संकट अभी थमने का नाम नहीं लिया। उपभोक्ताओं के बीच मारामारी जारी है। गैस एजेंसी संचालक अलग खेल तमाशा कर रहे हैं। बुकिंग के बाद भी सिलेंडर जाने किस गड्ढे में जा रहा है। इसी बीच डीजल व पेट्रोल को लेकर भी मारामारी शुरू हो गई है। बुधवार से शुरू हुआ यह संकट बृहस्पतिवार को भी बदस्तूर जारी रहा। क्षेत्र के कई पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। अचानक से ऐसा क्या हो गया कि लोग पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल लेने के लिए उमड़ पड़े। बिक्री इतनी बढ़ गई की देखते ही देखते तमाम पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। ईंधन खत्म होने की अफवाह सुनकर लोगों ने स्टोर करना शुरू कर दिया और कालाबाजारी भी होने लगी।रुद्रपुर क्षेत्र में राम लक्ष्मण स्थित इंडियन पेट्रोल पंप सहित डहरौली स्थित साहनी फ्युल और पिपरा कछार स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप सहित लगभग आधा दर्जन पेट्रोल पंप पर डीजल व पेट्रोल समाप्त हो गया। उपनगर के सबसे व्यस्ततम बत्स पेट्रोलियम पर भी खचाखच भीड़ जमा हो गई। हालांकि किसी तरीके से भीड़ को कंट्रोल किया गया और सीमित मात्रा में डीजल और पेट्रोल की बिक्री जारी रखी गई। वहीं बजरंग चौराहा स्थित राठौर पेट्रोलियम पम्प पर भी ज्यादा बिकवाली के चलते डीजल व पेट्रोल रिजर्व की स्थिति तक पहुंच गए। प्रत्येक व्यक्ति डीजल व पेट्रोल को लेकर सशंकित रहा। इस बीच जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे अफवाहों से परेशान ना हो।जिले में डीजल व पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है ।किंतु पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़ और देर तक लगी लाइन कुछ और ही बयां कर रहे हैं। गुरुवार को बैंक बंद होने के चलते भी संकट का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को बैंक खुला है और उम्मीद है की पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल की आवक बढ़ेगी और स्थिति सामान्य हो सकती है।

# गोरखपुर में पति हत्याकांड: एक और आरोपी गिरफ्तार, पारिवारिक विवाद बना जानलेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** थाना रामगढ़ताल क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पारिवारिक विवाद में हुई इस हत्या ने इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है और सभी आरोपियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थाना रामगढ़ताल पुलिस टीम ने मुकदमा संख्या 173/2026 से जुड़े आरोपी राहुल पुत्र रमेश बेलदार, निवासी काशीराम कॉलोनी, को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घटना 24 और 25 मार्च 2026 की दरम्यानी रात की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पारिवारिक कलह के चलते विवाद इतना बढ़ गया कि मृतक की पत्नी और उसके पुत्र ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि पीढ़ा और डंडे जैसे घरेलू सामान से किए गए इस हमले में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ताल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इस मामले में पुलिस पहले ही मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब राहुल की गिरफ्तारी के बाद जांच को और मजबूती मिली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है, ताकि पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों के खतरनाक रूप लेने की ओर ध्यान खींचा है।

# सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक का भी इलाज के दौरान मौत, पसरा मातम

**●हादसे में घायल चार लोगों में दो की हुई मौत तथा दो अन्य घायल आज भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित पेड़ारी चौराहे से करीब तीन सौ मीटर पूरब बीते 18 मार्च को हुए सड़क दुघर्टना में चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। वहीं रतनपुर सीएचसी के चिकित्सकों द्वारा चारो घायलों को रेफर कर दिया गया था। घायलों के परिजन रेहरा निवासी शाहिद अली पुत्र अकबर अली (18) व संदीप पासवान पुत्र गंगा पासवान (18) को नेपाल के पकलिहवां (भैरहवां) में इलाज करवा रहे थे। वहीं बीते मंगलवार की रात रेहरा निवासी घायल संदीप पासवान का इलाज के दौरान मौत हो गया। वहीं शिवपुरी निवासी पिता-पुत्र ग्यासुद्दीन पुत्र नसरूल्लाह (45) व अरजुल्लाह पुत्र नसरूल्लाह (16) का इलाज नौगढ़ स्थित एक अस्पताल में चल रहा था कि बृहस्पतिवार की सुबह इलाज के दौरान ग्यासुद्दीन पुत्र नसरूल्लाह (45) की भी मौत हो गई। ग्यासुद्दीन की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया।

**मृतक ग्यासुद्दीन मुर्गी का व्यापार कर करता था परिवार का भरण-पोषण**

मृतक ग्यासुद्दीन मुर्गी का व्यापार कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के पांच पुत्री व दो पुत्र हैं। जिसमें सबसे छोटा पुत्र अरजुल्लाह आज भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। पिता के मौत के बाद पुत्री हबीबुन निशा (21), सबीबुन निशा (19), रबीसुन निशा (18), शहनाज निशा (12), तबीबुन निशा (10) व पुत्र शाहिल (18), वहीं सबसे छोटा पुत्र अरजुल्लाह (16) व पत्नी साजिदा खातून का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दबंगों की पिटाई से युवक गंभीर, आईसीयू में भर्ती; मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार, गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम इटउआ उर्फ प्रेमगढ़ में दबंगों द्वारा एक युवक को डंडा और सरिया से बेरहमी से पीटकर घायल कर देने का मामला सामने आया है। घटना के बाद घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राम समझ निषाद ने गोला थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र विकेश गांव के शिव मंदिर के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही नसीब निषाद और उसकी पत्नी नर्बदा निषाद वहां पहुंचे और बिना किसी वजह के विकेश पर हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने मिलकर डंडा और लोहे की सरिया से युवक को जमकर पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों के मुताबिक, मारपीट के दौरान विकेश बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे गोरखपुर स्थित गायत्री अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए आईसीयू में भर्ती कर लिया। बताया जा रहा है कि युवक को अंदरूनी चोटें आई हैं और उसका मानसिक संतुलन भी प्रभावित हुआ है। घटना के संबंध में गोला पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## लोहे की रॉड से युवक पर हमला नामजद सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित के भाई बलराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मार्च 2026 की शाम करीब 6.30 बजे उसका भाई सौरभ सिंह चाय की दुकान पर जा रहा था। रास्ते में साहूजी के मकान के पास बैठा ही था कि तभी रामकुमार यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि रामकुमार यादव ने बिना किसी कारण के सौरभ सिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उसके साथ आए अन्य लोगों ने भी मारपीट की, जिससे सौरभ के हाथ सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चैत्र नवरात्रि पर भव्य चुनरी निशान पदयात्रा

**●श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक किया धर्मलाभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सातवें दिन नगर के गांधी नगर नई बस्ती स्थित श्रीराधा कृष्ण साहू समाज मंदिर से श्रीबैरावट माता धाम मंदिर तक भव्य चुनरी निशान पदयात्रा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पदयात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, हर कोई माता के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए उत्सुक नजर आया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर चुनरी और निशान को सजाया गया, जिसके बाद पदयात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे सभी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्तों ने सिर पर चुनरी और हाथों में ध्वज लेकर माता रानी के भजन गाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया। जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। पदयात्रा गांधी नगर नई बस्ती से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री बैरावट माता धाम मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी और निशान अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान पं.शिवम महाराज, पं.प्रवीण महाराज, पं.राहुल महाराज, पं.सत्यम महाराज, पं.शैलेंद्र महाराज एवं पं.सेतु महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने प्रवचनों में नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व शक्ति की उपासना का प्रतीक है और हमें जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि माता की भक्ति से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। वक्ताओं ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे नवरात्रि के इस पावन पर्व पर सदाचार, सेवा और संयम का पालन करें तथा समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोडने का कार्य करते हैं और लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत करते हैं। इस आयोजन में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। महिलाएं समूह बनाकर भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और यात्रा की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनरी निशान पदयात्रा का आयोजन भव्य रूप से किया गया है, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने सभी सहयोगियों, समाजसेवियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी तैनात रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। इस प्रकार चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन आयोजित यह भव्य चुनरी निशान पदयात्रा श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आई, जिसमें शामिल होकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ अर्जित किया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान शिवम महाराज, प्रवीण महाराज, राहुल महाराज, सत्यम महाराज, शैलेंद्र महाराज, सेतु महाराज, शोभाराम कौशिक, बॉबी राजा एवं प्रभात फेरी मंडली जयविजय, प्रेमनारायण, शंकर, गोलू, कपिल, लक्की, रूपेंद्र, धर्मेंद्र, इमारत, अभिषेक, मयंक, विशाल, मधुर, मयंक, जितेंद्र, लखन, सुरेन्द्र साहू, रिंकू राजू, विनय जोशी टेलर्स, पत्रकार देवेंद्र साहू, दीपांशु, स्वीटी, भावना, शिवानी, शिखा, वंश, ब्रज, हर्ष व समस्त आरती मंडली के साथ मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# क्षयरोगियों को मिली पोषण पोटली

**●बेहतर स्वास्थ्य के लिए पहल तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र में क्षयरोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर में सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है, जिससे वह बीमारी से जल्द स्वस्थ हो सकें। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार में दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार बेहद आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए पोषण पोटली का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि वह टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण और देखभाल में सहयोग करें। जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही निःक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को मूंगफली, सोयाबीन बड़ी, दाल, भुना चना, सत्तू, गुड़ एवं प्रोटीन पाउडर जैसी पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इससे मरीजों के खान-पान में सुधार होता है और उपचार का असर बेहतर होता है। परामर्शी चिकित्सक डा.जे.एस. बख्शी ने चेतावनी दी कि यदि मरीज बीच में दवा छोड़ देते हैं या उचित पोषण नहीं लेते, तो बीमारी का इलाज लंबा खिंच सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार या वजन कम होने जैसी समस्या हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर निःशुल्क जांच कराएं। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने कहा कि टीबी मरीजों की मदद के लिए निःक्षय मित्र बनने की पहल की जा रही है, जिससे समाज के लोग आगे आकर मरीजों के पोषण में सहयोग कर सकें। इस दौरान जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह एवं एनटीईपी स्टाफ सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। टीबी मरीजों को समय पर इलाज और उचित पोषण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करना।

## हादसा: खेत पर गए मासूम की कुएं में डूबने से मौत

**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के ग्राम ककडारी में गुरुवार को खेत पर गए एक मासूम की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम ककडारी निवासी सोहिल (12) पुत्र प्रदीप रजक गुरुवार को खेत की ओर गया था। इसी दौरान वह खेत के पास स्थित कुएं में गिर गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान कुएं में उसका शव दिखाई देने पर ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मासूम की अचानक मौत परिजनों में कोहराम मच गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार के बेटे ने कक्षा में पाया प्रथम स्थान विद्यालय ने किया सम्मानित



**बरेली**/हाफिजगंज के पत्रकार अधिवक्ता एके मिश्रा के पुत्र सत्यम मिश्रा ने विद्यालय में अपनी यूकेजी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का गौरव बढ़ाया इसके लिए विद्यालय परिवार की तरफ से सत्यम मिश्रा को विद्यालय की शिक्षक एवं प्रबंधक उषा द्विवेदी नरगिस शीतल आदि ने मेडल देकर सम्मानित किया इस पर लोगों ने सत्यम मिश्रा को बधाई दी।

### हरे भरे वृक्षों का दुश्मन बना वन विभाग एवं क्षेत्र के लकड़कट्टे से सांठगांठ पर्यावरण का कर रहे नुकसान




**मोहम्मदी** वन विभाग की मिलीभगत से लकड़कट्टे क्षेत्र में दिन रात हरे भरे फलदार वृक्षों का कर रहे अवैध कटान, देसी आम, गूलर, नीम, शीशम, आदि प्रतिबंधित पेड़ो को धड़ाधड़ लकड़कट्टो एवं वन विभाग के गठजोड़ से चोरी छिपे रातों रात काटा जा रहा है। क्षेत्र की हरियाली के दुश्मन बना वन विभाग एवं क्षेत्र के लकड़कट्टे। देसी आम के पेड़ो को कागजों पर कलमी पेड़ बनाकर क्षेत्र में देसी आम के पेड़ो की प्रजाति को लगभग विलुप्त करने पर तुला वन विभाग एवं लकड़कट्टे। क्षेत्र के चर्चित लकड़ी के ठेकेदार व अन्य के द्वारा सिसोरा में देसी आम के 25 पेड़ व नीम के वृक्षों का भारी मात्रा में कटान किया गया, इसके अतिरिक्त जनडेलपुरवा, व रतनपुर, पिपरा ग्रंट में भी भारी मात्रा में चार शीशम के बेशकीमती पेड़ो का लकड़ी के ठेकेदारों द्वारा वन विभाग से सांठ गांठ कर अवैध कटान किया गया

### जयकारों के साथ सलाहपुर ग्रंट के नवनिर्मित मंदिर में माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापित,भव्य



**शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब सलाहपुर ग्रंट**

**नीमगांव खीरी।** विकासखंड की ग्राम सलाहपुर ग्रंट स्थित माँ दुर्गा के पौराणिक स्थल पर नवनिर्मित मंदिर में बुधवार को विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापना संपन्न हुई। कार्यक्रम के तीसरे दिन सुबह वेदी पूजन, फलाधिवास, पुष्पाधिवास और हवन-पूजन के बाद एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा क्षेत्र के पांच प्रमुख शक्तिपीठों से होकर गुजरी। खानपुर ग्रंट के झाला, कल्लुवा मोती,लक्ष्मण नगर, कोरियानी और गहिया पुरवा स्थित माँ दुर्गा के मंदिरों में जाकर मूर्तियों का परस्पर मिलाप (मिलन) कराया गया। इसके पश्चात शुभ मुहूर्त में सलाहपुर ग्रंट के नवनिर्मित मंदिर में माँ की प्रतिमा को प्रतिष्ठित किया गया। धार्मिक अनुष्ठान को प्रमुख पुजारी रामनरेश पाल (प्रधान), नेतराम पाल, अशोक कुमार, इंद्रपाल और रामसागर ने पूर्ण कराया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मूर्ति स्थापना के उपरांत मनीराम पाल (ग्राम रोजगार सेवक, रावन कला एवं प्रधान प्रतिनिधि, सलाहपुर ग्रंट) द्वारा 151 कन्याओं को भोज कराया गया। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# तेंदुए के हमले से सात साल की मासूम की मौके पर मौत

## ● 12 घंटे उग्र धरना से मुआवजे के आश्वासन पर माने परिजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही-खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के फूठहा फार्म सिधौना गांव में तेंदुए के हमले से 7 वर्षीय मासूम सिमरन की दर्दनाक मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बच्ची के शव को रखकर उग्र धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे गांव में घंटों तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि बुधवार को सिमरन पुत्री जोगा सिंह घर के अंदर चारपाई पर सो रही थी, तभी अचानक तेंदुआ उसे उठाकर ले गया। कुछ ही देर में परिजनों ने तलाश शुरू की, तो घर से करीब पांच मीटर दूर गन्ने के खेत में बच्ची का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

घटना दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बेलरायां रेंज की है, जहां लंबे समय से जंगली जानवरों की आवाजाही से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

घटना के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा, आवास, आश्रित को सरकारी नौकरी और गांव में बाउंड्री वॉल बनाई जाए।

सूचना मिलते ही खीरी के डीएफओ कीर्ति चौधरी, उपजिलाधिकारी निघासन राजीव निगम, एसडीओ मनोज तिवारी, निघासन क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, वन रेंजर भूपेंद्र सिंह, सिंगाही थाना अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे सहित भारी पुलिस और पीएसी बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। करीब 12 घंटे तक चले उग्र धरना-प्रदर्शन के बाद प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर परिजन शांत हुए और धरना समाप्त कर दिया गया।

वहीं, वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए सक्रिय कर दी गई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ा जाए और इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## कोल्हू की कड़ाही में गिरने से युवक की मौत, तीन पर केस दर्ज

### ● विधायक ने परिवार को दी मदद।




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर-खीरी** के नीमगांव थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव में गन्ना कोल्हू पर काम करते समय एक युवक के साथ दर्दनाक हादसा हो गया, जिसकी 12 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 11 मार्च की बताई जा रही है।मलिकपुर गांव निवासी कुलदीप कुमार गौतम गांव के ही साजिद खान के गन्ना कोल्हू पर काम करते थे। काम के दौरान अचानक उनकी चप्पल फिसल गई और वह खौलते गन्ने के रस से भरी कड़ाही में गिर पड़े। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गए।घटना के तुरंत बाद कोल्हू मालिक ने उन्हें जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। बाद में परिजनों की सहमति से उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 23 मार्च को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

युवक की मौत के बाद परिजनों ने कोल्हू मालिक और अन्य लोगों पर लापरवाही के आरोप लगाए नीमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, कोल्हू मालिक साजिद खान का कहना है कि घायल युवक का इलाज परिजनों की सहमति से कराया जा रहा था।घटना की जानकारी मिलने पर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। मृतक की पत्नी को रसोइया के पद पर नियुक्त किया जाए और उनकी दोनों बेटियों की निशुल्क शिक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर परिवार को न्याय दिलाने के निर्देश भी दिए।

## गैस एजेंसी मालिक का नया कारनामा, उपभोक्ता का नंबर हटाकर दूसरा नंबर जनरेट कर ओटीपी मंगाकर की जा रही गैस की कालाबाजारी




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उचौलिया लखीमपुर खीरी।** इण्डेन गैस एजेन्सी संचालक का नया कारनामा उपभोक्ता का नंबर हटा कर दूसरा नम्बर जनरेट कर हुक्कमंगा कर फिर उपभोक्ता का नम्बर डाल दिया जाता है। कुछ इस तरह से होती है गैस की कालाबाजरी।

किरियारा इण्डेन गैस एजेंसी मालिक जबरन पास बुक छीन कर चढा देते सिलेंडर।

गैस की किल्लत से परेशान पब्लिक वहीं गैस एजेंसी मालिक ब्लेक में सिलेंडर बेच कर भर रहे अपनी जेबें। योगी सरकार का कहना है कि जिसके पास आवस्यकता से अधिक गैस या डीजल पेट्रोल होगा उस पर होगी कानूनी कार्यवाही।

वहीं गैस मालिक 800 रुपये में बिकने बाला सिलेंडर 300 रुपये किलो के हिसाब से बेच रहे गैस। जानकारी अनुसार चौकी ताजपुर क्षेत्र के अंतर्गत किरियारा इण्डेन गैस एजेंसी के मालिक रासिब अपनी दबंगई के बल पर पब्लिक को दिया जाने बाला सिलेंडर ब्लेक में बेच कर भर रहे अपनी जेबें। पीड़ित का लड़का जब सिलेंडर लेने जाता है तो एजंसी मालिक रासिब जबरदस्ती पास बुक छीन कर चढा देता सिलेंडर और यह कह कर भगा देता की तुम सिलेंडर ले जा चुके हो।

जबकि पीड़ित का कहना है हम तीन चार महीने से बाहर नोयडा में मजदूरी करते हैं हमने कोई सिलेंडर नहीं लिया। लेकिन एजंसी मालिक को तो अपनी जेबें भरना है पीड़ित को दिया जाने बाला सिलेंडर रासिब को ब्लैक में बेचना है। अब देखना है योगी सरकार में ऐसे एजंसी मालिको पर क्या कार्यवाही की जाएगी।

## टूण्डला के मुख्य बाजार में विद्युत पोल में लगी भीषण आग, मची अफरातफरी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला-** टूण्डला के मुख्य बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विद्युत पोल में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई और मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विद्युत पोल से अचानक चिंगारियां निकलनी शुरू हुई, जिसके बाद कुछ ही क्षणों में आग ने विकराल रूप ले लिया। पोल में लगी आग को देखकर दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान की ओर रुख किया। वहीं, राहगीर भी भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम महज 5 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की दुकानों और संपत्ति को नुकसान होने से बचा लिया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कुछ समय तक बाजार में दहशत का माहौल बना रहा, हालांकि स्थिति अब पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है। प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## नवारम्भ उत्सव: नवचेतना का मंगलारम्भ



**मनकापुर गोण्डा :** नव शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ के पावन अवसर पर कंपोजिट विद्यालय केशव नगर ग्रांट शिक्षा क्षेत्र बभनजोत में आयोजित 'नवारम्भ उत्सव' अत्यंत गरिमामय, सुसंस्कृत एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।माँ सरस्वती के समक्ष श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजन-अर्चन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं पवित्रता से आलोकित हो उठा तथा बालकों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ की गईं। तत्पश्चात् नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे उनके कोमल मनों में विद्यालय के प्रति अपनत्व एवं उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय वर्मा , पृथ्वीराज दुबे अखिलेश कुमार संतोष कुमार गुप्ता असीम वर्मा उर्फ राहुल, राम तौल वर्मा, सरिता वर्मा, जय प्रकाश मिश्रा, मोल्हू प्रसाद वर्मा, सुमन यादव, मालती वर्मा ,शांति यादव समेत तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

## इंटर कॉलेजों में प्राथमिक उपचार के लिए मेडीसन किड लगवाने की मांग की



**बरेली।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बरेली के अध्यक्ष डाक्टर लाखन सिंह , जिला मंत्री डाक्टर अजीत सक्सेना , संगठन मंत्री विवेक मोहन सिंह ने सीबीगंज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह सहित दर्जनों स्कूलों के प्रधानाचार्यो ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह से एक शिष्टाचार पूर्ण भेंट कर इंटर कालेजों में प्राथमिक स्वास्थ्य के लिए मेडीकल किड लगवाने का आग्रह किया।

ताकि अकस्मात छात्र छात्राओं के साथ दुर्घटना होने पर मामूली चोट लगने , रक्तस्राव रोकने के लिए प्राथमिक चिकित्सा बाक्स उपलब्ध कराने के लिए कहा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा शीघ्र ही विद्यालयों में प्राथमिक चिकित्सा बाक्स उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## ब्लॉक प्रमुख की कड़ी नाराजगी के बाद सचिव ने वितरित की खाद







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली**/क्यों लड़िया विकासखंड भदपुरा मैं स्थित क्यों लड़कियां साधन सहकारी समिति पर खाद लेने आए किसानों के आधार कार्ड लेने के बाद सचिन समिति पर ताला डालकर चले गए कह दिया मशीन नहीं चल रही है लंबा इंतजार करने के बाद किसानों ने भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार से इस मामले में शिकायत की जिला इस पर ब्लॉक प्रमुख ने साधन सहकारी समिति क्यों लड़िया के सचिव अरविंद गौतम को फोन करके खाद्य वितरण करने को कहा पहले तो उसने मशीन ना चलने का बहाना किया।

बाद में कहा वसूली चल रही है सचिव की इस हेरा फेरी की के लिए ब्लॉक प्रमुख ने इस बाबत जिला प्रबंधक को अवगत कराया तब कहीं से की इस पर आर एम ने गंभीरता से लेते हुए सचिव को समिति पहुंचकर खाद्य वितरण करने का निर्देश दिया बाद में ब्लॉक प्रमुख को फोन कर के किसानों को खाद वितरण करवाने का आश्वासन दिया इसके उपरांत सचिव ने समिति पहुंचकर किसानों को खाद बांटना प्रारंभ किया।

## आयुर्वेद का उपचार ही सनातन की पहचान है डा आर्य विधायक



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/रिठौरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता में शिक्षा,चिकित्सा, सड़क एवं परिवहन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार लगातार नित नये आयाम गढ़ रही है। सरकारी,गैर सरकारी संगठनों द्वारा चिकित्सा व्यवस्था में लगातार सहयोग कर आम जनमानस के जीवन को सुगम बनाने की पहल के अंतर्गत बुधवार को कृतिका आयुर्वेदिक अस्पताल का शुभारंभ विधायक डॉ एमपी आर्या, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ ए0के0 गंगवार, डॉ मीनाक्षी गंगवार, डॉ केपी गंगवार, डॉ स्मृति गंगवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आर्या ने अपने संबोधन में कहा उत्तर प्रदेश सरकार सदैव स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

डॉ केपी गंगवार ने समाज के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय योगदान दिया है। इस दौरान डॉ पोशाकी लाल राठौर, भुवन गंगवार, शिक्षक प्रेम शंकर गंगवार, राजेश कुमार गंगवार, लियाकत खां, प्रदीप कुमार गुप्ता, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नवोदय क्लासेज को बड़ी कामयाबी, दो छात्रों ने अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ की कक्षा-6 प्रवेश परीक्षा पास की



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील के सिकन्दाबाद-अज़ान क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने मंडल-स्तरीय आवासीय विद्यालय में जगह बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया; शिक्षक अशोक वर्मा को दिया गया श्रेय, गोला तहसील के ग्राम सिकन्दाबाद और अज़ान कस्बे में संचालित नवोदय क्लासेस को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। संस्थान के दो विद्यार्थियों ने लखनऊ स्थित अटल आवासीय विद्यालय की कक्षा-6 प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। चयनित छात्रों में रचित कुमार वर्मा (पुत्र इंद्रेश वर्मा, निवासी ग्राम मुडा विश्नू) और मोहम्मद उमेर (पुत्र वसीमुद्दीन, निवासी मुडा विश्नू) शामिल हैं।

संस्थान के शिक्षक अशोक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अटल आवासीय योजना के अंतर्गत प्रत्येक मंडल में केवल एक ही आवासीय विद्यालय संचालित होता है, ऐसे में इस परीक्षा में सफलता पाना विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है।

विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय शिक्षक अशोक वर्मा के कठिन परिश्रम और मार्गदर्शन को दिया। सफल छात्रों के परिजनों ने संस्थान की शिक्षण पद्धति और अनुशासन की सराहना की। क्षेत्र में इस खबर से हर्ष का माहौल है और नवोदय क्लासेस को लगातार मिल रही सफलताओं ने संस्थान की साख और मजबूत की है।


## सिंगाही दरोगा पर रिश्वत का आरोप, वीडियो आइडियो के बाद बढ़ा विवाद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही खीरी।** थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक स्थानीय व्यक्ति ने थाने में तैनात दरोगा मोहित पर 6000 रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने घटनाक्रम को बताकर बनवाया वीडियो। पीड़ित ने बताया कि, 8 मार्च को उसके खेत में कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग बकरियां चरा रहे थे। जब उसका नाबालिग बेटा बकरियों को भगाने गया, तभी एक बकरी खेत के पास लगे तार में फंसकर मर गई। आरोप है कि इस बात को लेकर दबंगों ने बच्चे को बेरहमी से मारा, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पड़ गए।

घटना के बाद पीड़ित ने 8 मार्च को थाने में तहरीर दी। तहरीर आधार पर 9 मार्च को दर्ज मुकदमे में पुलिस ने पीड़ित के नाबालिग बेटे और आरोपियों–दोनों पर समान धाराएं लगा दीं। इससे पीड़ित ने न्याय न मिलने की बात कही।जिसपर घटना समय मौजूदा थाना प्रभारी ने मामले की विवेचना दरोगा मोहित को दी, मोहित दरोगा पीड़ित के घर पहुंचे, जहां उन्होंने उसे डराया-धमकाया और धाराएं हटाने के नाम पर ?6000 ले लिए। जिसका वीडियो पीड़ित ने स्वतंत्रता पूर्वक बनवाकर कबूला।

पीड़ित ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर उच्च अधिकारियों को ट्वीट के माध्यम से अवगत कराया। ट्वीट के बाद गुस्साए दरोगा मोहित फिर से पीड़ित के घर पहुंचे और उसपर वर्दी की धौंस दिखाते हुए दबाव बनाने लगे कि लिखित में दो की हमने कोई पैसा नहीं लिया। पीड़ित दरोगा के दबाव



के कारण परेशान होकर पीड़ित घर से कहीं निकल गया रात भर घर नही आया।मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और लोग निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया विधिवत पूजा अर्चना कर मेला चैती कार्यालय का उद्घाटन

### ●मेले का भव्य शुभारंभ 28 मार्च, को जबकि समापन 16 अप्रैल 2026 को

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** 25 मार्च 2026 गुरुवार दुर्गा महाष्टमी को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभासदों के साथ मेला चैती के कार्यालय का शुभारंभ पं0 लवकुश शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन करवाया गया। बताते चलें कि इसी मेला चैती कार्यालय से 28 मार्च 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रशासनिक व्यवस्था के साथ नगर पालिका परिषद की विभिन्न गतिविधियों का संचालन निष्पादित किया जाएगा।



इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा विनोद स्वर्णकार, पूर्व कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, सभासद राजेश वर्मा, दानिश राइन, हर्ष अवस्थी, राजीव सैनी अल्लू, धर्मेन्द्र जायसवाल, सुशील कश्यप, अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, सौरभ तिवारी, सुफियान खान, पूर्व युवा मोर्चा नगरअध्यक्ष विजय मिश्रा, नगर महामंत्री हिमांशु सिंह, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा,वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी, राम सिंह, विमलेश वर्मा,पंकज राठौर, अंकित गुप्ता, रवि कुमार, रीतेश कुमार, रमेश कुमार, हर्ष कटियार, एड.जे एस अवस्थी सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नवरात्र अष्टमी मां भगवती के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


**गोपीगंज।** चैत्र नवरात्र अष्टमी के दिन मां भगवती के दरबार मे दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओ का हुजुम उमड़ पड़ा। गुरुवार को आदि शक्ति मां दुर्गा का देवी महागौरी के रुप में दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गएद्य घंटा घड़ियाल शंख ध्वनि के बीच श्रद्धालुओ के जय जय कार से परिसर गुंजायमान रहा। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों मे स्थित देवी मंदिरो पर स्नान ध्यान कर प्रातः काल से ही लोग पहुचने लगे थे समय के साथ ही कतार लम्बी होती चली गई, कतार मे लगे भक्त अपनी बारी का इंतजार करते रहे। नवरात्र के आठवे दिन मां दुर्गा का मां महा गौरी के रुप मे श्रृंगार किया गया, रंग विरंगे सुगंधित पुष्पों से श्रृंगार के उपरांत निखरे अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गए। प्रातः काल ही सदर महाल स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, चौरा माता मंदिर, बंबा देवी, काली माता मंदिर काली महाल के साथ शीतला मंदिर लालापुर व गंगा तट पर विराजमान मां शीतला धाम डेरवा, शक्ति धाम तिंलगा मे भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान मंदिर परिसर में दिन भर भजन कीर्तन का क्रम चलता रहा।

## अस्पताल ने मृत घोषित किया, चिता पर जिंदा निकला

**भदोही।** जनपद के औराई क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां अस्पताल द्वारा मृत घोषित किया गया व्यक्ति चिता पर जिंदा निकल आया। जानकारी के अनुसार, औराई कोतवाली क्षेत्र के खेतलपुर गांव के पास सड़क हादसे में घायल सायर गांव निवासी अनिल वनवासी (40) को वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पहुंचे। चिता सजाने के दौरान अचानक अनिल के शरीर में हरकत हुई और सांसें चलती महसूस हुईं। यह देख मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन उन्हें चिता से उठाकर औराई ट्रामा सेंटर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है। घटना के बाद परिजनों ने संबंधित अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उपचार के दौरान लगातार पैसे जमा कराने का दबाव बनाया गया और बाद में गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सकीय लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## दक्षिणी काली माता का हुआ भव्य श्रृंगार

### सप्तमी तिथि पर बुधवार रात्रि में मां कालरात्रि का किया गया भव्य पूजा पाठ



**सीखड़ मीरजापुर,** वासंतिक नवरात्र के सप्तमी तिथि पर बुधवार रात मां कालरात्रि का दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दक्षिणी माता का दर्शन पूजन किया। सीखड़ क्षेत्र के मगरहा लरछूट संपर्क मार्ग पर स्थित काली मंदिर पर दक्षिणी माता का भव्य श्रृंगार किया और मां को नैवेद फल फुल अर्पित किया गया। इस दौरान महिला पुरुष श्रद्धालुओ ने दक्षिणी माता का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। पंकज बाबा, उपासीका ज्योति सिंह, विक्की पुजारी आदि ने श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन कराया। इस दौरान आदित्य शंकर पांडेय, आशीष पांडेय, डॉ. विंध्यबहादुर सिंह, अनील सिंह, उमेश विश्वकर्मा, राजू सिंह, सत्यम मिश्रा, शैलजा मिश्रा, सांस्कृति मिश्रा, ध्रुव मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु नर नारी भक्त उपस्थित रहे।

## शराब की दुकानों में चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

**मिर्जापुर।** अहरौरा पुलिस को बुधवार की रात्रि बड़ी सफलता मिली। भिन्न-भिन्न शराब की दुकानो से चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया। सटीक सूचना के आधार पर दो अभियुक्तों को अहरौरा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया। मौका देखकर भाग रहे दो और को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार चोरी का माल रखने के लिए चोरों ने वेयरहाउस बना रखा था। जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्र की देशी शराब की दुकानों को टारगेट कर चोरियां करते थे। मिर्जापुर और सोनभद्र के 7 जगहों से हुई थी शराब की चोरी। पैर में गोली लगने वाले अभियुक्त करन बिंद पर 6 और गंगाराम बिंद पर 12 मुकदमे पहले से दर्ज है। गिरफ्तार चार शातिर चोरों में तीन चंदौली के एक मिर्जापुर का रहने वाला है। पुलिस ने पूछताछ कर चारों को जेल भेज दिया। एएसपी ऑपरेशन मनीष मिश्रा के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी गई।

# सम्राट अशोक की जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** बौद्ध महासभा सुष्मारगिरि चुनार द्वारा सम्राट अशोक का जन्मोत्सव बुधवार को सरैया सिकंदरपुर स्थित विमल उत्सव वाटिका में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम दो चरणो में सम्पन्न हुआ। पहले चरण का शुभारंभ पूज्य भत्ते विनय दत्त तथा संघदीप द्वारा संयुक्त रूप से पूजा वंदना से हुआ। जिसकी अध्यक्षता काशी विद्यापीठ वाराणसी के प्रो चंद्रशेखर सिंह,मुख्य अतिथि सामाजिक चिंतक जगन्नाथ कुशावाहा तथा विशिष्ठ अतिथि ई रामनरेश रहे। संचालन रंग बहादुर सिंह ने किया।कार्यक्रम में पूज्य भत्ते विनय दत्त तथा संघदीप को चीवर तथा बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। तीन बौद्ध उपासक नयन वर्मा ,रामदुलारे बौद्ध तथा विजय कुमार मौर्य को सम्राट अशोक का चित्र देकर सम्मानित किया गया ,महासभा के दो पदाधिकारी राजनरायन सिंह तथा अजय कुमार मौर्य को भी अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।महिला वक्ता शालिनी कुशावाहा को ज्योतिराव फूले व सावित्रीबाई




का चित्र देकर सम्मानित किया।सम्राट अशोक के जीवन पर प्रियदर्शी अशोक सिंह, शालिनी कुशावाहा, ई रामनरेश व मुख्य अतिथि ने प्रकाश डाला।द्वितीय चरण में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिनमें सुष्मारगिरी साहित्यिक मंच चुनार द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार हरिवंश सिंह बवाल को शाल व माता सावित्री बाई साहित्य सम्मान व नाथ सोनांचली को कुशवाह कांत साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

आये सभी कवियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रियदर्शी अशोक सिंह, गोपाल कुशावाहा, राधेश्याम पाल, यथार्थ विष्णु, प्रदुम्न त्रिपाठी, मोहन लाल यादव, छोटेलाल सिंह मनमीत, नाथ सोनांचली, राजकुमार राजन, अनवर अली अनवर, प्रमोद कुमार मौर्य, शीतला गौरव, जयप्रकाश जय, संजय यादव उमंग, माखनलाल झटपट, रामनरेश नरेश, राजनरायन सिंह, अजय कुमार मौर्य ने एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनाई, जिसे सुनकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।अध्यक्षता जय प्रकाश जय संचालन नाथ सोनांचली ने किया। इस अवसर पर रणवीर सिंह, सभासद करतार सिंह, हनुमान ऑटो सेल्स के प्रोपाइटर सौरभ पुजारी, धीरेन्द्र सिंह, प्रशांत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर्व के अवसर पर नगर पंचायत सुरियावा में राम दरबार की निकाली गई भव्य झांकी



**सुरियावा** 26 मार्च 2026 गुरुवार चैत्र रामनवमी के अवसर पर सुरियावा में भव्य राम दरबार की झांकी 52 बीघा तालाब से निकल गई जिसमें घोड़े रथ डीजे तथा आकर्षक ढंग से राम दरबार को सजाकर रामबाग नेता नगर होते हुए चौक से बघेल कटरा होते हुए पुरानी बाजार होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों में घुमाया गया इसे मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष सुरियावा मनीष कुमार की अगवाई में पुलिस फोर्स के जवान लगातार जुलूस में के साथ चक्करमन करते रहे तथा नगर के लोग भी पढ़-चढकर जुलूस हिस्सा लिया

## पेट्रोल पंपों पर सप्लाई संकट, सीमित ईंधन से जूझ रहे वाहन चालक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और आपूर्ति बाधित होने के कारण क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल का संकट गहराता जा रहा है। गोपीगंज समेत आसपास के इलाकों में कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हुई है। कुछ पंपों पर पूरी तरह सप्लाई बंद है, जबकि कई जगह सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है। हालात यह हैं कि वाहन चालकों को एक-दो लीटर ईंधन देकर ही वापस किया जा रहा है। इस स्थिति से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दूर-दराज यात्रा करने वाले लोग असमंजस में हैं कि वे अपनी मंजिल तक कैसे पहुंचेंगे।

पेट्रोल पंप कर्मियों का कहना है कि सीमित स्टॉक के चलते उन्हें सभी उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर ईंधन वितरण करना पड़ रहा है, जिससे वे भी दबाव में हैं। वहीं लोगों में आशंका का माहौल बन गया है। कई वाहन चालक ज्यादा से ज्यादा ईंधन जमा करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय तनाव जारी रहा तो कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आ सकता है, जिसका सीधा असर देश में ईंधन आपूर्ति पर पड़ेगा। फिलहाल प्रशासन और तेल कंपनियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## मायके जाने को लेकर विवाद के बाद विवाहिता ने लगाई फांसी, दहेज प्रताड़ना का आरोप

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कौलापुर में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। कौलापुर निवासी नीलम माली (25), पत्नी ओमप्रकाश माली ने अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर एंगल से लटककर जान दे दी। बताया जाता है कि घटना से पहले पति-पत्नी के बीच मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था। पति, जो फूल-माला बेचने का कार्य करता है, ने नवरात्रि के बाद मायके भेजने की बात कही थी, जिससे आहत होकर विवाहिता ने यह कदम उठा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छत काटकर कमरे में प्रवेश किया और शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की शादी मई 2020 में हुई थी और उसका तीन वर्ष का एक पुत्र भी है। वहीं मृतका के पिता ने दहेज प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही एक लाख रुपये और सोने की सिकड़ी की मांग को लेकर उनकी पुत्री को प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो पति और सास घर से फरार मिले। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव पर निकलेगा भव्य शोभा यात्रा की झाकी

● आस्था का केंद्र बना व भगवामय हुआ ड्रमंडगंज बाजार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** श्री राम जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा को भव्य और व्यवस्थित ढंग से मनाने के उद्देश्य से श्री राम जन्मोत्सव समिति ड्रमंडगंज का सर्व सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से अनिल केसरी को अध्यक्ष चुना गया। समिति में ज्ञान प्रकाश केशरी एवं अंजनी सोनी को उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल केसरी और बाबा को कोषाध्यक्ष मनाया गया वहीं सत्रुधन केसरी को कार्यक्रम प्रभारी शिवम केशरी को शोभायात्रा संचालक पिंटू केसरी को डीजे कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई सोनू केसरी को महामंत्री अंकित केसरी को मंत्री बजरंग दल के संयोजक के रूप में ओम चौरसिया अन्नु सोनु तथा सहसंयोजक के रूप में अनूप केसरी का चयन किया गया संचालक समिति में निहाल चौरसिया आशीष केसरी धनंजय केसरी रोहित केशरी सुशील केसरी और राजेश गुप्ता और बाबा को व्यवस्थापक बनाया गया संरक्षण मंडल में लव कुश केसरी पूर्व प्रधान कौशल गुप्ता वर्तमान प्रधान सुरेश केसरी शत्रुघ्न केसरी नारायण गुप्ता दिलीप चौरसिया संजू केसरी ओंकार नाथ केसरी और अभय केसरी को शामिल किया गया नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल केसरी ने बताया कि भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भव्य झांकी और रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में निकलने वाली शोभा यात्रा क्षेत्र में विशेष आकर्षण का केंद्र होती है जिसे देखने के लिए दूर दराज से श्रद्धांजलू पहुंचते हैं कार्यक्रम संयोजक पिंटू केसरी ने बताया की शोभायात्रा के लिए विस्तृत रोड मैप तैयार किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं जिससे संयोजक शांतिपूर्ण और सफल बनाया जा सके।

# नवरात्र में महिला थाना टीम ने किया कन्या पूजन, 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:** वासंतिक नवरात्र के पावन अवसर पर जनपद भदोही में महिला सशक्तिकरण की दिशा में विशेष पहल की गई। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह ने हमराह आरक्षी साक्षी त्रिपाठी व अंजलि गौड़ के साथ थाना ज्ञानपुर क्षेत्र के मुसहर बस्ती तेजीपुर में पहुंचकर कन्या पूजन किया और प्रसाद वितरित किया। इस दौरान 'मिशन शक्ति फेज-5.0' अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

महिला पुलिस कर्मियों ने वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम-1930



समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चल रहे इस अभियान के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## सपा कार्यालय में मनाई गई सम्राट अशोक जयंती, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय (लोहिया ट्रस्ट) कंसापुर, ज्ञानपुर में सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने तलवार के बल पर नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और मानवता के बल पर लोगों के दिलों को जीता। वे केवल चक्रवर्ती सम्राट ही नहीं, बल्कि शांति और मानवता के सच्चे दूत थे।

उन्होंने कहा कि कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन हुआ और 'चंड अशोक' से 'धम्म अशोक' बनने की उनकी यात्रा मानवता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शस्त्रों का त्याग कर भगवान बुद्ध के मार्ग को अपनाया और अहिंसा, न्याय व धर्म का संदेश दिया।




कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि राष्ट्रीय ध्वज में अंकित अशोक चक्र और राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ हमें न्याय, धर्म और अहिंसा की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर विधायक जाहिद बेग, हृदय नारायण प्रजापति, सोभनाथ यादव, संतोष यादव, लालचंद बिंद, केश नारायण यादव, चांद बाबू, दिलीप भीम कनौजिया, संदीप यादव मंकी, सूबेदार विश्वकर्मा, डॉ. बेब्बूलाल यादव, रवि यादव, महेंद्र, दिलीप सहित जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसेवा की नई मिसाल: वार्ड नंबर 7 में आशीष कुमार सिंह ने निजी खर्च से रोशन किए गांव, विकास की बदली तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद के वार्ड नंबर 7 में एक युवा जनप्रतिनिधि ने अपने कार्यों से यह साबित कर दिया है कि अगर सोच सकारात्मक हो तो बिना सरकारी सहयोग के भी विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। जिला पंचायत सदस्य आशीष कुमार सिंह द्वारा अपने निजी खर्च से लगातार किए जा रहे विकास कार्य आज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

**गांव-गांव तक पहुंची रोशनी**

इकौनी, भटेवरा और झीटकेपुर जैसे गांवों में अब अंधेरा बीते दिनों की बात हो चुकी है। अपने निजी खर्च से लगभग 350 स्ट्रीट लाइट लगवाकर ग्रामीण इलाकों को रोशन किया है। इससे ग्रामीणों को रात में आवागमन, सुरक्षा और दैनिक जीवन में बड़ी राहत मिली है।

**धार्मिक स्थलों को भी दी प्राथमिकता**

केवल सड़कों तक ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। मंदिर परिसरों में स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट लगवाकर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की गई है। इसी क्रम में इकौनी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित गुरु साहब बाबा मंदिर प्रांगण में हाल ही में एक हाई मास्ट लाइट लगवाई गई, जिससे पूरा परिसर जगमगा उठा है हाई मास्ट लाइट का बड़ा अभियान अब तक वार्ड नंबर 7 में 5 हाई मास्ट लाइट अपने निजी खर्च से लगाई जा चुकी हैं, और आने वाले समय में 15 और हाई मास्ट लाइट लगाने की योजना बनाई है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

सरकारी उपेक्षा के बीच निजी प्रयास स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक ओर क्षेत्र में सरकार, सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष एक ही राजनीतिक दल से जुड़े होने के बावजूद वार्ड नंबर 7 को विकास से अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका, वहीं अपने व्यक्तिगत संसाधनों से विकास कार्य कर यह दिखा दिया कि जनसेवा केवल वादों से नहीं, बल्कि कार्यों से होती है। 'अंधेरे में सूरज' बनकर उभरे ग्रामीणों के अनुसार, जिन गांवों में कभी अंधेरा छाया रहता था, वहां आज रोशनी फैल चुकी है। 'अंधेरे में सूरज' की तरह देख रहे हैं, जिन्होंने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग और हर क्षेत्र तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया है।

**जनता का समर्थन और आभार**

पूरी ग्राम पंचायत इकौनी सहित आसपास के गांवों के लोगों ने आशीष कुमार सिंह को तहे दिल से धन्यवाद और बधाई दी है। ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे, चाहे सुख हो या दुख।



वार्ड नंबर 7 में हो रहे ये कार्य इस बात का उदाहरण हैं कि एक समर्पित जनप्रतिनिधि अपनी इच्छाशक्ति और सेवा भावना से क्षेत्र की तस्वीर बदल सकता है। आशीष कुमार सिंह की यह पहल न केवल विकास की दिशा में मील का पत्थर है, बल्कि अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

## बिध्य गैस एजेंसी के संचालक के लापरवाही से ड्रमंडगंज बाजार मे गैस की किल्लत




● ड्रमंडगंज के लोग गैस सिलेंडर को लेकर बाजार वासी परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के लोग गैस सिलेंडर को लेकर परेशान नजर आए बाजार वासियों ने बताया कि हलिया ड्रमंडगंज बाजार से काफी दूर है लोगों को आने जाने में समस्या होता है जिस घर के लोग बाहर नौकरी करने गए हैं उनके घर में महिलाएं हैं वह गैस हलिया से ले आने में असमर्थ हैं पहले तो बाजार में रखवा कर डंप करवा कर गैस बितरित किया जाता था अब गैस की कील्लत हो गया तो बाजार वासियों को नहीं मिल पा रहा है गैस सिलेंडर बाजार के लोग गैस सिलेंडर की किल्लत झेल रहे हैं तमाम लोग गैस सिलेंडर का ऑनलाइन करवा कर बुक करवा देते हैं बाद में जाने पर पता चलता है कि उनके नाम का सिलेंडर निकल गया उनको नहीं मिला जिसे लेकर बाजार वासियों ने जिला प्रशासन का ध्यान क्षेत्र की तरफ दिलाना चाहते हैं कि लोगों को गैस सिलेंडर की कील्लत से छुटकारा मिल सके साथ ही साथ क्षेत्र के लोग विभागीय अधिकारियों को फोन करते हैं तो विभागीय अधिकारी कहानी बता कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

## सागररायपुर 5 वर्षो से चल रही चुनाव याचिका खारिज,ग्राम प्रधान रिंकू देवी को मिली राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 26 मार्च 2026/ ग्राम पंचायत सागररायपुर, विकास खंड डीघ से संबंधित चर्चित चुनाव याचिका मनोज बनाम रिंकू देवी मामले में उपजिलाधिकारी न्यायालय, ज्ञानपुर द्वारा महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया गया है। यह मामला पिछले लगभग पाँच वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन था, जिस पर अब न्यायालय ने अंतिम निर्णय दे दिया है।




न्यायालय के इस निर्णय से वर्तमान ग्राम प्रधान रिंकू देवी को बड़ी राहत मिली है। चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए दायर इस याचिका में विभिन्न आरोपों और तथ्यों के आधार पर मामला प्रस्तुत किया गया था। बीते पाँच वर्षों के दौरान इस प्रकरण में कई बार सुनवाई हुई, जिसमें दोनों पक्षों द्वारा अपने-अपने तर्क और साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सभी तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करने के उपरांत माननीय उपजिलाधिकारी न्यायालय, ज्ञानपुर ने याचिका को खारिज कर दिया। निर्णय के बाद ग्राम प्रधान रिंकू देवी ने न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें शुरू से ही न्याय व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास था। उन्होंने कहा, 'सत्य परेशान होता है, लेकिन पराजित नहीं।'

उन्होंने इस पूरे प्रकरण में सहयोग करने वाले अपने समर्थकों, शुभचिंतकों एवं विधिक टीम के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही कहा कि इस कठिन समय में भी उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास किया और आगे भी ग्राम पंचायत सागररायपुर के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करती रहेंगी। ग्राम पंचायत के लोगों और समर्थकों ने भी न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्य और न्याय की जीत बताया तथा उम्मीद जताई कि अब ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

## घटिया सामग्री व मानक के विपरीत बनाया जा रहा है सिंचाई विभाग से सड़क



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लायन के महुअट रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल नहर के पटरी पर सिचाई विभाग से बनाया जा रहा है सड़क जिसमे मानक की अनदेखी व घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है ग्राम पंचायत लायन के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मदेव मिश्रा ने बताया की सिचाई विभाग से बनाई जा रही सड़क मे मानक व घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार घटिया सामग्री से काम करके चले जाते हैं बाद में नहीं होता है कोई जिम्मेदार काफी दिन के बाद सड़क में काम लगा ऐसे घटिया सामग्री से सड़क बनाया जा रहा है जो सड़क बहुत दिन तक नहीं चल सकेगा ग्रामीणों का जिला प्रशासन से मांग है कि सड़क की जांच करके सड़क मानक में बनाया जाए जिससे कुछ समय तक सड़क चल सके नहीं तो बाद में सड़क गड्ढे का शिकार हो जाएगा लोगों को वाले जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### घरेलू विवाद बना जानलेवा: पति के हमले में महिला की मौत, आरोपी हिरासत में





**प्रयागराज।** झूसी थाना क्षेत्र स्थित चमनगंज मोहल्ले में घरेलू विवाद ने एक भयावह रूप ले लिया, जहां पति-पत्नी के बीच चल रहे झगड़े ने महिला की जान ले ली। 40 वर्षीय महिला स्वीटा की उसके पति हेमंत कुमार वर्मा द्वारा कथित रूप से सिर पर वार करने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शादी के बाद से ही दंपति के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। मंगलवार देर रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर फिर से कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे हिंसक रूप ले गई। आरोप है कि इसी दौरान हेमंत कुमार वर्मा ने गुस्से में आकर पत्नी स्वीटा के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही झूसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मामला घरेलू विवाद से जुड़ा हुआ है। आरोपी पति हेमंत कुमार वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों में दहशत और आक्रोश इस घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते थे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि मामला इतना गंभीर हो जाएगा।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, जानलेवा हमले समेत कई गंभीर धाराओं में था नामजद



**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले सहित कई गंभीर धाराओं में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अभय गोस्वामी उर्फ प्रिन्स (35 वर्ष) पुत्र संतोष गोस्वामी निवासी 10 लाउदर रोड, थाना जार्जटाउन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, थाना जार्जटाउन में पंजीकृत मुकदमा संख्या 55/2026 के तहत आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गुरुवार (25 मार्च 2026) को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में स्थित एक गुमटी के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी की गई। गंभीर आपराधिक इतिहास पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2017 से 2025 तक प्रयागराज के विभिन्न थानों–जार्जटाउन, सिविल लाइंस, कोतवाली, कीडगंज और नैनी–में मारपीट, धमकी, दंगा, सरकारी कार्य में बाधा, आईटी एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को हण्डिया पुलिस ने गिरफ्तार किया



**प्रयागराज।** कमिश्नरेट के गंगानगर जोन अंतर्गत थाना हण्डिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बृजेश पटेल (19 वर्ष) पुत्र जबर सिंह, निवासी नयागंज गोमलहवापुर थाना पूरामुफ्ती के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, थाना हण्डिया में दर्ज मुकदमा संख्या 119/2026 में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 61(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(छ)(2)/6 के तहत गंभीर आरोप लगाए गए थे। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी। सूचना पर दबिश, गांव के पास से गिरफ्तारी दिनांक 25 मार्च 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर थाना हण्डिया पुलिस टीम ने थाना पूरामुफ्ती क्षेत्र के ग्राम गोमलहवापुर के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे थाने लाकर नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की गई।

# 'हरियाणा पुलिस ने 4 साल की बच्ची के रेप केस में आरोपी को बचाने की कोशिश की': सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने आज गुरुग्राम में 4 साल की बच्ची के रेप के मामले में जांच को भटकाने के लिए हरियाणा पुलिस को कड़ी फटकार लगाई, और जांच अपने हाथ में लेने के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई। कोर्ट ने कहा कि पुलिस ने अपराध की गंभीरता को कम करने की कोशिश की। हालांकि, बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा (पाक्सो) एक्ट की धारा 6 के तहत 'गंभीर यौन हमला' के अपराध का संकेत देने वाले शुरुआती सबूत मौजूद थे, फिर भी पुलिस ने FIR सिर्फ धारा 10 के तहत 'गंभीर यौन हमला' के लिए दर्ज की, जो कि एक कम गंभीर अपराध है। कोर्ट ने कहा, 'यह एक ऐसा साफ मामला है, जिसमें पुलिस ने आरोपी को बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की है। ''कमिश्नर से लेकर सब-इंस्पेक्टर तक, पूरी पुलिस फोर्स ने यह साबित करने की हर कोशिश की कि बच्ची के पास कोई सबूत नहीं है या उसके माता-पिता की बातों में कोई दम नहीं है। रिकॉर्ड में इस बात की कोई गुंजाइश नहीं है कि पाक्सो की धारा 6 के तहत कोई अपराध नहीं हुआ था। हालांकि, पुलिस ने FIR दर्ज की, लेकिन कुछ अज्ञात कारणों से अपराध को धारा 10 के तहत कम गंभीर बना दिया। ' सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एक एसआईटी का गठन किया है, जिसमें हरियाणा कैडर की आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया गया है।सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द एसआईटी को नोटिफाई किया जाए और गुरुग्राम पुलिस को गुरुवार तक जांच से जुड़े दस्तावेज एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया है।

### नौ दिवसीय अखंड श्री राम नाम संकीर्तन 27 मार्च से 4 अप्रैल तक




**नैनी।** नैनी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित श्री राम जानकी मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा 27 मार्च से 4 अप्रैल तक नौ दिवसीय अखंड श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान लगातार श्री राम नाम का संकीर्तन किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

## उचित मुआवजे की सांविधानिक गारंटी को कम नहीं किया जा सकता: समीक्षा याचिका खारिज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि भूमि अधिग्रहण मामलों में उचित मुआवजे की सांविधानिक गारंटी को कम नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्षतिपूर्ति और ब्याज वित्तीय बोझ की मात्रा पर निर्भर नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की समीक्षा याचिका खारिज कर दी। एनएचएआई ने 4 फरवरी, 2025 के फैसले की समीक्षा मांगी थी। इस फैसले में कहा गया था कि 2019 का निर्णय पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा। 2019 के फैसले में एनएचएआई अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि के किसानों को मुआवजा और ब्याज देने की बात थी। पीठ ने कहा कि भूस्वामियों को देय ब्याज भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार नौ फीसदी होगा। यह एनएचएआई अधिनियम के पांच फीसदी की सीमा के अनुसार नहीं होगा। एनएचएआई ने दावा किया था कि वित्तीय देनदारी 29,000 करोड़ रुपये होगी। पहले यह राशि 100 करोड़ रुपये बताई गई थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय देनदारी का अनुमान समीक्षा का वैध आधार नहीं है। हालांकि, पीठ ने कहा कि उसके पिछले निर्णयों को सीमित स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। यह निर्णय के दायरे और प्रभाव की सुसंगत समझ सुनिश्चित करने के लिए है। यह निर्विवाद है कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि के भूस्वामी क्षतिपूर्ति और ब्याज के हकदार हैं। ये उचित मुआवजे का हिस्सा हैं।

## 'मित्र देशों के जहाज गुजर सकेंगे', भारत सहित 5 देश के लिए ईरान ने खोला होर्मुज का दरवाजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ईरान ने ऐलान किया है कि वह भारत समेत पांच मित्र देशों से संबंधित जहाजों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा, जिससे उन्हें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति मिल जाएगी, जबकि अन्य देशों के लिए पहुंच सीमित रहेगी। क्षेत्र में जारी संघर्ष के बावजूद भारत के साथ-साथ रूस, चीन, पाकिस्तान और इराक के जहाजों को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से सुरक्षित मार्ग प्रदान किया गया है।

विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरानी सरकारी टेलीविजन को दिए एक साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बंद नहीं किया गया है और कुछ ऐसे देशों को प्रतिबंधों से छूट दी गई हैद्व जिनके साथ ईरान के मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी के अनुसार, अराघची ने कहा, 'शत्रु को जलडमरूमध्य से गुजरने देने का कोई कारण नहीं है। हमने कुछ ऐसे देशों को गुजरने की अनुमति दी है, जिन्हें हम मित्र मानते हैं।

हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को आने-जाने की अनुमति दी है। ' साथ ही, उन्होंने संकेत दिया कि जिन देशों को शत्रु माना जाता है या जो मौजूदा संघर्ष में शामिल हैं, उनसे जुड़े जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, इजरायल और कुछ खाड़ी देशों के जहाज, जो वर्तमान संकट में भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अराघची ने महत्वपूर्ण जलमार्ग पर ईरान के नियंत्रण पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि देश ने दशकों बाद इस क्षेत्र में अपना अधिकार प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि जब ईरान ने शुरू में होर्मुज जलडमरूमध्य की आंशिक नाकाबंदी की घोषणा की थी।

# पार्षदों ने जेई पर अभद्रता और अवैध वसूली के लगाए आरोप

### ● 48 घंटे में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** जोन-5 नैनी के सभी पार्षदों की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को नगर निगम नैनी में आयोजित की गई। बैठक में जेल रोड विद्युत उपखंड के जेई पर पार्षद रणविजय सिंह डब्बू (एडवोकेट) तथा पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर युवा मोर्चा नरसिंह के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया गया।बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने एक स्वर में मांग की कि जेई निलेश मिश्रा एवं दो संविदा कर्मियों को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। पार्षदों ने आरोप लगाया कि जेई द्वारा स्मार्ट मीटर न लगवाने पर नागरिकों के विद्युत केबल काट दिए जाते हैं और क्षेत्र में लगातार अवैध वसूली की जा रही है।पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नरसिंह ने कहा कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार बिना उपभोक्ता की सहमति के किसी का विद्युत कनेक्शन काटना गैरकानूनी है, फिर भी इस आदेश की अवहेलना की जा रही है। बैठक में सभी पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर जेई निलेश मिश्रा और संबंधित संविदा कर्मियों के खिलाफ निलंबन एवं मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो सभी पार्षद एवं अधिवक्ता रणविजय सिंह डब्बू के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के साथ उच्च अधिकारियों का घेराव करेंगे और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।बैठक की अध्यक्षता कच्छ समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल ने की, जबकि संचालन लवायन वार्ड के पार्षद धनरीश प्रताप उर्फ मंचो सिंह ने किया।इस अवसर पर मुन्ना प्रधान, मयंक यादव, दिलीप केसरवानी, अनूप पासी, राजा भारती, आलोक कुमार (एडवोकेट), संजय पासी, बलराज पटेल, प्रेम शंकर यादव सहित कई पार्षदगण एवं वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## प्रयागराज में पेट्रोल-डीजल की नहीं होगी कमी: जिलाधिकारी ने पेट्रोलियम कंपनियों संग की समीक्षा बैठक




**प्रयागराज।** जनपद में पेट्रोल और डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने सभी प्रमुख पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में ईंधन की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और संभावित चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में जनपद के भीतर पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर नियमित आपूर्ति बनाए रखें और स्टॉक की लगातार निगरानी करें, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में Bharat Petroleum (BPCL) के प्रतिनिधि योगेश कुमार सहित अन्य पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि जनपद में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पहले से तैयार रखी जाए। साथ ही, कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। बैठक के अंत में प्रशासन ने जनता को आश्वस्त किया कि प्रयागराज में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

### चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर मंडलीय कारागार जिला गोण्डा पर फलहार वितरण

**गोण्डा।** चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर मंडलीय कारागार जिला गोण्डा पर फलहार वितरण का आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल विभाग संयोजक शारदा कांत पांडेय के नेतृत्व में बंद कैदियों को फलहार वितरण किया गया और सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मार्गदर्शक कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद दास एवं मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी रहे तथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेल अधीक्षक मृत्युंजय पांडेय जिला संयोजक आकाश सागर राकेश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा,विष्णु प्रताप पांडेय जिला मंत्री भाजपा, नंद कुमार नंदू जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, सीमा मिश्रा जी मातृ शक्ति संयोजक विहिप, नीलम मिश्रा ,प्रमोद दास ,नीरज तिवारी जी,पप्पू पांडेय हिमालय शर्मा पंकज भटनागर धनलाल दुबे , राजू मौर्या विजय दूबे आनंद वर्मा रमेश दुबे तथा अनुराग श्रीवास्तव के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## 'साधु-संतों को परेशान करता है...'आशुतोष ब्रह्मचारी को लेकर कृष्ण जन्मभूमि के याचिकाकर्ता ने उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



हाईकोर्ट ने ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी को बड़ी राहत दी है। कथित यौन उत्पीड़न और पोक्सो एक्ट के मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका को कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। इससे सनातन हिंदू समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। कोर्ट ने दोनों पर लगे आरोपों पर गंभीर सवाल उठाए और सबूतों के आधार पर फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकलपीठ ने यह आदेश दिया। अब दोनों को गिरफ्तारी से तुरंत राहत मिल गई है। कोर्ट ने उन्हें जांच में पूरा सहयोग करने का निर्देश भी दिया है। इस फैसले के बाद सनातन धर्म के अनुयायियों में खुशी देखी जा रही है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मामले के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि माननीय प्रयागराज हाईकोर्ट का यह फैसला बहुत सही है। उन्होंने न्यायालय को धन्यवाद दिया और कहा कि अदालत हमेशा सबूतों के आधार पर फैसला लेती है। फलाहारी महाराज ने जोर देकर कहा कि यह केस फर्जी लगता है। उन्होंने शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आशुतोष पांडे शामली जनपद का 25,000 रुपये का इनामी हिस्ट्रीशीटर रहा है। उस पर गौ हत्या का भी आरोप लग चुका है। ऐसे व्यक्ति द्वारा लगाए गए आरोपों पर गंभीर संदेह है। दिनेश फलाहारी महाराज ने आगे कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य जी पर फर्जी केस लगाया है। यह व्यक्ति कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि आशुतोष पांडे के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# 'जल जीवन मिशन योजना' में लापरवाही पर 26 इंजीनियरों-कर्मियों पर कार्रवाई, 12 निलंबित; सात का तबादला


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने काम में लापरवाही बरतने वाले इंजीनियरों-कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जल जीवन मिशन परियोजना के कार्यों में लेटलतीफी, लापरवाही करने वाले 26 इंजिनियरों पर निलंबन, विभागीय कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस जैसी कार्रवाइयों की गाज गिरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नमामि गंगे विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और जूनियर इंजिनियर रैंक के 12 इंजिनियरों को निलंबित कर दिया है। वहीं, चार अधिशासी अभियंता के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा परियोजना के कार्यों में धीमी प्रगति को लेकर तीन अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से शिकायत मिलने के बाद सात इंजीनियरों का तबादला कर दिया गया है। हाल के दिनों में लेटलतीफी के मामले में जल निगम कर्मियों के खिलाफ यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है, उसमें लखीमपुर खीरी के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता, जौनपुर के अधिशासी अभियंता सौमित्र श्रीवास्तव, गाजीपुर के अधिशासी अभियंता मो. कासिम हाशमी, चंदौली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता अमित राजपूत, चंदौली के सहायक अभियंता सीताराम यादव, बिजनौर के सहायक अभियंता अकबर हसन, औरैया के जूनियर इंजिनियर अनुराग गोयल, हाथरस के कुलदीप कुमार सिंह, आजमगढ़ के राजेन्द्र कुमार यादव, बरेली के रूप चन्द्र, बाराबंकी के जूनियर इंजिनियर अवनीश प्रताप सिंह और कुशीनगर के कार्यवाहक खंडीय लेखाकार धर्मप्रकाश महेश्वरी शामिल हैं। जल निगम ग्रामीण विभाग ने चार इंजिनियरों के खिलाफ विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसमें औरैया के अधिशासी अभियंता अमन यादव, मैनपुरी के अधिशासी अभियंता अंकित यादव, प्रयागराज के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी, शामली के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव शामिल हैं। इसके अलावा तीन गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता भारत भूषण, आगरा में तैनात अमित कुमार और मीरजापुर में तैनात राजेश कुमार गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




अरबों रुपये की सरकारी भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग तथा काफी हिस्सा बेचने के मामले की स्थानीय स्तर पर जांच अंतिम चरण में है। शहर पश्चिमी के काशीपुर उपहरहार, मरियाडीह और रसूलपुर गांवों में अरबों रुपये की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब तहसील के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। एक राजस्व निरीक्षक को निलंबित किए जाने के साथ सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षण पर कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजने के बाद अब अन्य अधिकारियों पर गाज गिरना तय बताया जा रहा है। वहीं अब कब्जा कर फर्जी तरीके से बेची गई जमीन के बैनामों को निरस्त कराने की प्रक्रिया भी शुरू करा दी गई है। इन तीन गांवों में नगर निगम की कान्हा गोशाला की भूमि, चुनाव आयोग व एटीएस की लगभग 33 बीघे जमीन पर कब्जा का प्रकरण पिछले वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा था। शासन स्तर पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के सचिव बलकार सिंह, आइजी प्रयागराज अजय कुमार मिश्र व एडीएम प्रशासन रायबरेली सिद्धांत कुमार की एसआइटी गठित की गई थी। स्थानीय स्तर पर डीसीपी नगर, एडीएम वित्त एवं राजस्व, पीडीए सचिव एडीसीपी, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार व एसीपी धूमनगंज की भी जांच कमेटी बनाई गई थी। एसआइटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर माफिया अतीक अहमद व अशरफ के करीबियों, रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें जेल भेज दिया गया, जिन्हें भूमाफिया भी घोषित किया जा चुका है।

### रामनवमी के पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली, गूंजे 'जय श्री राम' के जयकारे




**नैनी,प्रयागराज-** रामनवमी के पूर्व संध्या पर गुरुवार दोपहर नैनी क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का निकाली गई।इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हाथों में भगवान श्री राम के झंडे लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा की शुरुआत एडीए रामलीला पार्क से हुई, जो सरगम चौराहा,आनंद नगर, मेवालाल बगिया, हनुमान नगर, स्टेशन रोड, चकदोदी मोहल्ला, अरैल मोड़ और रामनगर चौराहा सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर पुनः रामलीला मैदान पहुंचकर सम्पन्न हुई।पूरे मार्ग में श्रद्धालु 'जय श्री राम' के नारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।इस आयोजन में मुख्य रूप से बेटू जायसवाल, हिमांशु यादव, सत्यम यादव, तनिष्क, वीरेंद्र, अंकुर, अमन और मोनू सहित कई युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# बलराम महाविद्यालय के बी.एस.सी. (Ag.) के विद्यार्थियों का चित्रकूट में शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोराव प्रयागराज।** बलराम महाविद्यालय सिरहिर के कृषि संकाय बी.एससी. (Ag.) के आठवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का क्रमशः तीन-तीन दिवसीय 18/03/26 से 20/03/26 एवं 23/03/26 से 25/03/26 तक शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान (DRI) में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह पूरा कार्यक्रम बलराम महाविद्यालय की प्रबन्धिका उमा सिंहके कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चित्रकूट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र एवं शोध संस्थान की विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया। यहाँ छात्रों को आधुनिक खेती जैविक खाद निर्माण औषधीय पौधों की खेती और मृदा परीक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। संस्थान के कृषि विशेषज्ञों ने छात्र/छात्राओं को ग्रामीण विकास और स्वावलंबन के मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की प्रबंधिका जी ने इस सफल भ्रमण पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव कृषि के क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे भविष्य में उन्नत किसान और कृषि विशेषज्ञ बनकर देश की उन्नति में योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट भी वितरित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक और कृषि विशेषज्ञ भी शामिल रहे जिन्होंने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस शैक्षणिक यात्रा का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर शास्वत मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर शालिनी श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव डॉ. अजय सिंह, करुणा द्विवेदी, संदीप पांडेय, संध्या पांडेय ने किया। संस्थान वापसी पर सभी विद्यार्थियों ने इस सफल और ज्ञानवर्धक शैक्षिक यात्रा के भ्रमण के लिए महाविद्यालय के प्रशासन और प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

# संक्षिप्त खबरें

## रामनवमी को लेकर बरही में निकला फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**बरही, झारखंडः-** रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में बरही में गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च रसोइया धमना से शुरू होकर बरही के चारों प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः समापन स्थल पर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों में विश्वास कायम करने का प्रयास किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार बिमल ने किया। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाएं। वहीं, एसडीपीओ अजित कुमार बिमल ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है और पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। मौके पर बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चन्द्रशेखर कुणाल, पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, बीसीओ संजय यादव समेत पुलिस पदाधिकारी एवं प्रखंड व अंचल के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 30 फीट लंबा व 20 फीट चौड़ा भगवा पताका से सजा बरही चौक, रामनवमी को लेकर दिखा उत्साह



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रामनवमी महापर्व को लेकर बरही क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। इसी कड़ी में रामनवमी महासमिति द्वारा बरही चौक पर 30 फीट लंबा एवं 20 फीट चौड़ा विशाल भगवा पताका लगाकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया गया। चौक पर लगे इस भव्य भगवा ध्वज से वातावरण में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल व्याप्त हो गया है। इस अवसर पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष भगवान केसरी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, संदीप केसरी, राजा निषाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महासमिति अध्यक्ष भगवान केसरी ने कहा कि रामनवमी महापर्व हम सभी के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। भगवा पताका लगाने का उद्देश्य लोगों में धार्मिक जागरूकता बढ़ाना और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि रामनवमी का पर्व सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देता है। इस तरह के आयोजन से लोगों में भाईचारे की भावना मजबूत होती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर ऐसे धार्मिक आयोजन क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को जीवित रखते हैं। उन्होंने सभी लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया और सभी ने मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## रवि बने अखिल भारतीय खटीक महासभा के जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले जिले के होनहार युवा रवि खटीक पर भरोसा जताते हुए अखिल भारतीय खटीक महासभा रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. अभिषेक कुमार खटीक ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही उन्होंने आशा जताई है कि वह अखिल भारतीय खटीक महासभा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम करेंगे। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि खटीक ने कहा कि उन्हें संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे। इधर उनके जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन होने पर स्वजातीय बंधुओं ने उनका फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाते हुए स्वागत किया है।

# हजारीबाग में रामनवमी जुलूस मार्गों पर व्यापक चिकित्सा एवं एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** रामनवमी पर्व 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं जनसामान्य की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जुलूस मार्गों एवं चौक-चौराहों पर व्यापक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सरकारी मेडिकल टीमों के साथ-साथ निजी अस्पतालों की सक्रिय भागीदारी से संपूर्ण क्षेत्र में सुलभ एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आपात स्थिति में नागरिकों को तत्काल उपचार मिल सके। सरकारी बस स्टैंड, बिरसा चौक से डिस्ट्रिक्ट मोड तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम गडी खाना के पास एवं निजी अस्पतालों में आरोग्यम अस्पताल, आयुष्मान अस्पताल और बीडीएम अस्पताल संचालित रहेगी। डिस्ट्रिक्ट मोड से इंद्रपुरी चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम जिला नियंत्रण कक्ष, इंद्रपुरी चौक एवं निजी अस्पतालों में गोदावरी अस्पताल, लाइफ हेल्थ नर्सिंग होम, नैना सेवा सदन संचालित रहेगी। साथ ही एक 108 एम्बुलेंस सेवा जिला नियंत्रण कक्ष के पास उपलब्ध रहेगी। पेलावल कटकमसांडी रोड से कल्लू चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम पेलावल थाना के पास एवं निजी अस्पतालों में रामा टाटा हॉस्पिटल, सूर्या नर्सिंग होम, सक्षम हॉस्पिटल, जयपुरियार हॉस्पिटल, श्री हॉस्पिटल निदान हॉस्पिटल एवं एहसान हॉस्पिटल संचालित रहेगी जो कल्लू चौक से इंद्रपुरी चौक तक के लिए भी मेडिकल



फैसिलिटी उपलब्ध कराएगी। साथ में इंद्रपुरी चौक के पास एक 108 एम्बुलेंस सेवा एवं मोबाइल बाइक एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी। इंद्रपुरी से झंडा चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम इंद्रपुरी चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, एसबीएमसीएच के पास एवं न्यू झारखंड नर्सिंग होम, जीवन अनमोल हॉस्पिटल, शिवगीत हॉस्पिटल, किरण नर्सिंग होम, आश नियोनेटल हॉस्पिटल संचालित रहेगी जो झंडा चौक से बड़ा अखाड़ा तक के लिए भी मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराएगी। साथ ही सदर हॉस्पिटल एवं सदर थाना के पास दो 108 एम्बुलेंस और कुल 5 मोबाइल बाइक एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी। बंशीलाल चौक से झंडा चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम बंशीलाल, सीता राम स्टूडियो चौक के पास एवं बड़कागांव रोड से सरदार चौक तक के लिए निजी अस्पताल श्री राम कृष्णा सेवा केंद्र, आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल संचालित रहेगी। साथ ही भगत सिंह चौक, कोर्टेक्स चौक पेट्रोल पंप के सामने एक 108 एंबुलेंस सेवा एवं चार मोबाइल बाइक एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी। सरदार चौक से बड़ी बाजार एवं बड़ी बाजार से बंशीलाल चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम सरदार चौक के पास एवं ग्वाल टोली चौक से पंचमंदिर चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम ग्वाल टोली चौक के पास संचालित रहेगी एवं इन क्षेत्रों में कुल 11 मोबाइल बाइक एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी। पंच मंदिर चौक से जामा मस्जिद रोड तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम पंच मंदिर चौक, अशोक चौक (मुख्य मंच) एवं निजी अस्पतालों में आनंद हॉस्पिटल संचालित रहेगी। साथ ही पंच मंदिर चौक के पास एक 108 एम्बुलेंस सेवा एवं कुल 07 मोबाइल बाइक एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी। जामा मस्जिद रोड से बड़ी बाजार तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम जामा मस्जिद रोड में संचालित रहेगी साथ ही कुल 8 मोबाइल बाइक एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। लोहसिंघना रोड से जादो बाबू चौक तक के लिए निजी मेडिकल टीम में बी. एस. ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल एवं इकराम हॉस्पिटल संचालित रहेगी। जादो बाबू चौक से महेश सोनी चौक के लिए एक 108 एम्बुलेंस सेवा जादो बाबू चौक पर उपलब्ध रहेगी। महेश सोनी चौक से गिलान चौक तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम बजरंगी चौक एवं महेश सोनी चौक पर संचालित रहेगी। गिलान चौक से ग्वालटोली चौक के लिए कुल 09 मोबाइल बाइक एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। ग्वालटोली चौक से खिरगांव के लिए सरकारी मेडिकल टीम काजी मोहल्ला चौक एवं खिरगांव चौक पर संचालित रहेगी। कोर्रा चौक से डिस्ट्रिक्ट मोड़ तक के लिए सरकारी मेडिकल टीम मटवारी चौक पर संचालित रहेगी एवं कुल 10 मोबाइल बाइक एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी।

## रामनवमी पर हजारीबाग में 3 दिनों तक शराब दुकानें, बार और रेस्तरां रहेंगे बंद

**हजारीबाग, झारखंडः-** रामनवमी पर्व के दौरान जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जिले में तीन दिनों तक सभी प्रकार की खुदरा शराब की दुकानें, रेस्तरां, बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त प्रतिष्ठानों को पूर्णतः बंद रखने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 27 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 तक (कुल तीन दिनों के लिए) जिले में शराब से संबंधित सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला रामनवमी पर्व की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि पूरे जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था कायम रखी जा सके। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे पर्व के दौरान प्रशासन का सहयोग करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

# बुढ़ई चौक अग्निकांड पर आजसू पार्टी ने सौंपा ज्ञापन, मुआवजा व राहत की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः** -बुढ़ई चौक में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर आजसू पार्टी ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सुबह के समय लगी इस भयावह आग में करीब आधा दर्जन दुकानें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं, जिससे कई परिवारों की आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। आजसू पार्टी ने उपायुक्त से मांग की है कि प्रभावित दुकानदारों को अविलंब उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे पुनः अपने व्यवसाय को शुरू कर सकें। साथ ही, पीड़ित परिवारों को तात्कालिक राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी अपील की गई है। पार्टी ने घटना की उच्चस्तरीय जांच



कराने की भी मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, बाजार क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नियमित निरीक्षण कराने तथा फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। अंत में आजसू पार्टी ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी एकजुटता प्रकट की तथा जिला प्रशासन से त्वरित एवं ठोस कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# उच्च न्यायालय के निर्देश पर पाकुड़ कारागार अस्पताल का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं की परखी गई स्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** माननीय झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के निर्देश के आलोक में पाकुड़ कारागार परिसर स्थित अस्पताल वार्ड का जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दिवाकर पांडे के निर्देशन में संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान डालसा सचिव रूपा बंदना किरो एवं सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में पहुंची टीम ने जेल अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। टीम ने




अस्पताल वार्ड में इलाजरत बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति, उपलब्ध उपचार सुविधाओं एवं लंबित न्यायिक मामलों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में औषधालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त अस्पताल में उपलब्ध एम्बुलेंस, व्हीलचेयर, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर तथा बेड की स्थिति का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड का भी जायजा लिया गया, जहां बंदी महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर जेल प्रशासनिक अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। डालसा की इस पहल को कारागार में बंदियों के स्वास्थ्य अधिकारों की सुरक्षा एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के सुनिश्चित क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी की पहल पर ढेकीडूबा गाँव में लगा 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** प्रखंड क्षेत्र के मोंगलाबांध पंचायत अंतर्गत ढेकीडूबा गांव में बुधवार को महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी की पहल पर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय विधायक के सक्रिय प्रयास से ट्रांसफॉर्मर लगाया जाना संभव हो सका। बताया कि ट्रांसफॉर्मर लगने से कई दिनों से अंधेरे में डूबा गाँव एक बार फिर रोशनी से जगमगा उठा। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व ढेकीडूबा गाँव का पुराना ट्रांसफॉर्मर जल गया था, जिससे पूरे गाँव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का




सामना करना पड़ रहा था। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, घरेलू कार्य प्रभावित थे और रात होते ही गाँव अंधेरे में डूब जाता था। ग्रामीणों ने अपनी समस्या विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी तक पहुँचाई। सूचना मिलते ही विधायक ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई। उनके प्रयासों से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया और उसे गांव में स्थापित किया गया। गाँव वालों ने विधायक के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मोईन अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, मुस्तकीम अंसारी,आलमगीर, गयासुद्दीन, जियरात अंसारी, बुदी किस्कू, आसमोहमद, जियाउल सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, शांति समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के नेतृत्व में जिला स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त जोनल दंडाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने सभी पुलिस बल एवं संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित समय से पूर्व ही अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर मुस्तैदी के साथ तैनात रहें। उन्होंने विशेष रूप से रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले अखाड़ा जुलूसों को लेकर सतर्कता बरतने तथा अंतिम समय तक शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही असामाजिक तत्वों, चोर-उचक्कों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन की ओर से सभी अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों के




उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों पर तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अखाड़ा जुलूस के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना से बचाव हेतु बिजली विभाग को आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति बाधित करने का निर्देश दिया जाएगा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रहे।अंत में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विजय कुमार ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निर्देश दिया कि वे अपने धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-पाठ को ड्यूटी से पूर्व ही संपन्न कर लें तथा निर्धारित समय से पहले ही ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर पूरी तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा की गई इस समन्वित तैयारी से यह स्पष्ट है कि रामनवमी का पर्व जिले में हर्षोल्लास, शांति एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## रंजिश के चलते युवक पर लाठी-डंडों से हमला

### तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला रामनगर मंडी के पीछे निवासी अर्जुन कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने मोहल्ले में गुटखा लेने गया था। इसी दौरान मोहल्ले के ही राजा, मनोज और टेडी उसे बहाने से अपने साथ ले गए। आरोप है कि तीनों ने रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने ले जाकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे बचाया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना के पीछे मकान खाली कराने को लेकर पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गैस सिलेंडर संकट पर आज दिल्ली में होगी अहम बैठक, झारखंड की स्थिति रखेंगे डॉ. इरफान अंसारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर झारखंड सहित पूरे देश में आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने आज 27 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सभी राज्यों के मंत्रियों की एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक को केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और शहरी आवासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर संबोधित करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी और इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक में झारखंड सरकार की ओर से स्वास्थ्य मंत्री सह खाद्य, सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी राज्य की वास्तविक स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। राज्य सरकार केंद्र से बढ़ते गैस और ईंधन संकट को लेकर विशेष राहत और ठोस कदम उठाने की मांग करेगी। डॉ. अंसारी ने कहा कि वह लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे थे, जिसके बाद अब केंद्र स्तर पर पहल की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस हाई-प्रोफाइल बैठक से आम जनता को जल्द



राहत देने वाले निर्णय सामने आएंगे।

**गैस संकट पर सियासत तेज**

गैस सिलेंडर की कमी को लेकर जहां जनता परेशान है, वहीं इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गया है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, जबकि भाजपा नेता राज्य सरकार को कालाबाजारी रोकने में विफल बता रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने केंद्र सरकार पर ठोस नीति और रणनीति की कमी का आरोप लगाया। वहीं जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि मांग के अनुरूप गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे जनता की परेशानी बढ़ रही है। दूसरी ओर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही है और राज्य सरकार को कालाबाजारी पर सख्ती से नियंत्रण करना चाहिए।

**व्यापारिक संगठनों ने जताई चिंता**

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा ने गैस संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वैश्विक हालात को देखते हुए सभी को धैर्य बनाए रखना चाहिए। उन्होंने वैकल्पिक ईंधन के उपयोग पर भी जोर दिया।

**मांग के अनुरूप नहीं मिल रही आपूर्ति**

राजधानी रांची सहित राज्य के कई शहरों में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी देखी जा रही है। सामान्य दिनों में विभिन्न तेल कंपनियों द्वारा पर्याप्त आपूर्ति की जाती थी, लेकिन वर्तमान में मांग के अनुसार गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिला प्रशासन ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। फिलहाल, सभी की नजर आज की होने वाली इस अहम बैठक पर टिकी है।

# विष्णु महायज्ञ के छठे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने की देव-देवी प्रतिमाओं की पूजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** चिर प्रतीक्षित श्री-श्री 1008 विष्णु महायज्ञ के छठे दिन यज्ञ प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल पर स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का दर्शन कर श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। यज्ञ प्रांगण में स्थापित श्रीगणेश जी, भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी, देवों के देव महादेव एवं माता पार्वती, बजरंगबली, माता दुर्गा, मां काली, महान काली भक्त श्रीरामकृष्ण एवं मां शारदा, धरती पुत्र वीर स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हू तथा गौर-निताई और राधा-कृष्ण के समक्ष श्रद्धालुओं ने नमन करते हुए सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। भक्तों ने यज्ञ मंडप की प्रदक्षिणा करते हुए भगवान का नाम जाप किया। 26 मार्च को यज्ञ



परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब देखने को मिला। आदिवासी साफाहोड़ समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर विधि-विधान से पूजन, नमन एवं यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर अपने परिवार एवं समाज के कल्याण की कामना की। यज्ञ परिसर में श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पेयजल एवं खिचड़ी महाप्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ लोग श्रद्धापूर्वक ग्रहण कर रहे हैं। रात्रि में लाल मोहन तिवारी द्वारा भागवत प्रसंगों पर आधारित भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि तिवारी पूर्व में भी हिंदी, बंगला एवं खोरठा भाषाओं में रामायण, महाभारत सहित विभिन्न धार्मिक कथाओं के सजीव प्रस्तुतीकरण के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। इधर बासंतिक नवरात्र के अवसर पर अष्टमी तिथि को माता महागौरी की पूजा-अर्चना भक्तों द्वारा पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ की गई तथा सभी ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# अष्टमी पर्व पर सीडीओ का औचक निरीक्षण

### ●दैलवारा स्थित कान्हा गोवंश आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं मिलीं उत्कृष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल दैलवारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अष्टमी पर्व के पावन अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से गौपूजन कर गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। सीडीओ ने आश्रय स्थल की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने गोवंशों के स्वास्थ्य, उनके रहने की व्यवस्था, खानपान, साफ-सफाई एवं चिकित्सा सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि आश्रय स्थल में रखे गए सभी गोवंश स्वस्थ, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में रह रहे हैं, जिससे व्यवस्थाओं की गुणवत्ता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्होंने विशेष रूप से यह भी देखा कि कमजोर एवं वृद्ध गोवंशों को अन्य गोवंशों से अलग रखने की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे उनकी देखभाल बेहतर तरीके से की जा सके। इसके अतिरिक्त बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त (एक्सीडेंटल) गोवंशों के लिए पृथक स्थान निर्धारित किया गया है, जहां पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियमित रूप से उनका उपचार किया जा रहा है। इस व्यवस्था को सीडीओ ने सराहनीय बताया। चारा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि आश्रय स्थल में पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं चुनी उपलब्ध है, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की कमी नहीं हो रही है। सफाई व्यवस्था का भी उन्होंने गहन निरीक्षण किया और पाया कि परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसी प्रकार स्वच्छता बनाए रखी जाए और नियमित रूप से सफाई कार्य होता रहे, जिससे गोवंशों को स्वस्थ वातावरण मिल सके। उपरांत सीडीओ शेषनाथ चौहान ने गौशाला के संचालन, व्यवस्थाओं एवं कर्मचारियों की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं अन्य आश्रय स्थलों के लिए भी उदाहरण बन सकती हैं। इस दौरान निरीक्षण में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी भगवान सिंह, वरिष्ठ लिपिक अभिषेक चौबे तथा गौशाला सुपरवाइजर राजीव हुण्डैत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चैत्र नवरात्र: अष्टमी को महागौरी की हुई आराधना



**देवी मंदिरों में चढ़ाए गये जबारे, किया कन्या पूजन**

**कोंच(जालौन)-** चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथ पर गुरुवार को शक्ति की अधिष्ठात्री जगदंबा पराम्बा की नौ शक्तियों में प्रतिष्ठित भगवती महागौरी की देवी भक्तों ने आराधना कर घर परिवार की मंगलकामना की कामना की। अष्टमी पर कन्या पूजन भी किया गया। सुबह के समय देवी भक्तों ने देवी आराधना के प्रसिद्ध बड़ी माता, सिंह वाहिनी, शीतला माता, बोदरी माता, काली माता, आनंदी माता, हुल्कामाई आदि देवी मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक किया और शाम को देवी भक्तों ने देवी माँ की पूजा अर्चना कर उन्हें भोग लगाया और फिर आरती में सम्मिलित हुए। नवरात्र के नौ दिन उपवास रखकर देवी माँ की स्तुति करने वाले महिला-पुरुष भक्तों ने अपने अपने घरों में भी दुर्गा सप्तशती पाठ कर अष्टमी की पूजा अर्चना कर घर परिवार के मंगलकामना हेतु देवी माँ से प्रार्थना की। अष्टमी पर कन्या पूजन भी कई हिन्दू सनातनी घरों में किया गया। उधर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिपदा पर जबारे बोये गये थे, अष्टमी के दिन ढोल नगाड़ों के बीच कई स्थानों पर जबारे निकाले गए और देवी मंदिरों में देवी माँ के चरणों में जबारे विसर्जित किये गये। उधर, देवी मंदिरों सहित घरों में कन्याओं का पूजन कर उन्हें पकवान खिलाए और उपहार दिए गए।

### छप्पर से कच्चे घर में लगी आग, सवा लाख कीमत की हरी मटर जली

**कोंच(जालौन)-** ग्राम रतनपुरा में एक कच्चे घर में आग लग जाने से वहां पर रखी सवा लाख रुपए कीमत की हरी मटर जलकर नष्ट हो गई। मामले के मुताबिक तहसील क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा निवासी पुन्नूलाल पुत्र खेमराज गांव में रामगोपाल कुशवाहा का छप्पर युक्त कच्चा घर बीते करीब 15 सालों से लिए हुए है जहां पुन्नूलाल अपना सामान आदि रखे रहता है। बुधवार/गुरुवार की मध्य रात्रि में अचानक से छप्पर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग से पूरा कच्चा घर जलने लगा, आग की लपटें और धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और समर्शेबिल की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया, तब तक घर में रखी सवा लाख रुपए कीमत की 28 कुंतल हरी मटर जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गई साथ ही अन्य सारा सामान भी जलकर खाक हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना दमकल को दी गई थी लेकिन दमकल गाड़ी आ पाती इससे पहले ही ग्रामीणों ने मेहनत कर आग बुझा ली जिससे आग आसपास के घरों तक नहीं पहुंच सकी।

### गाली गलौज कर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)-** गाली गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। मोहल्ला भगतसिंह नगर निवासी राजू पुत्र मुन्ना ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मुहल्ले के ही बबलू एवं सुलताई ने उसे रोककर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने उक्त दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री 24 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई और देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की और रिश्तेदारों से भी संपर्क किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 9.30 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिस पर उसे शक है कि उसी व्यक्ति ने उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# शारदा शक्ति पीठ सम्राट पृथ्वीराज चौहान और वीर आल्हा के बीच हुए अंतिम युद्ध का है साक्षी

**●नवरात्रि में शक्तिपीठ शारदा माई बैरागढ़ धाम में जुट रही श्रद्धालुओं की अपार भीड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** ज्ञान और बुद्धि की देवी के रूप में पूजी जाने वाली मां शारदा का ऐसा रूप विरले ही देखने को मिलता है जब उनकी पूजा शक्ति के रूप में होती हो। शक्तिपीठ वैरागढ धाम में सरस्वती या शारदा की उपासना शक्ति के रूप में ही होती है। बुंदेलखंड के गौरव कहे जाने वाले वीर आल्हा इन्हीं मां शारदा के उपासक हैं।

नवरात्र पर्व पर नौ दिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है। शारदा देवी का यह मंदिर तहसील मुख्यालय से 10 किमी की दूरी पर स्थित गैर आबाद ग्राम वैरागढ़ में अवस्थित है जहां ज्ञान की देवी मां सरस्वती शक्ति की देवी मां शारदा के रूप में विराजमान हैं। ऐतिहासिक शारदा शक्तिपीठ आखिरी हिंदूराजा पृथ्वीराज चौहान और बुंदेलखंड के वीर योद्धा आल्हा के मध्य हुए युद्ध का गवाह है। यहां न केवल जनपद जालौन बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र में ही नहीं अपितु वर्ष भर यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। नवरात्रों पर तो यहां कई भव्य आयोजन किए जाते हैं। देश में दो जगह शारदा शक्तिपीठ हैं, एक जालौन के वैरागढ़ में और दूसरा मध्य प्रदेश के जनपद सतना के मैहर में। मंदिर के अति प्रचीन और सिद्ध पीठ होने के कारण मां शारदा के दर्शन करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु आते रहते हैं। इतिहास के जानकारों की अगर मानें तो करीब एक हजार साल पूर्व इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर के ठीक पीछे एक चमत्कारी कुंड अभी भी दृष्टव्य है। इलाकाई लोग मानते हैं कि इसी कुंड में मां शारदा की मूर्ति मिली थी जिसे मंदिर में विधि विधान से प्रतिष्ठित किया गया था। मां शारदा देवी की अष्टभुजी मूर्ति लाल पत्थर से निर्मित है। शक्तिपीठ वैरागढ़ में मां शारदा के मंदिर की स्थापना चंदेलकालीन राजा टोडलमल द्वारा 11वीं सदी में कराई गई थी। मान्यता है कि मां शारदा की मूर्ति मंदिर के पीछे बने जिस कुंड से निकली थी उस कुंड का जल बहुत ही चमत्कारी है, चर्मरोगों से ग्रसित लोगों को इस कुंड में स्नान करने पर रोगों से छुटकारा मिल जाता है। चैत्र नवरात्र में बैसे तो यहां भारी भीड़ होती ही है, अष्टमी, नवमी और दशमी के दिन विशाल मेले का आयोजन होता है। मंदिर के पुजारी के अनुसार मां शारदा के दर्शन के लिए आल्हा ऊदल आते थे। उन्होंने बताया कि लोग अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की आस में चैत्र और शारदीय नवरात्र पर यहां दर्शन करने आते हैं। मां शारदा शक्ति पीठ दिल्ली के सम्राट पृथ्वीराज चौहान और महोबा के वीर आल्हा के बीच हुए अंतिम युद्ध का साक्षी है। पृथ्वीराज ने बुंदेलखंड विजय के उद्देश्य से 11वीं सदी के बुंदेलखंड के तत्कालीन चंदेल राजा परमर्दिदेव (राजा परमाल) पर चढ़ाई की थी। उस समय चंदेलों की राजधानी महोबा थी। आल्हा-ऊदल राजा परमाल के मंत्री के साथ साथ वीर योद्धा भी थे। वैरागढ़ के युद्ध में आल्हा-ऊदल ने पृथ्वीराज चौहान को युद्ध में बुरी तरह परास्त कर दिया था। बताया जाता है कि आल्हा और ऊदल मां शारदा के अनन्य उपासक थे। यहां प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार आल्हा को मां शारदा का वरदान था कि उन्हें युद्ध में कोई हरा नहीं पाएगा। ऊदल की मौत के बाद आल्हा ने प्रतिशोध लेते हुए अकेले पृथ्वीराज से युद्ध किया और विजय प्राप्त की थी। उसके बाद आल्हा ने विजय स्वरूप मां शारदा के चरणों के बगल में चालीस मन वजनी सांग गाड़ी थी जो आज भी मंदिर के पार्श्व में दृष्टव्य है। बुंदेलखंड के लोग आज भी आल्हा को अमर मानते हैं।

# जनसंघर्ष की जीत: राकेश केशरी की मुहिम रंग लाई, ईओ मधुसूदन जायसवाल का प्रत्यावेदन निरस्त

**●न्यायालय से आदेश के दिन पद पर अस्तित्व नहीं था,प्रत्यावेदन बलहीन स्थानांतरण निरस्त करने का कोई औचित्य नहीं**

**ओबरा नगर पंचायत का मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सोनभद्र/(ओबरा) / उत्तर प्रदेश-** उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीय प्रशासनिक अधीनस्थ सेवा के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल के स्थानांतरण प्रकरण में शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन को निरस्त कर दिया है। यह आदेश दिनांक 24 मार्च 2026 को प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग पी. गुरु प्रसाद द्वारा पारित किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 06.01.2026 द्वारा मधुसूदन जायसवाल को नगर पंचायत ओबरा जनपद सोनभद्र से स्वतः कार्यमुक्त करते हुए नगर पंचायत निधौली कला जनपद एटा में स्थानांतरित किया गया था। साथ ही उसी दिनांक को जारी आदेश के माध्यम से नगर पंचायत ओबरा का अतिरिक्त प्रभार अखिलेश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला बाजार जनपद सोनभद्र को प्रदान किया गया, जिन्होंने दिनांक 12.01.2026 को कार्यभार ग्रहण कर लिया।उक्त स्थानांतरण आदेश के विरुद्ध श्री जायसवाल द्वारा मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या ए-879/2026, मधुसूदन जायसवाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य, दायर की गई। न्यायालय ने दिनांक 27.01.2026 को आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता 10 दिनों के भीतर प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार विचार कर 10 दिनों में निर्णय लिया जाएगा तथा तब तक सेवा की स्थिति यथावत रखी जाएगी।

न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में श्री जायसवाल द्वारा दिनांक 02.02.2026 को शासन के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत कठिनाइयों, पारिवारिक परिस्थितियों एवं अपनी पुत्री के शैक्षिक सत्र के आधार पर स्थानांतरण निरस्त करने का अनुरोध किया।इस संबंध में शासन द्वारा जिलाधिकारी, सोनभद्र से आख्या मांगी गई। जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 11.02.2026 को प्रस्तुत आख्या में उप जिलाधिकारी, ओबरा की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया गया कि श्री जायसवाल को 06.01.2026 को ही कार्यमुक्त किया जा चुका था तथा उनके स्थान पर अखिलेश सिंह कार्यभार ग्रहण कर चुके थे। अतः न्यायालय के आदेश दिनांक 27.01.2026 के समय श्री जायसवाल का पद पर अस्तित्व नहीं था।शासन द्वारा यह भी उल्लेख किया गया कि मधुसूदन जायसवाल के विरुद्ध निर्माण कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति एवं निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा नगर पंचायत निधि के दुरुपयोग संबंधी कई गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनकी जांच जिलाधिकारी सोनभद्र को सौंपी गई है। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए उनका स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यक पाया गया।शासनादेश दिनांक 06.05.2025 के अनुसार स्थानांतरण नीति 2025-26 के प्रावधानों का भी हवाला दिया गया, जिसमें प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर कभी भी स्थानांतरण किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, जनपद एटा में अधिशासी अधिकारियों की कमी तथा सोनभद्र में अपेक्षाकृत अधिक संख्या को भी निर्णय का आधार माना गया।उपरोक्त समस्त तथ्यों के आधार पर शासन ने यह निष्कर्ष निकाला कि श्री जायसवाल का प्रत्यावेदन बलहीन है और उनके स्थानांतरण आदेश को निरस्त किए जाने का कोई औचित्य नहीं है। अतः प्रत्यावेदन को निरस्त करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया।इस पूरे प्रकरण में सामाजिक कार्यकर्ता राकेश केशरी द्वारा लगातार उठाई गई जनहित की आवाज और उनके संघर्ष को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप यह निर्णय सामने आया है।राकेश केशरी ने इस निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन ने निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ जनहित में कार्य किया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाकर जनता का विश्वास मजबूत कर रही है। मामले में अभी कार्रवाई जारी रहेगी और जल्द ही इस प्रकरण में और भी बड़ी कार्रवाई होगी जो उत्तर प्रदेश के लिए नजीर बनेगा।

# चोपन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 324 जोड़े, जिले के आलाधिकारी समेत जन प्रतिनिधियों ने दिया नव विवाहित जोड़ो को आशीर्वाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को रेलवे फुटबॉल मैदान, चोपन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के कुशल पर्यवेक्षण में कुल 324 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया, जिसमें 322 हिन्दू एवं 2 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। विकास खंडवार भागीदारी में चोपन से 77, कोन से 65, दुद्धी से 68, म्योरपुर से 59 तथा बभनी से 55 पात्र जोड़े शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक रस्में विधि-विधान से संपन्न कराई गई और समारोह स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), जिला विकास अधिकारी, विभिन्न खंड विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

शासनादेश के अनुसार प्रति जोड़े पर एक लाख रुपये की सहायता निर्धारित है। इसमें 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से कन्या के खाते में भेजे जाएंगे, जबकि 25 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री जैसे पायल, बिछिया, वस्त्र, बिस्तर, डिनर सेट एवं सीलिंग फैन प्रदान किए गए। शेष 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था पर व्यय किए गए। इस अवसर पर बिरला कार्बन, रेनुकूट द्वारा भी नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री वितरित की गई। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट बनाकर जनजागरूकता फैलाने के साथ समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। यह आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक बड़ी सहायता साबित हुआ, जिससे सैकड़ों परिवारों को सामाजिक और आर्थिक राहत मिली तथा क्षेत्र में इस पहल की व्यापक सराहना की जा रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख लीला देवी,नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल,राजन जायसवाल, विकास चौबे,राहूल सिंह,मीनू चौबे,सोनी रावत, शबनम मिश्रा,धर्मशिला देवी, धर्मेंद्र जायसवाल,आचार्य पं दिलीप पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग बाग मौजूद रहे संचालन मंडल महामंत्री विकास चौबे ने किया।

# जिला सपा पार्टी कार्यालय पर मनी सम्राट अशोक की जयंती, पार्टी कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

**● संगोष्ठी में पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** जनपद स्थित -समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई व संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव व संचालन जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि सम्राट अशोक भारतीय मौर्य वंश के तीसरे एवं सबसे महान सम्राट थे । उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़ बौद्ध धर्म अपना कर अपनी प्रजा के कल्याण अहिंसा और धर्म का कर्म किए जिससे हर समाज का भला करने का काम किया । श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सड़क से सदन तक हर समाज लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं और उनकी हर तरह से मदद करने का काम कर रहे हैं । समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रही है और उनके हित की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है । समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता पहुंचने का काम करें और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ले जिससे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बने और हर समाज का विकास हो । इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव चौधरी यशवंत सिंह पटेल मोहम्मद शईद कुरैशी अशोक पटेल अनिल प्रधान सरदार पारब्रह्म सिंह सत्यम पांडे विमलेश पटेल कामरान खान विनीत सरोज दीपक केसरी चंद्र भूषण यादव बच्चोंले सिंह पटेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शक्तिनगर पुलिस को मिली सफलता, अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्ता गिरफ्तार



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 25.03.2026 को समय 18:55 बजे चेकिंग के दौरान अभियुक्ता कुसुम गुप्ता पत्नी राकेश कुमार साहू उर्फ गुड्डू निवासी चिल्काटाड़ बस्ती, शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से 01 किग्रा 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0 59/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्ता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 दिनेश गौतम थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र, उ0नि0 राम बचन सिंह यादव , का0 अमृत लाल , का0 अक्षय कुमार यादव , म0का0 सुनीता यादव शामिल रहे।

# प्रेम-प्रसंग में हत्या के बाद जलाया गया था युवक का शव

**●कैलिया-व्यौना मार्ग पर खंदक में पड़ा मिला था अधजला शव, महिला प्रेमिका से मिलने आया था युवक**

**मृतक के पिता की तहरीर पर महिला व पति सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** बीते रोज कैलिया थाना क्षेत्र के कैलिया-व्यौना मार्ग पर सड़क किनारे खंदक में पड़े मिले जधजले शव की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। मृतक के पिता ने उसकी शिनाख्त अमित नरवरिया निवासी लहार के रूप में की है। बताया गया है कि मृतक अपनी प्रेमिका से मिलने कैलिया आया हुआ था। तभी उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर शव को ले जाकर सड़क किनारे खंदक में डाल दिया जिसके बाद पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया गया जिससे उसकी शिनाख्त न हो सके।

रेढर थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी अमित कुमार कई सालों से अपने ताऊ के यहां लहार में रह रहा था। बताया गया कि उसका कई वर्षों से अपने पैतृक गांव की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछली साल युवती की शादी कैलिया गांव में हो गई थी लेकिन दोनों में प्रेम प्रसंग चलता रहा। 24 वर्षीय युवक अमित गांव के ही एक मित्र के साथ बाइक से यहां कैलिया में रहने वाली अपनी महिला प्रेमिका से मिलने आया हुआ था। गांव में एक मैदान में उसका मित्र बाइक लिए अमित के वापस लौटने का इंतजार करता रहा। दो घंटे बाद भी जब अमित लौटकर नहीं आया तो मित्र ने गांव में अमित की खोज की लेकिन अमित का उसे कोई पता नहीं चला। मित्र वापस अपने गांव लौट गया और उसने अमित के परिजनों को पूरी बात बताई। बताया जा रहा है कि प्रेमिका के घर में ही अमित के मुंह में कपड़ा ठूंस कर धारदार हथियार से वार कर पहले उसकी हत्या की गई और फिर बाइक पर शव रखकर ले गए। काली नरिया के पास खंदक में शव डालकर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी ताकि शव की शिनाख्त न हो सके। समीप में स्थित एक पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में उक्त दोनों एक कूपे में सौ रुपए का पेट्रोल ले जाते हुए कैद हुए हैं। और शव को जला देने के बाद अपनी बाइक में उसी पेट्रोल पंप से तीन सौ रुपए का पेट्रोल डलवाकर मौके से उक्त दोनों फरार होते हुए भी कैद हुए हैं। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर महिला शीतला, पति कुलदीप व अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पूरे मामले में सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है।

# नवरात्रि के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान के दौरान अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोन पुलिस को मिली बड़ी सफलता । दिनांक 26.03.2026 को चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बगिया पेट्रोल पम्प के आगे, बहद ग्राम बगिया से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में 04 बंडलों में रखा हुआ कुल 04 किलो 94 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जितेन्द्र विन्द उर्फ देवकी पुत्र जगदीश निवासी खम्हरिया सोनवर्षा थाना राजगढ़ जनपद मिर्जापुर के रूप में हुई है। जामातलाशी में अभियुक्त के पास से एक कीपैड मोबाइल फोन एवं ?500/- नकद भी बरामद हुए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोन पर मु0अ0सं0 46/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र विन्द उर्फ देवकी पुत्र जगदीश का आपराधिक इतिहास- क्रमशः- मु0अ0सं0 385/2017, धारा 379 भादवि, थाना अहरौरा, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 108/2018, धारा 302 भादवि, थाना अहरौरा, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 45/2024, धारा 120क्ष 147, 323, 385, 420, 504 भादवि, थाना राजगढ़, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 46/2024, धारा 120क्ष 147, 323, 386, 411, 420, 506 भादवि, थाना राजगढ़, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 47/2024, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना राजगढ़, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 01/2025, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट, थाना राजगढ़, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 52/2026, धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस, थाना राजगढ़, जनपद मिर्जापुर, मु0अ0सं0 46/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# साइबर टीम की सराहनीय कार्य, आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि कराई गई वापस

**●पुलिस की लोगों ने किया प्रसंशा, व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी शेयर न करने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध विरोधी अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। आवेदक संजीत प्रसाद केशरी पुत्र नन्दू प्रसाद केशरी, निवासी सिनेमा रोड, अनपरा, थाना अनपरा के साथ दिनांक 16.07.2025 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा HDFC Bank के क्रेडिट कार्ड की त्वरित डिलीवरी के नाम पर एक लिंक भेजकर उसे डाउनलोड कराया गया, जिसके माध्यम से आवेदक के खाते से कुल 11,400/- की ठगी कर ली गई। इस संबंध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

जिसके क्रम में साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर संबंधित खातों में धनराशि को तत्काल होल्ड कराया गया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक शाखा से समन्वय स्थापित करते हुए ई-मेल पत्राचार के माध्यम से आवेदक की सम्पूर्ण धनराशि 11,400/- उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। आवेदक द्वारा थाना अनपरा पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। धनराशि वापस कराने वाली टीम में मुख्य रूप से सत्येन्द्र कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक, अनपरा,हे0का0 आनन्द मोहन बिन्द, साइबर हेल्प डेस्क, थाना अनपरा शामिल रहे। साइबर जागरूकता हेतु अपील-अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी (आधार, पैन, पासपोर्ट, अकाउंट नंबर, पासवर्ड, OTP आदि) किसी के साथ साझा न करें। किसी अनजान लिंक या Q R कोड को स्कैन/क्लिक न करें। साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें अथवा नजदीकी थाने में रिपोर्ट करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

# संक्षिप्त खबरें

## गैस मिलने में परेशानी न हो, जारी किए गए मोबाइल नंबर

**कानपुर।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ने सूचित करते हुए कहा है कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं विषम परिस्थितियों में जनपद कानपुर नगर में घरेलू गैस कनेक्शन धारकों को नियमानुसार गैस सिलेण्डर प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत उपभोक्ता सम्बन्धित गैस एजेन्सी के ऑयल कम्पनी के अधिकारियों एवं खाद्य क्षेत्र के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क स्थापित कर अपनी समस्या दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इस समस्या के निदान के लिए गैस कंपनी अधिकारियों के व क्षेत्रीय खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक के नंबर जारी किए गए हैं।

## पूर्व एमएलसी बब्बू राजा के अंतिम संस्कार में शामिल होने उमड़ी भीड़, अर्पित की पुष्पांजलि



**प्रतापगढ़।** पूर्व एमएलसी आनन्दभूषण सिंह बब्बू राजा का गुरूवार को लखपेड़वा स्थित राज परिवार के पुश्तैनी बाग में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में दिवंगत विधान परिषद सदस्य के समर्थक व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। दोपहर बाग में बब्बू राजा के पुत्र यशवर्धन प्रताप सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समय विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, रानीगंज विधायक डा.आरके वर्मा, राजा अनिल प्रताप सिंह, कुंवर शक्ति सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ0 राकेश सिंह, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ठा0 प्रकाश सिंह, जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, अधिवक्ता अश्विनी सिंह, डॉ0 आरके सिंह, राम सिंह, अजीत सिंह, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह डगैचा, डा0 राजेन्द्र सिंह, कुंदन सिंह, देशदीपक सिंह डब्बू, अजय सिंह गुड्डन, कमल सिंह, हनुमान प्रसाद सिंह आदि ने दिवंगत एमएलसी बब्बू राजा की स्मृति को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

## शिक्षक की मां का निधन, जताया गया दुःख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के जैनपुर वार्ड निवासी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संतोष मिश्र की मां जानकी देवी 80 का गुरूवार की सुबह निधन हो गया। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में शिक्षक, संघ के अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे और साथी को ढांढ़स बंधाया। वही राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने शोकाकुल परिजनों से फोनिक वार्ता कर दुख प्रकट किया। इधर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शिवाकांत मिश्र, रामचंद्र त्रिपाठी, यमुना प्रसाद यादव, विष्णु सिंह, डॉ0 वीरेश सिंह, प्रभाकर द्विवेदी, विद्याकांत मिश्र, आदि ने भी जानकी देवी के निधन पर दुख जताया है।

## ओबरा पुलिस को मिली सफलता, दुष्कर्म से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त क्रम में थाना ओबरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 57/2026 धारा 69,351(2), 352 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र भरोस उर्फ पारस भारती, निवासी ग्राम खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र को मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 25.03.2026 को समय 18:30 बजे आरो पानी टंकी, खैरटिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 राजेश दुबे, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, का0 अरुण कुमार शामिल रहे।

# गैस कालाबाजारी पर दो बड़ी कार्रवाई, ओवररेटिंग और अवैध रिफिलिंग का भंडाफोड़

**●अशोक नगर में कमर्शियल सिलेंडर पर 554 ज्यादा वसूली, गैस एजेंसी व होटल संचालक पर एफआईआर की संस्तुति**

**काकादेव में गुमटी से घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग पकड़ी गई, उपकरण और सिलेंडर बरामद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जनपद में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ चल रहे अभियान में आपूर्ति विभाग ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए ओवररेटिंग और अवैध गैस रिफिलिंग के मामलों का खुलासा किया है। जांच में कमर्शियल गैस सिलेंडरों पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली तथा घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति की गई है। एलपीजी सिलेंडर से जुड़े प्रकरणों में जनपद में अब तक 13 एफआईआर दर्ज किए जा चुके हैं। पहली कार्रवाई में 25 मार्च 2026 को प्राप्त सूचना पर टीम ने अशोक नगर स्थित बाबा फास्ट फूड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए वेज बिरयानी और वेज पराठा बनाते पाए गए। मौके पर कुल तीन कमर्शियल सिलेंडर मिले। पूछताछ में होटल संचालक अशरफ अली ने बताया कि सिलेंडर अशोक नगर स्थित एस.बी. एसोसिएट एजेंसी से खरीदे गए हैं। उनके अनुसार 23 मार्च को एक तथा 25 मार्च को दो सिलेंडर लिए गए, जिनके लिए प्रति सिलेंडर 3500 रुपये का भुगतान किया गया। जांच में उपलब्ध टैक्स इनवॉइस के आधार पर पाया गया कि कमर्शियल सिलेंडर का मूल मूल्य 2496.02 रुपये है, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद इसकी वैध कीमत 2945.30 रुपये बनती है। इसके बावजूद प्रति सिलेंडर 3500 रुपये वसूले गए, जिससे प्रत्येक सिलेंडर पर लगभग 554.70 रुपये अधिक वसूली का मामला सामने आया। टीम ने मौके से मिले तीनों कमर्शियल सिलेंडरों को जब्त कर सुरक्षित सुपुर्दगी में दे दिया है। रिपोर्ट में एजेंसी संचालक सचिन मिश्रा और होटल संचालक अशरफ अली के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की गई है। दूसरी कार्रवाई में 24 मार्च 2026 की सुबह लगभग 6:25 बजे मुखबिर की सूचना पर आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने काकादेव क्षेत्र के तुलसी नगर रोड पर आशु चश्मे वाले के सामने सड़क किनारे बनी गुमटी में छापा मारा। पूर्ति निरीक्षक अनवरगंज अभिषेक कुमार की आख्या के अनुसार मौके पर समर पुत्र स्वर्गीय मुश्ताक निवासी रोशन नगर, राम विहार द्वारा नॉन-आईएसआई मार्क के छोटे सिलेंडरों में घरेलू एलपीजी की अवैध रिफिलिंग करते हुए पाया गया। जांच के दौरान मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा (30 किलोग्राम क्षमता), नौ पुराने नॉन-आईएसआई सिलेंडर, एक आंशिक भरा सिलेंडर तथा गैस रिफिलिंग के लिए प्रयुक्त रेगुलेटर और पतली पाइप बरामद की गई। आरोपी से सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। बरामद सामग्री को दीप गैस एजेंसी, कानपुर नगर को सुपुर्द कर दिया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की गई है।

## नवरात्र का आठवां दिन, नौ दिन नौ विकास कार्यों का लोकार्पण



**कानपुर।** वासंतिक नवरात्र में नौ दिन नौ विकास कार्यों के लोकार्पण की श्रंखला में नवरात्र के आठवें दिन आज 26 मार्च 2026 को, विधायक सलिल विश्नोई की विधायक निधि से कैलाश मन्दिर शिवाला में लगवाये गये, सबमर्सिबल पम्प का लोकार्पण सलिल विश्नोई के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। लोकार्पण के अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ पार्षद दीपक शर्मा, मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, बब्बुल साहू, दिव्यांशु जायसवाल, प्रखर तिवारी, दिलीप गुप्ता, नवाब सिंह, गिरधारी गौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सम्राट अशोक की जयन्ती पर पीडीए सेमिनार, 'सत्य, अहिंसा, सद्भाव से परिवर्तन का सन्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयन्ती पर आज सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में पीडीए सेमिनार आरम्भ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य का जन्म 304 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) में हुआ था। इस सम्राट ने समाज में सत्य, अहिंसा और सद्भाव के साथ पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोकर चालीस वर्ष तक शासन किया। उन्होंने मौर्य वंश के उत्थान के साथ नयी पीढ़ी को शिक्षा के लिए भी प्रेरित किया। अध्यक्ष फजल



महमूद ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि कलिंग युद्ध के बाद बौद्ध सिद्धान्तों को लेकर विश्व में प्रचार कर, सत्य और अहिंसा पर जोर दिया गया। सबको सम्मान देकर और भेदभाव हटाकर, नयी पीढ़ी को परिवर्तन का सन्देश देना है। बुद्ध की परम्परा पर चलते हुए पूरे विश्व में मानवतावाद को बचाकर आगे बढ़ना है। विचार गोष्टी मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कन्या पूजन कर मनाया नवमी पर्व, उपहार देकर उत्साहवर्धन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत विकास खंड नौगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र, साड़ी प्रथम में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पारंपरिक विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। उन्होंने कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। साथ ही, सभी कन्याओं को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान और उनकी महत्ता को दर्शाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनके शिक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दी जा रही पोषण सेवाओं, शिक्षण सामग्री एवं साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास का आधार हैं, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं सुदृढ़ और प्रभावी होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का समापन कन्याओं को प्रसाद एवं उपहार वितरण के साथ हुआ। इस प्रकार यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

# पेट्रोल-डीजल को लेकर पेट्रोल पम्पों पर उमड़ रही भीड़

**●विवाद और अफरा-तफरी का बन रहा माहौल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में पेट्रोल-डीजल को लेकर अचानक मचे हड़कंप ने शहर की व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। शुक्रवार की देर शाम और गुरूवार की सुबह से ही शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर तेल लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे कई स्थानों पर अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई। हालात यह हैं कि लंबी-लंबी कतारों में खड़े वाहन चालकों के बीच धक्का-मुक्की और कहासुनी तक देखने को मिली। शहर के प्रमुख पेट्रोल पंप गेंदालाल पेट्रोल पंप, अभिलाषा पेट्रोल पंप, राजघाट रोड स्थित पेट्रोल पंप, गल्ला मंडी क्षेत्र और आसपास के अन्य पंपों पर सुबह से देर रात तक वाहनों की लाइनें लगी रहीं। कई जगहों पर सड़क तक जाम जैसी स्थिति बन गई। स्थिति को और गंभीर बनाता यह दृश्य रहा कि बड़ी संख्या में लोग केन, डिब्बे और अन्य पात्र लेकर पेट्रोल भरवाने पहुंचे। आशंका और अफवाहों के चलते लोग जरूरत से अधिक ईंधन जमा करने की कोशिश करते नजर आए, जिससे पंपों पर दबाव और बढ़ गया। हालांकि प्रशासन द्वारा बार-बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि जनपद में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है, इसके बावजूद लोगों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है। यही कारण है कि स्थिति सामान्य होने के बजाय और अधिक भीड़भाड़ वाली बनती जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं।

**प्रशासन की सख्त अपील**

अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति और संयम बनाए रखें तथा केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल लें। अनावश्यक भीड़ और जमाखोरी से स्थिति बिगड़ सकती है, जिससे सभी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## सुअर बाड़ा में लगी आग से महिला झुलसी, हजारों का नुकसान

**लालगंज,प्रतापगढ़।** सुअर बाड़ा में लगी आग में झुलसकर सुअर के दस बच्चे की मौत हो गयी। वहीं तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। बचाव में पीड़ित की पत्नी भी झुलस गयी। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। आगजनी में पड़ोस के लोगों का भी नुकसान हुआ है। उदयपुर थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव निवासी श्रीराम सरोज पुत्र स्व0 सुखदेव सरोज ने अपने घर के पीछे सुअर बाड़ा बना रखा है।पीड़ित के अनुसार बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिससे सुअर के दस बच्चों की आग में झुलसने से मौत हो गयी और सुअर के तीन बच्चे घायल हो गये। आगजनी की जानकारी होने पर बचाव में पहुंची पीड़ित श्रीराम सरोज की पत्नी रामसती भी झुलस गयी। इन्हें इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर भेजवाया गया।आगजनी में पीड़ित के पड़ोसी श्रीपाल पुत्र सुखदेव का छप्पर, दरवाजा व लगभग पांच कुंतल भूसा भी जल गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आगजनी में हजारो का नुकसान हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# गहने व नकदी चोरी के आरोप में दो महिलाएं व एक पुरुष माल समेत गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** बादशाही नाका पुलिस ने चोरी करने वाली दो महिलाओं व एक पुरुष अभियुक्तों को हिरासत में लिया है। इनके नाम संजना,राधिका और मो0 सारिक है। इन्होंने एक घर से सोने चांदी के गहने और नकदी चुराई थी। कमिश्नरेट कानपुर पुलिस ने बताया कि 17 मार्च को आवेदिका रंजना पाल पत्नी राममिलन पाल निवासी नौघड़ा ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके सोने चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली गई है। आज दिनांक 26.03.2026 को उ0नि0 संजय कुमार पाण्डेय मय हमराह उ0नि0 गौरव शर्मा, उ0नि0 जयभूषण उ0नि0 रोहित यादव, उ0नि0 शिवम तिवारी, म0उ0नि0 सिम्पल रानी, म0का0 सोनम व का0 सतेन्द्र कुमार के देखभाल क्षेत्र चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन में थाना क्षेत्र में मामूर थे कि संजना पुत्री चंदा पत्नी मोगी निवासी धरमकांटा के पास जूही परमपुरवा थाना जूही कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष, राधिका



पत्नी सनी पुत्री विजय निवासी धरमकांटा जूही परमपुरवा थाना जूही कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष, मो0 सारिक पुत्र स्व0 मेहंदी हसन निवासी 83/17 बीएम मार्केट परमपुरवा थाना जूही कानपुर नगर उम्र करीब 26 वर्ष को मुकदमा उपरोक्त में चोरी गये माल 2 जोड़ी पायल सफेद धातु व 2 जोडी बिछिया सफेद धातु एवं 1 अदद अंगूठी पीली धातु व 1 अदद नाक की कील पीली धातु व 49570 रूपये नकद के साथ हिरासत पुलिस में लिया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा जा रहा है।

# गोविंदनगर के अवैध हुक्काबार में युवाओं को परोसा जा रहा था नशा, पुलिस ने पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** थाना गोविन्द नगर पुलिस द्वारा अवैध रूप से संचालित हुक्काबार से 7 अदद हुक्का मय 7 अदद चिलम मय 7 अदद पाइप व 2 अदद अन्य पाइप व तंबाकू के खुले हुये 3 अदद सफेद डिब्बे व कोयला (चारकोल) के खुला 1 अदद पैकेट व 2 अदद पीले व लाल रंग के इलेट्रानिक हीटर के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन सुदर्शन अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक गोविन्दनगर के निकट पर्यवेक्षण में अभिसूचना तंत्र से प्राप्त हुई कि पंजाब एंड सिंध बैंक वाली गली ब्लाक नं0 6 1/2 पंजाब एंड सिंध बैंक के ऊपर स्थित ड्रैगन हाउस हुक्का बार में अवैध रूप से हुक्काबार संचालित हो रहा है। प्राप्त सूचना के क्रम में दिनांक 25.03.2026 को थाना स्थानीय पर चौकी प्रभारी गोविन्द नगर मय फोर्स द्वारा ड्रैगन हाउस हुक्का बार को चेक किया गया तो पाया गया कि अवैध रूप से हुक्का बार



संचालित कर नवयुवाओं को नशा परोसने का कार्य किया जा रहा था, मौके पर चौकी प्रभारी गोविन्द नगर द्वारा ड्रैगन हाउस हुक्का बार में अभियुक्त से हुक्का बार चलाने का लाइसेंस मांगा गया तो कोई भी वैध कागजात दिखा नही सका मौके पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त अंकुश उर्फ अज्जू पुत्र तुलसीराम नि0 वरुण विहार बर्रा 8 थाना बर्रा कानपुर नगर उम्र करीब 18 वर्ष के कब्जे से 7 अदद हुक्का मय 7 अदद चिलम मय 7 अदद पाइप व 2 अदद अन्य पाइप व तंबाकू के खुले हुये 3 अदद सफेद डिब्बे व कोयला (चारकोल) के खुला 1 अदद पैकेट व 2 अदद पीले व लाल रंग का इलेट्रानिक हीटर बरामद हुआ।

## पूर्व प्रधान की हत्या करने वाले तीनों आरोपियों को भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** अवैध सम्बन्धों के चलते पूर्व प्रधान की सुनियोजित हत्या कर लाश बोरी में भर कर नहर में फेंकने वाले तीन आरोपियों में दो को जेल भेजने के बाद मांधाता पुलिस ने 25 हजार रूपए के ईनामी तीसरे आरोपी अरुण कुमार उर्फ रंजीत गौतम पुत्र राम आसरे निवासी बगियापुर थाना जेठवारा को मांधाता मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।18 मार्च की शाम प्रयागराज जाने के लिए घर से निकले मिश्रपुर मुश्तर्का गांव के पूर्व प्रधान गुलहसन उर्फ मुन्ना की चार दिन बाद मांधाता थाना के सुमेरपुर गांव के पास शारदा सहायक नहर में तैरती लाश मिली थी ।पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि गांव की महिला सुमन गौतम पत्नी अनिल कुमार गौतम से प्रधान गुलहसन का अवैध संबंध था। प्रधान से पीछा छुड़ाने के लिए सुमन गौतम ने भाइयों की मदद से पूर्व प्रधान को अपने मायके बगियापुर बुलाकर हत्या कर लाश बोरी में भर कर नहर मे फेंक दिया।पुलिस ने मुख्य महिला आरोपी सुमन गौतम तथा उसके भाई अतुल गौतम को पहले ही जेल भेज चुकी है। गुरुवार को तीसरे आरोपी अरुण कुमार उर्फ रंजीत गौतम 22 पुत्र राम आसरे को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## डीएम व एसपी ने पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशररणप्पा जी एन और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा सिद्धार्थनगर में स्थित जगदम्बा पेट्रोल पम्प बांसी स्टैंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशररणप्पा जी एन ने सुरक्षा व्यवस्था की जाँच और स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की गयी । निरीक्षण में पाया गया कि पेट्रोल पंप पर पर्याप्त स्टॉक है और वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है । जिलाधिकारी द्वारा पेट्रोल पंप के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वितरण व्यवस्था को बनाए रखने और किसी भी प्रकार की किल्लत न होने देने के लिए आवश्यक कदम उठाएं । उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं । निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सुरक्षित रहें ।

# डॉ विभा पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि मिलने पर हर्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** गोल्हौरा क्षेत्र के ग्राम ढेढुआ की बेटी डॉ. विभा पाण्डेय ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संगीत विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। डॉ. विभा पाण्डेय अवकाश प्राप्त निरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस सुधाकर पाण्डेय एवं वेदमती पाण्डेय की सुपुत्री हैं। उनके भाई प्रभात पाण्डेय सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, जबकि बहन प्रतिभा पाण्डेय गोरखपुर स्थित बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, रायबरेली से इंटरमीडिएट तक प्राप्त की। इसके पश्चात इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संगीत स्नातक (बी.म्यूज.) एवं प्रदर्शन कला में परास्नातक (एम.पी.ए.) की उपाधि हासिल की। आगे बढ़ते हुए उन्होंने संगीत विषय में शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की डिग्री अर्जित की।



वर्तमान में डॉ. विभा पाण्डेय वाराणसी में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संगीत गायन) के पद पर कार्यरत हैं और विद्यार्थियों को संगीत की शिक्षा दे रही हैं। पीएचडी उपाधि प्राप्ति के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पं. प्रेम कुमार मलिक, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. विशाल जैन सहित अन्य शिक्षाविद उपस्थित रहे। डॉ. विभा पाण्डेय की सफलता पर हरीश कुमार मिश्रा, प्रेम कुमार मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, विकास पाण्डेय, जय यादव, गिरजेश मणि, रविकांत पाण्डेय, राकेश त्रिपाठी, शिवानंद पाण्डेय, देवानंद पाण्डेय सहित अनेक लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं को मिला प्रशासनिक अनुभव, एक दिन की थानाध्यक्ष बनी सान्या दुबे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार बालिकाओं में प्रशासनिक अनुभव विकसित करने तथा शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता को नई दिशा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना नाराहट में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत सान्या दुबे को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष एवं प्रीति अहिरवार को उपनिरीक्षक बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने छात्राओं को पुलिस विभाग के कार्यों एवं जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया तथा आमजन की समस्याओं के समाधान में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला।

एक दिन की थानाध्यक्ष बनी सान्या दुबे ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने थाने में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं उपनिरीक्षक की भूमिका निभा रही प्रीति अहिरवार ने भी सक्रियता दिखाते हुए प्रशासनिक कार्यों को समझा और उसमें भागीदारी निभाई।

दोनों छात्राओं ने थाना परिसर में रखे अभिलेखों का अवलोकन किया तथा प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की प्रक्रिया को करीब से समझा। उन्होंने यह जाना कि किस प्रकार शिकायतों को दर्ज कर उनका विधिसम्मत समाधान किया जाता है। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने थाना परिसर का निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था की सराहना की।

इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजेश यादव, सुनील कुमार, प्रमेन्द्र सिंह, विवेक कुमार सहित विद्यालय प्रबंधक उमाकांत मिश्र एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रवि बने अखिल भारतीय खटीक महासभा के जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले जिले के होनहार युवा रवि खटीक पर भरोसा जताते हुए अखिल भारतीय खटीक महासभा रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. अभिषेक कुमार खटीक ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही उन्होंने आशा जताई है कि वह अखिल भारतीय खटीक महासभा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम करेंगे। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि खटीक ने कहा कि उन्हें संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे। इधर उनके जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन होने पर स्वजातीय बंधुओं ने उनका फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाते हुए स्वागत किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## जनता का प्रेम और विश्वास ही हमारी असली पूंजी: माता प्रसाद पांडेय



**सिद्धार्थनगर-** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और इटवा विधानसभा से विधायक माता प्रसाद पांडेय के इटवा स्थित आवास पर गुरुवार को एक भव्य फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मेजबानी संयुक्त रूप से नेता प्रतिपक्ष एवं इटवा ब्लॉक प्रमुख सूर्यमती पांडेय द्वारा की गई। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा रहा, बल्कि क्षेत्रीय सामाजिक और राजनीतिक संवाद के एक बड़े मंच के रूप में भी कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र से आए नागरिकों,प्रबुद्ध जनों और भारी संख्या में समर्थकों का तांता लगा रहा। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और ब्लॉक प्रमुख सूर्यमती पांडेय ने स्वयं आगंतुकों का स्वागत किया और उनसे कुशलक्षेम जानी। कार्यक्रम में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विभिन्न वर्गों के लोगों ने शिरकत की जो क्षेत्र में पांडेय परिवार की गहरी पैठ और लोकप्रियता को दर्शाता है। समर्थकों में अपने नेता के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। जलपान और फलाहार के साथ-साथ स्थानीय विकास और जनसमस्याओं पर भी अनौपचारिक चर्चाएँ हुई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है और उन्हें अपने क्षेत्र की जनता के सीधे संपर्क में रहने का अवसर मिलता है। ब्लॉक प्रमुख सूर्यमती पांडेय ने भी आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दिल्ली में होटलों और प्रवासी मजदूरों की परेशानी खत्म, कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई 50 प्रतिशत तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर का आवंटन 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। अब यह 1800 से बढ़कर 4500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन हो गया है। यह बढ़ी हुई सप्लाई तुरंत लागू हो गई है और इससे जरूरी सेवाओं, होटल, उद्योग और प्रवासी मजदूरों की जरूरतें बिना रुकावट पूरी होंगी। नई व्यवस्था के तहत एलपीजी वितरण को सात प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है, जिनके लिए कुल 4,500 सिलिंडर (19 किलो) प्रतिदिन तय किए गए हैं:- सप्लाई केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार की जा रही है, जिसमें पिछले तीन महीने की औसत खपत को आधार बनाया गया है और जरूरी सेक्टर को प्राथमिकता दी जा रही है।

**कड़ी निगरानी**

जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए माप तोल विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 70 संयुक्त टीमें पूरे दिल्ली में जांच कर रही हैं। नियम तोड़ने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, एलपीजी वितरण आदेश 2000 और भारतीय न्याय संहिता 2024 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सप्लाई सामान्य है और वितरण लगातार जारी है। दिल्ली के लोगों से अपील है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें फैलाएं।

## पेट्रोल पर पांच और डीजल पर तीन रुपये लीटर बढ़े, नायरा एनर्जी के पंपों पर लागू हुआ नया रेट

**अलीगढ़।** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। देश की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल पर पांच रुपये व डीजल पर तीन रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ाए हैं। जिले में नायरा के 35 पेट्रोल पंप हैं। हजारों उपभोक्ताओं को इनसे तेल खरीदने पर अतिरिक्त राशि खर्च करने पड़ेगी। खैर रोड स्थित राधारमन फिलंग प्वाइंट के संचालक भरत अग्रवाल बताया कि देश में ईंधन की कीमतों में उछाल आया है। नायरा के सभी पंपों पर यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस बढ़ोतरी के पीछे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों पर उतार चढ़ाव व परिचालन लागत में बढ़ोत्तरी है। उन्होंने बताया कि इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। कई राज्यों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गई हैं।

# शासकीय कुषाभाउ ठाकरे जिला अस्पताल बना लूट का अड्डा

### ● मरीज परेषान सिस्टम सवालों के घेरे में राजा सितलानी बेलगाम कार्यवाही की उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**शहडोल-** म.प्र. में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गम्भीर सवाल खड़े हो गए हैं, शासकीय कुषाभाउ ठाकरे जिला अस्पताल शहडोल में जो तस्वीर और आरोप सामने आ रहे वे न सिर्फ चिंता जनक है बल्कि पूरे सिस्टम के कार्यषैली पर बड़ा प्रष्नचिन्ह लगा है। संसनीखेज में मेडिकल सर्टी फिकेट को लेकर अस्पताल में 2000 लेकर मेडिकल सर्टीफिकेट बनाए जाने की बात सामने आ रही है, यदि यह सच है तो यह सीधे सीधे गरीब मरीजों के अधिकारों और सरकारी व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है, जिला चिकित्सा अधिकारी निष्क्रिता का परिचय देकर डॉक्टरों के ऊपर कोई लगाम नही एवं जिला अस्पताल सी.एम.ओ. के उपर कोई जबावदेही नजर नही दिख रही।

ओ.पी.डी. से नदारत रहते है, डॉक्टर - राजा सितलानी की हाजिरी का पता नही न कोई मरीज की इंट्री वेतन किस आधार पर मिल रही हुई षिकायत सी.एम. तक अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर को लेकर भी गम्भीर सवाल उठ रहे है, बताया जा रहा कि वे अक्सर ओ.पी.डी. से नदारत रहने वाले डॉक्टरों में राजा सितलानी पुनीत हर्ष भूपेन्द्र जैसे सर्जन सामिल है। दूर दराज से आए मरीजों को घंटो भटकना पड़ता है, सरकारी अस्पतालों का मूल उद्देष्य आम जन को सुलभ लाभ देना यदि डॉक्टर ही उपलब्ध न हो, तो व्यवस्था का क्या औचित्य रह जाता है।

**कमरा नं. 12 राजनीति का अड्डा सी.एम.ओ. के नाक के नीचे**

**खुलेआम हो रहा नियम विरूद्ध काम**

अस्पताल के भीतर ही कमरा नं. 12 को लेकर भी चर्चाए तेज है, कि यहां इलाज से ज्यादा राजनीतिक अखाड़ा देखने को मिलता है। अगर अस्पताल के कमरे में इलाज की जगह डॉक्टर की आपसी प्रतिस्पर्धा सियाषी गतिविधियों का केन्द्र बन जाए तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मरीजों के साथ अन्याय भी है।

**ए.टीम बनाम बी.टीम के अस्पताल में खुलेआम दिख रही गुटबाजी,**

मुखविर सूत्रों के अनुसार अस्पताल में डाक्टरो के दो गुट सक्रिय बताए जा रहे है पर सी.एम.ओ. एवं जिला चिकित्सा अधिकारी के कान में न सुनाई देता, न दिखायी देता। ए टीम में पुनीत, राजा, हर्ष, और भूपेन्द्र शामिल है। वहीं बी टीम में अ.बी.अ. जैसे शब्दो वाले डॉक्टर बी टीम में मेहनतकष ओ.टी. के साथ आपरेषन थ्रियेटर में नजर आने के बाद ए टीम की धौस सुनते है।

**बिना पैसे आपरेषन नही**

प्रदेष के मुखिया एवं प्रभारी मंत्री तक पहुची षिकायत शीघ्र दिखेगा बदलाव सबसे गम्भीर आरोप यह है कि बिना पैसे आपरेषन ए टीम द्वारा नही हो रहे मरीजों को कथित तौर पर हलाकान किया जा रहा है, और अपने अपने प्रायवेट अस्पतालों में बुलाकर सजरी कराने का दबाव भी बनाया जा रहा, यदि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर निजी अस्पतालों की ओर मरीजों को मोड़ रहे है, तो यह आचार संहिता और सेवा भावना दोनों के खिलाफ है। दोनों टीम एक दूसरे पर आरोप लगाकर अस्पताल की सारी व्यवस्था पर अंकुष लगाने का प्रयास सी.एम.ओ. प्राथमिकता के तौर पर करना जरूरी है। वहीं जिला चिकित्सा अधिकारी शीघ्र संज्ञान में लेकर सच्चाई के आधार पर कार्यवाही करना न्याय संगत है।

सिस्टम से बड़े सवाल जिला चिकित्सा अधिकारी एवं एक चर्चित डॉक्टर सी.एम. के संज्ञान में यह पूरा मामला कई अहम सवाल खड़े करता है कि क्या जिला अस्पताल में भ्रष्टाचार की जड़े गहरी हो चुकी है, क्या गरीब मरीजों को जानबूझकर परेषान किया जा रहा है। क्या स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इन गतिविधियों की जानकारी है या नही सवाल ढेरों षिकायतों के बाद कार्यवाही न कर पनाह क्यो दिया जा रहा। जिम्मेदारों की जबावदेही जरूरी- यदि आरोपों में सच्चाई है तो यह सिर्फ एक अस्पताल का मामला नही बल्कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए चेतावनी है, जनता उम्मीद करती है कि स्वास्थ्य विभाग जिला प्रषासन और जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले की जॉच कर दोषियो पर कार्यवाही शीघ्र करे, न की दोषी एवं सेवा भाव का कार्य न करने के बाद चाटुकारिता एवं नियम विरूद्ध कार्य करने वालो के ऊपर प्रदेष के मुख्यमंत्री एवं पालक मंत्री तक बिन्दुवार जानकारी देकर कार्यवाही की उम्मीद जिले की जनता ने की है।

## खंभे पर तार जोड़ते समय करंट से युवक की मौत, विभागीय जांच शुरू




**भदोही।** मोढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा लालीपुर निवासी परमेंद्र गौतम (25) की बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। वह करियाव विद्युत उपकेंद्र पर बिजली विभाग के सहयोगी के रूप में कार्य करता था। बताया जाता है कि बुधवार देर शाम करीब 9 बजे लालीपुर फीडर के ग्राम सभा चकचंदा में तार टूटने की सूचना पर वह मरम्मत के लिए पहुंचा था। खंभे पर चढ़कर तार जोड़ने के दौरान उस समय लाइन बंद थी, लेकिन अचानक बिजली आपूर्ति चालू हो गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद दो युवकों ने गंभीर हालत में उसे मोटरसाइकिल से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपखंड अधिकारी पन्नालाल गौतम ने बताया कि मृतक विभाग का नियमित लाइनमैन नहीं था, बल्कि सहयोगी के रूप में कार्य करता था। उन्होंने कहा कि यह जांच कराई जा रही है कि किसकी लापरवाही से यह हादसा हुआ।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा-विद्यानगर-आनिपुर सड़क की बदहाल स्थिति से जनता त्रस्त



### ● जिम्मेदार विभाग मौन, जनता परेशान!
### ● PWD अधिकारियों की निष्क्रियता पर उठे सवाल।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा से विद्यानगर होते हुए आनिपुर तक जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क लंबे समय से अत्यंत खराब और जर्जर स्थिति में है। मरम्मत और नियमित रखरखाव के अभाव में यह सड़क अब लगभग आवागमन के योग्य नहीं रह गई है। सड़क के अधिकांश हिस्से टूटकर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं, जबकि कई स्थानों पर धूल और बालू का अत्यधिक जमाव देखने को मिल रहा है। हल्की हवा चलने पर भी धूल का गुबार उठता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, मरीज, वरिष्ठ नागरिक और आम यात्री गुजरते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी दैनिक यात्रा न केवल असुविधाजनक बल्कि अत्यंत जोखिमपूर्ण भी बन गई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग, विशेष रूप से PWD के अधिकारी, इस गंभीर समस्या पर लंबे समय से मौन बने हुए हैं। परिणामस्वरूप स्थिति दिन-प्रतिदिन और बिगड़ती जा रही है, जिससे आम जनता की परेशानी लगातार बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सड़क की शीघ्र मरम्मत की जाए, धूल नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय किए जाएं तथा नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द राहत मिल सके।

# बलिया में प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत: सिलसिला जारी ऑपरेशन के बाद बिगड़ी हालत, परिजनों का हंगामा और पथराव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** जनपद में प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक और मौत का मामला सामने आया है। जिराबस्ती स्थित आकाश नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद 22 वर्षीय प्रसूता कुसुम राजभर की वाराणसी ले जाते समय मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और सड़क जाम करने का प्रयास किया।

**क्या है पूरा मामला**

जानकारी के अनुसार, सुखपुरा थाना क्षेत्र के सुलतानपुर गांव निवासी कुसुम राजभर को बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक आशा कार्यकर्ता द्वारा आकाश नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। उनके साथ उनकी सास भी मौजूद थीं।

बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे डॉक्टरों ने प्रसूता का ऑपरेशन किया, लेकिन ऑपरेशन के तुरंत बाद ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। हालांकि, वाराणसी पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच नवजात शिशु सुरक्षित बताया जा रहा है।

**परिजनों का हंगामा और सड़क जाम**

घटना से गुस्साए परिजनों ने गुरुवार को अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने बलिया-सुखपुरा मार्ग को जाम करने का प्रयास किया, जिससे यातायात प्रभावित होने लगा।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। इसके बावजूद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के गेट पर ईट-पत्थर फेंककर अपना आक्रोश जाहिर किया।

**पुलिस ने संभाला मोर्चा**

मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया और परिजनों को शांत कराया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर उठे सवाल**

इस घटना के बाद एक बार फिर जिले में प्राइवेट नर्सिंग होम की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# बलिया में मां को बचाने उतरे बीटेक छात्र की मौत: रस्सी टूटने से कुएं में लगा सिर, गई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** बलिया जनपद के गड़वार थाना क्षेत्र के बड़सरी गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां मां को बचाने के प्रयास में एक होनहार बीटेक छात्र की जान चली गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, बड़सरी गांव निवासी छोटेलाल राम की पत्नी सुभावती देवी, जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है, बुधवार को घर से निकलकर गड़वार-रतसर मार्ग स्थित आरडी विद्यालय के पास पहुंच गई। इसी दौरान वह अचानक पास के एक कुएं में गिर गई।

जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। मौके पर मौजूद बच्चों ने कुएं से आवाज आने की बात बताई। परिजनों ने झांककर देखा तो सुभावती देवी कुएं में गिरी हुई थीं।

मां को बचाने के लिए उनके 23 वर्षीय बेटे मुन्ना ने बिना देर किए कुएं में छलांग लगा दी। उसने साहस दिखाते हुए रस्सी के सहारे मां को बांधकर ऊपर खींचवा दिया, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि, जब मुन्ना को बाहर निकाला जा रहा था, तभी अचानक रस्सी टूट गई और उसका सिर कुएं की दीवार से जोर से टकरा गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय युवकों की मदद से मुन्ना को बाहर निकाला गया और तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मुन्ना ने वर्ष 2024 में लखनऊ से बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

बड़ा भाई मन्नू राम दिल्ली में सीपीडब्ल्यूडी विभाग में जूनियर इंजीनियर है, जबकि छोटा भाई विवेक इलाहाबाद में सिविल सेवा की तैयारी कर रहा है। परिवार में चार बहनें भी हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार देर शाम मुन्ना का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मां बच गई, लेकिन बेटे की कुर्बानी ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत पिपरी में महिलाओं को मिला सुरक्षा और स्वावलंबन का पाठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नवाबगंज, गोंडा:** उत्तर प्रदेश शासन और पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण)' के तहत आज नवाबगंज थाना पुलिस ने ग्राम पिपरी में महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय और क्षेत्राधिकारी डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति / एंटीरोमियो टीम ने ग्राम पिपरी की महिलाओं और बालिकाओं को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए 'मिशन शक्ति अभियान 5.0' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों जैसे छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध और एसिड अटैक जैसी घटनाओं पर रोक लगाना है।

विशेष जोर दिया गया हर थाने पर स्थापित 'मिशन शक्ति केंद्र' पर, जहां महिलाएं अपनी शिकायतें बिना किसी झिझक के दर्ज करा सकती हैं। उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को यूपी आपातकालीन सेवा-112, वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, और एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तार से समझाया।?शारीरिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए, टीम ने गुड टच और बैड टच के बारे में भी बताया। महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए पैम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही, आज के दौर में बढ़ते साइबर अपराधों के मद्देनजर साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे अपनी ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति सतर्क रह सकें।

मिशन शक्ति टीम में उप निरीक्षक अंतिमा सिंह, आरक्षी प्रांशी यादव और आरक्षी सुनीता कुशवाहा शामिल रहीं, जिन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद कर उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।?इस अवसर पर थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल अपराधों को रोकना है बल्कि महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और वे बिना किसी डर के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं। ग्राम पिपरी की महिलाओं और बालिकाओं ने इस शिविर की सराहना की और इसे एक सकारात्मक पहल बताया।

# दुर्गा सप्तशती के हवन के साथ अखंड भंडारा का समापन आज

### ● नवरात्रि में पुण्य कार्य कर धर्म का ध्वजा रोहण कर गया शर्मा परिवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**शहडोल बिरसिंहपुर पाली-** नवरात्रि महापर्व में नगर के धर्मज्ञ पुरुष धीरेन्द्र शर्मा का परिवार ने नवरात्रि पर्व पर दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ ही अखंड भंडारा का विशाल आयोजन किया और उसे आखिरी तक निभाया है,इस महान पुण्य दायी कर्म से धर्म ध्वज का झंण्डा शिखर पर फहरा रहा है, जिसकी कीर्ति चहुं ओर फहरा रही है और इस पुण्य कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है। विदित होवे की पाली नगर में सिंहासनारूढ़ माँ जगत जननी बिरासनी देवी का मंदिर में दुनिया भर में मशहूर है, जहाँ पर लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन माता के दर्शन के लिए पहुंचते है, दूर दूर से माता के आस्था वान श्रद्धालुओं को ठंडक पहुंचा कर अपने हाथों से परोसते हुए जिस आत्मीयता और उदारता से लोगों को प्रसाद खिलाया है उसकी कीर्ति चहुओर फैल रही है और लोगों ने इस महान पुण्य दायी कार्य के लिए उन्हें साधू वाद दिया है। अखंड भंडारा का आयोजन नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रतिपदा से शुरू हो कर नवमी तक अनवरत रूप से चला, आज दुर्गा सप्तशती के पाठ, हवन के साथ भंडारा का समापन देर रात हो जायेगा। नवमी में कलश विर्सजन होता है, जिसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है ताकि सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद सहजता से सुलभ कराया जा सकें।

इस भंडारा कार्यक्रम में एक और खासियत देखने में आयी जो अन्य भंडारों में कम ही देखने को मिलती है वह थी की भंडारा में पाली नगर के सभी वर्गों को अलग अलग आमंत्रित कर भोजन कराना और उनको प्रतीक स्वरूप उपहार और कुछ मुद्रा दान करने की शर्मा परिवार को अन्य आयोजनों से अलग कर गयी ?। आपने नगर पालिका परिषद के पंचमी को शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग , व्यापारी वर्ग,और गणमान्य नागरिकों को आमन्त्रित कर उनको भोजन करा उनका सम्मान किया गया षष्ठी को नगर पालिका परिषद पाली के अधिकारी कर्मचारी और सफाई कर्मियों को निमंत्रण कर प्रसाद पश्चात तिलक कर प्रतीक चिह्न और लिफाफे भेंट किया गया।आज अष्टमी को महिला बाल विकास विभाग और नगर की विधवा, अनाथ, असहाय महिलाओं को भोजन कराने के बाद साड़ी, और लिफाफा देकर सम्मान किया गया। इस तरह नवरात्रि के पावन अवसर पर शर्मा परिवार ने जो पुण्य कर्म किया, वह समाज के लिए अनुकरणीय बनी हुई है।

## आजाद स्पोर्ट्स ने धोबहा हण्डिया को 6 विकेट से हराया




**सुरियावां** क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में राइजिंग क्रिकेट अकादमी धोबहा प्रयागराज व आजाद स्पोर्ट्स क्लब मेढ़ी के बीच एक मैच खेला गया जिसमें टॉस धोबहां की टीम ने जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया निर्धारित 35 ओवर के मैच मे 29वे ओवर में सभी विकेट खोकर 148 रन बनाए जिसमें मंगेश यादव ने 31 रन, बंटी सिंह ने 22 रन व आदित्य ने 13 रनों का योगदान किया। इसके अलावा अन्य बल्लेबाज विशेष कुछ खास नहीं कर सके। गेंदबाजी में आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से अभिषेक कुमार व गौरव ने तीन-तीन विकेट विवेक गौतम ने दो विकेट तथा कुनाल सिंह व विजय कुमार ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में उतरी आजाद स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने यश राजपूत व विशाल यादव की ठोस शुरुआत की बदौलत 21वे ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।12 वर्षीय यश राजपूत नाबाद 55 रनों की पारी खेली उसके अलावा विशाल यादव ने 28 रन, संदीप कुमार बिंद ने 24 रन व विजय कुमार ने 12 रन बनाए। धोबहां की तरफ से गेंदबाजी में सत्या, अजय, बीपीन व राजन को 1-1 विकेट मिले। मैच के निर्णायक की भूमिका में राजकुमार यादव व शिवांश पाण्डेय स्कोरर अभिषेक सिंह रहे।

## नव वर्ष की टीएलएम प्रदर्शनी में शिक्षकों की भागीदारी



**भदोही:-** प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर औराई के सहायक अध्यापक शिव सागर पाल और प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर औराई के सहायक अध्यापक सज्जाद अहमद ने नव वर्ष की टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) प्रदर्शनी में भाग लिया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा तैयार की गई नवीनतम और प्रभावी टीएलएम का प्रदर्शन करना था, जो बच्चों के कौशल विकास और उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ावा देने में सहायक हो। शिव सागर पाल ने अपने परिचय में कहा, 'मैं शिव सागर पाल, सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर, औराई, भदोही हूं। इस प्रदर्शनी में मैंने 'खेल-खेल में शिक्षा' के तहत एक टीएलएम प्रदर्शित की है, जिसका उद्देश्य बच्चों को खेलों के माध्यम से गणना, वर्णमाला और अन्य बुनियादी शैक्षिक कौशल सिखाना है। यह टीएलएम बच्चों की शारीरिक और मानसिक सक्रियता को बढ़ावा देती है, साथ ही शिक्षा को मनोरंजक बनाती है।' वहीं सज्जाद अहमद ने कहा, 'मैं सज्जाद अहमद, सहायक अध्यापक, प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर, औराई, भदोही हूं। इस प्रदर्शनी में मैंने 'नवाचार' के तहत एक टीएलएम प्रदर्शित की है, जिसका उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक सोच और समस्या समाधान कौशल विकसित करने में मदद करना है। यह टीएलएम बच्चों को न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी सक्षम बनाती है।' इन दोनों शिक्षकों का मानना है कि इस तरह की टीएलएम बच्चों के शिक्षा के अनुभव को और भी प्रभावी और रोचक बना सकती है, जिससे उनका समग्र विकास हो सके।